दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 05 | जयपुर | गुरूवार, 07 नवम्बर, 2024 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष षष्ठी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


# डोनाल्ड ट्रम्प को बहुमत

## 20 जनवरी को रचेंगे इतिहास

## ट्रम्प बनेंगे अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने बाजी मार ली है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ट्रंप ऐसे पहले राष्ट्रपति बन गए हैं, जिन्होंने 4 साल के अंतराल पर दोबारा जीत हासिल की है। ट्रंप 2016 में पहली बार राष्ट्रपति बने थे।

132 साल पहले ग्रोवर क्लीवलैंड 2 बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। उन्होंने 4 साल के अंतराल पर 1884 और 1892 के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। ट्रंप, राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले अमेरिका के इतिहास के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति होंगे। दरअसल, 20 जनवरी को जब ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे तो उनकी उम्र 78 साल 221 दिन होगी।

### कौन हैं अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति?

फिलहाल अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति जो बाइडन हैं। जब उनका कार्यकाल खत्म होगा, तब उनकी उम्र 82 साल होगी। साल 2020 में जब राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडन ने शपथ ली थी, तो उस समय उनकी उम्र 78 साल 61 दिन थी। वहीं, जो बाइडन से पहले ट्रंप ने साल 2016 में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। उस समय उनकी उम्र 70 साल 220 दिन थी।

### अमेरिका के सबसे युवा राष्ट्रपति थे थिओडोर रूजवेल्ट

अमेरिका का सबसे युवा राष्ट्रपति थिओडोर रूजवेल्ट थे। साल 1901 में जब वो राष्ट्रपति बने तो उनकी उम्र 42 वर्ष, 322 दिन थी। इसके बाद अमेरिका के दूसरे सबसे युवा राष्ट्रपति जॉन फिट्जगेराल्ड कैनडी थे। उन्होंने 43 साल 236 दिन की उम्र में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी।

उनका कार्यकाल 20 जनवरी 1961 से 22 नवंबर 1963 तक था। कैनेडी अमेरिका के 35 वें राष्ट्रपति थे। साल 1963 में 22 नवंबर को टेक्सास में उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा, बिल क्लिंटन देश के तीसरे सबसे युवा राष्ट्रपति थे। साल 1993 में जब उन्होंने शपथ लिया था, तो उनकी उम्र 46 वर्ष, 154 दिन थी।



### जीत के बाद ट्रम्प की स्पीच, कहा-असंभव को संभव कर दिखाया

जीत के बाद अमेरिकी लोगों को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा- एक बार फिर से अमेरिका को महान बनाऊंगा। भगवान ने मेरी जान इसी दिन के लिए बचाई थी। ट्रम्प पर 13 जुलाई को पेंसिलवेनिया में हमला हुआ था। इसमें एक गोली उनके कान को छूकर निकल गई थी। हमले में उनकी जान बाल-बाल बची थी। ट्रम्प ने कहा- हमने वो कर दिखाया जो लोगों को असंभव लग रहा था। यह अमेरिका के इतिहास की सबसे शानदार जीत है। मैं देश की सभी समस्याओं को दूर करूंगा, अमेरिकी लोगों के परिवार और उनके भविष्य के लिए लडूंगा। अगले 4 साल अमेरिका के लिए अहम हैं। उन्होंने इलॉन मस्क की तारीफ करते हुए कहा- इलॉन एक स्टार हैं। चुनाव प्रचार में उन्होंने रॉकेट की तरह उड़ान भरी है।

## हायर एजुकेशन के लोन पर 75% क्रेडिट गारंटी मिलेगी

### पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को कैबिनेट की मंजूरी, 860 संस्थानों के 22 लाख छात्रों को फायदा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** नई दिल्ली में बुधवार को हुई मोदी कैबिनेट की बैठक में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी गई। इसमें हायर एजुकेशन के लिए 7.5 लाख रुपए तक के लोन पर भारत सरकार 75% क्रेडिट गारंटी देगी। 8 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के बच्चों को 10 लाख रुपए तक के लोन पर 3% ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा। 4.5 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले छात्रों को पहले से पूर्ण ब्याज अनुदान मिल रहा है। इस योजना के दायरे में देश के प्रमुख 860 हायर एजुकेशन सेंटर्स के 22 लाख से अधिक छात्र आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कहा गया- इस योजना का उद्देश्य मेधावी छात्रों को सहायता प्रदान करना है, ताकि उनकी पढ़ाई में पैसा बाधा न बने। पीएम विद्यालक्ष्मी योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 का ही विस्तार है।

## हरदोई हादसे में 11 की मौत, सड़क पर बिखरी लाशें

### ऑटो पलटा तो तेज रफ्तार ट्रक ने रौंदा

बढ़ता राजस्थान

**हरदोई ( एजेंसी )।** हरदोई में डीसीएम (ट्रक) ने ऑटो को रौंद दिया। हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई। 4 गंभीर हैं। मरने वालों में 6 महिलाएं और 2 बच्चे भी हैं। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो उछलकर दूर जा गिरा। पूरी छत उड़ गई। अंदर बैठी सवारियां बाहर आ गिरीं। सड़क पर लाशें बिखर गईं। हादसा बुधवार दोपहर बिलग्राम थाना के रोशनपुर गांव के पास हुआ। पुलिस का कहना है- ऑटो बिलग्राम की तरफ जा रहा था। अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया, तभी सामने से आ रहे डीसीएम ने ऑटो को रौंद दिया। घटना के बाद डीसीएम चालक भाग गया। 7 की मौके पर मौत हो गई। 8 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने 4 को मृत घोषित कर दिया। एसपी नीरज कुमार जादौन ने बताया- दोपहर 12.30 बजे हादसे की सूचना मिली। मैं मौके पर पहुंचा।

## गुजरात के आणंद में बुलेट ट्रेन ट्रैक का पुल गिरा

### 3 की जान गई, एक शख्स का इलाज जारी

बढ़ता राजस्थान

**आणंद ( एजेंसी )।** गुजरात के आणंद में मंगलवार देर शाम बुलेट ट्रेन के लिए बनाए जा रहे ट्रैक का निर्माणाधीन पुल गिर गया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई। आणंद के फायर डिपार्टमेंट के अफसर धर्मेश गोर के मुताबिक, राजपुरा में पुल गिरने की सूचना मिली थी। इसमें 2 से 3 लोग फंसे हुए थे। मौके पर पहुंचकर हमने मलबे से दो लोगों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया था, जिसमें से एक की और मौत हो गई। इस तरह कुल 3 लोगों की जान गई है। बुलेट ट्रेन के 12 पुलों का निर्माण पूरा हो चुका मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारे के लिए गुजरात में कुल 20 नदी पुल में से 12 का निर्माण पूरा हो गया है। नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने यह जानकारी देते हुए बताया कि गुजरात के नवसारी जिले में खरेरा नदी पर 120 मीटर लंबा पुल हाल ही में पूरा हुआ है। इसके साथ ही 12 पुल का निर्माण पूरा कर लिया गया है। 508 किलोमीटर लंबा है ट्रैक मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन गलियारा कुल 508 किलोमीटर लंबा है।

## सीएम भजनलाल की जमानत निरस्त करने का प्रार्थना-पत्र खारिज

### अदालत ने कहा-प्रार्थी को प्रार्थना पत्र लगाने का अधिकार नहीं, सीएम बिना अनुमति गए थे विदेश

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** अदालत की अनुमति के बिना विदेश यात्रा पर गए सीएम भजनलाल शर्मा को दी गई अग्रिम जमानत को रद्द करने के लिए लगाए गए प्रार्थना पत्र को अदालत ने खारिज कर दिया हैं। जयपुर जिले की एडीजे-4 अदालत ने सांवरमल चौधरी द्वारा पेश किए गए प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए कहा कि प्रार्थी का यह प्रार्थना पत्र पोषणीय नहीं है।

पार्थी इस मामले में पीड़ित नहीं है, ना ही उसे इस मामले में कोई नुकसान या हानि हुई हैं। ना ही उसका कोई हित प्रभावित हुआ हैं। ऐसे में यह प्रार्थना पत्र अस्वीकार करते हुए खारिज किया जाता हैं। मामले मे सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से अधिवक्ता अश्विनी बोहरा ने भी पैरवी करते हुए प्रार्थी को प्राइवेट व्यक्ति बताते हुए प्रार्थना पत्र का विरोध किया था।

दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा गोपालगढ़ दंगा मामले में अग्रिम जमानत पर हैं। कोर्ट ने जमानत देते समय उन पर शर्त लगाई थी कि वे विदेश यात्रा पर जाने से पहले कोर्ट से अनुमति लेंगे। लेकिन सीएम बिना अनुमति ही दक्षिण कोरिया और जापान के दौरे पर चले गए थे। इसके बाद सांवरमल चौधरी ने अदालत में प्रार्थना पत्र लगाया था।

### प्रभावशाली लोग अदालत के आदेश का उल्लंघन कर रहे

सांवरमल चौधरी ने अदालत में 12 सितम्बर को प्रार्थना पत्र दायर करके कहा था कि गोपालगढ़ दंगा मामले में सीएम भजनलाल शर्मा, मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, पूर्व मंत्री जाहिदा खान सहित अन्य प्रभावशाली लोग आरोपी है। सीएम भजनलाल शर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं। केन्द्र में भी बीजेपी की सरकार हैं। सीबीआई केन्द्र सरकार के अधीन हैं। ऐसे में अभियोजन और सीबीआई इनका अप्रत्यक्ष रूप से सहायता कर रही हैं।

उन्होने कहा कि एक तरफ तो इस प्रार्थना पत्र पर सीबीआई कोई जवाब नहीं देती हैं। वहीं दूसरी तरफ अन्य आरोपियों की ओर से प्रार्थना पत्र लगाया जाता है कि अदालत बिना अनुमति विदेश जाने की शर्त को हटाए। उस पर सीबीआई शर्त हटाने का विरोध करते हुए कहती है कि अगर शर्त हटाई जाती है तो आरोपियों के फरार होने का खतरा है। इससे स्पष्ट है कि सीबीआई भेदभावपूर्ण कार्रवाई कर रही हैं।

## अकबरुद्दीन ने फिर किया 15 मिनट का जिक्र

### 2012 में कहा था- 15 मिनट के लिए पुलिस हटा लो, पता चल जाएगा ताकतवर कौन

बढ़ता राजस्थान

**संभाजीनगर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के विधायक अकबरुद्दीन ओवैसी मंगलवार को संभाजीनगर (औरंगाबाद) में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इस दौरान अकबरुद्दीन ने कहा- कैंपेनिंग का टाइम है 10 बजे, अभी 9:45 बजे हैं, अभी 15 मिनट बाकी हैं...

चुनावी सभा में आए लोगों से अकबरुद्दीन ने कहा, अरे भाई 15 मिनट बाकी है, सब्र करिए, न वो मेरा पीछा छोड़ रही है, न मैं उसका पीछा छोड़ रहा हूं। चल रही है, मगर क्या गूंज है। औवेसी के इस विवादित बयान को 12 साल पहले दिए गए भाषण से जोड़ा जा रहा है। दरअसल, 2012 में भी अकबरुद्दीन ने 15 मिनट वाला भड़काऊ बयान दिया था। तब कहा था- देश से 15 मिनट के लिए पुलिस हटा दो तो पता चल जाएगा, कौन ताकतवर है। अकबरुद्दीन ने पार्टियों की गारंटी पर उठाए सवाल अकबरुद्दीन ने अपनी स्पीच में महाराष्ट्र के प्रमुख नेताओं को चुनौती दी और पूछा कि क्या शरद पवार, अजित पवार, उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे जैसे नेता चुनाव के बाद उनकी वफादारी की गारंटी दे सकते हैं। उन्होंने पूछा, क्या शरद पवार यह आश्वासन देंगे कि वे चुनाव के बाद पीएम मोदी के साथ गठबंधन नहीं करेंगे? औवेसी बोले- क्या अजित पवार वोटों की गिनती के बाद शरद पवार के पास वापस न लौटने का वादा कर सकते हैं? क्या उद्धव ठाकरे यह गारंटी देंगे कि वे भाजपा में फिर से शामिल नहीं होंगे? और, क्या एकनाथ शिंदे चुनाव के बाद ठाकरे गुट से दूर रहने की कसम खा सकते हैं?



### अकबरुद्दीन ओवैसी के बयान के 4 पॉइंट्स...

**मैं** तो खुला बोल रहा हूं कि मैं मोदी-योगी का दुश्मन हूं। सुना है चुनाव प्रचार के लिए योगी आदित्यनाथ आने वाले हैं। योगी और नरेंद्र मोदी आपके आने के बाद अकबर भी आने वाला है।

**मॉब** लिन्चिंग के नाम पर, बीफ के नाम पर, घर वापसी के नाम पर, सर पर टोपी पहनने के नाम पर, दाढ़ी के नाम पर जो तुम काट रहे हो, क्या ये तुम्हारी नफरत हिंदुस्तान को कमजोर नहीं कर रही है

**हिंदुस्तान** में जुल्म का शिकार अगर कोई है तो वो मुसलमान है, दलित है। ये मुल्क जितना तिलक लगाने वाले का है, सिर पर पगड़ी बांधने वाले का है, उतना ही दाढ़ी रखने वाले और सिर पर टोपी पहनने वाले का भी है।

**इन** लोगों के पास कोई विचारधारा नहीं है। इन्हें अगर कुछ चाहिए तो गद्दी चाहिए। अगर तुम अपने वोट का सही इस्तेमाल नहीं करोगे तो कोई भी तुम्हारा वोट लेकर हिंदुत्व के कदमों में डाल देगा।

### एनसीपी घड़ी सिंबल विवाद

## सुप्रीम कोर्ट बोला- समय बर्बाद न करें

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीपी (अजित गुट) से कहा कि अखबारों में 36 घंटे के भीतर डिस्क्लेमर छपवाएं कि घड़ी चुनाव चिह्न का मामला कोर्ट में है। शीर्ष कोर्ट ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों धड़ों शरद पवार गुट और अजित पवार गुट से ये भी कहा कि कोर्ट में अपना समय बर्बाद न करें, बल्कि वोटरों को लुभाएं। कोर्ट में बुधवार को नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिह्न घड़ी को लेकर सुनवाई हुई। एनसीपी के दो धड़े हैं- अजित गुट और शरद गुट। याचिका शरद पवार ने याचिका लगाई है।

इसमें कहा कि अजित गुट अदालत का आदेश नहीं मान रहा, इसलिए उसे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में घड़ी चिह्न के इस्तेमाल से रोका जाए।






## जेएण्डके विधानसभा में 370 बहाली का प्रस्ताव पास : बीजेपी विधायकों का हंगामा, दस्तावेज की कॉपी फाड़ीं; सीएम उमर अब्दुल्ला का पुतला जलाया

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने राज्य के स्पेशल स्टेटस (अनुच्छेद 370) को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। हालांकि, बीजेपी विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे।

बीजेपी का आरोप था कि स्पीकर ने मंत्रियों की बैठक बुलाई और खुद ही प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया। इसके बाद विधायकों ने बेंच पर चढ़कर हंगामा किया। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वहीं बीजेपी अध्यक्ष सत शर्मा की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होकर जम्मू-कश्मीर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी का पुतला भी जलाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह कर रही है और कहा कि कोई भी विधानसभा अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकती।

प्रस्ताव में लिखा- सरकार जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस पर बात करे सदन की कार्रवाई शुरू होते ही जम्मू-कश्मीर के डिप्टी ष्टरू सुरिंदर चौधरी ने विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया, जिसे केंद्र ने 5 अगस्त, 2019 को रद्द कर दिया था। इसमें कहा गया, 'राज्य के स्पेशल स्टेटस और संवैधानिक गारंटियां महत्वपूर्ण हैं। यह जम्मू-कश्मीर की पहचान, कल्चर और लोगों के



अधिकारों की सुरक्षा करता है। विधानसभा इसे एक तरफा हटाने पर चिंता व्यक्त करती है। भारत सरकार राज्य के स्पेशल स्टेटस को लेकर यहां के प्रतिनिधियों से बात करे। इसकी संवैधानिक बहाली पर काम किया जाए। विधानसभा इस बात पर जोर देती है कि यह बहाली नेशनल यूनिटी और जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छाओं, दोनों को ध्यान में रख कर की जाए। निर्दलीय विधायक शेख खुर्शीद और शब्बीर कुल्ले, पीसी प्रमुख सज्जाद लोन और पीडीपी विधायकों ने इसका समर्थन किया।


सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

# जल जीवन मिशन घोटाला मामला : सत्रह लाख रुपए में बनाए गए थे कम्पनी के फर्जी सर्टिफिकेट

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) में करीब नौ सौ करोड़ के घोटाले को लेकर पूर्व मंत्री महेश जोशी समेत बाईस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच के दौरान सामने आया कि फर्म मैमर्स श्री गणपति ट्यूबवेल के प्रोपराइटर महेश मित्तल और मैमर्स श्री श्याम ट्यूबवेल के प्रोपराइटर पदमचंद जैन के लिए सत्रह लाख रुपए में इरकॉन इंटरनेशनल कम्पनी के नाम से फर्जी सर्टिफिकेट बनाए गए थे। मुकेश पाठक ने ही पीएचईडी के सभी ऑफिस से भी इन फर्जी प्रमाण पत्रों के संबंध में सत्यापन के ईमेल का जवाब भी दिया। मामले की पहली लीड एक प्राइवेट ऑफिस सहायक मुकेश पाठक से मिली थी। एसीबी ने बाईस लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर में बताया कि दो महीने पहले इस केस की जांच करना शुरू किया। इसमें एसीबी का सबसे बड़ा टास्क था कि जिस आधार पर दोनों फर्मों (मैसर्स श्री श्याम ट्यूबवेल कम्पनी और मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी) ने टेंडर लिए, वह सही थे या नहीं। एसीबी को इनपुट मिला की महेश मित्तल ने अहमदाबाद निवासी मुकेश पाठक से फर्जी प्रमाण पत्र बनवाए हैं। इसके बाद एसीबी मुकेश पाठक तक पहुंची।

एसीबी में हुई पूछताछ के दौरान मुकेश पाठक ने कई चौंकाने वाली जानकारी दी। मुकेश ने महेश मित्तल के कहने पर फर्जी प्रमाण पत्र बनाने का काम किया। इसके लिए महेश से सत्रह लाख रुपए लिए थे। इसके एवज में फर्म श्री श्याम ट्यूबवेल कंपनी व फर्म श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी के नाम इरकॉन इंटरनेशनल कम्पनी के फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर महेश मित्तल को दिए थे। एसीबी ने इन सभी जानकारियों की पुष्टि के लिए मुकेश पाठक के जब्त मोबाइल फोन की एफएसएल जांच कराई।

मुकेश पाठक के इण्डियन ओवरसीज बैंक के खाते में महेश मित्तल के ट्रांसफर किए गए पैसों की भी जानकारी मिली। सबूतों की पुष्टि होने पर एसीबी ने जांच को आगे बढ़ाया। इसके आधार पर एसीबी ने बाईस लोगों के खिलाफ एफआईआर की स्वीकृति मांगी थी। जांच में सामने आया कि महेश मित्तल और मुकेश पाठक के बीच 3 जून 2023 से 25 जून 2023 के बीच मोबाइल पर कई बार बातें हुईं। महेश मित्तल और मुकेश पाठक के बीच इरकॉन के फर्जी कार्य पूर्णता प्रमाण पत्रों के लिए बातचीत होती थी। फोन पर महेश मित्तल मुकेश पाठक को दिल्ली इरकॉन के ऑफिस में जाने और अधिकारियों से सेटिंग कर रिश्वत राशि देकर फर्जी प्रमाण पत्रों के मामले को दबाने के लिए कहता था। 9 जून 2023 को महेश मित्तल ने अपने मोबाइल फोन से किसी कर्मचारी की बात मुकेश पाठक से करवाई थी।

कर्मचारी बताता है कि 7 जून को इरकॉन से पीएचईडी के पास फर्जी प्रमाण पत्रों के संबंध में पत्र और मेल आए हैं। एसीबी की जांच में इन बातचीत से स्पष्ट हो गया कि महेश मित्तल के कहने पर मुकेश पाठक दिल्ली पहुंचता था। पाठक मित्तल को कहता था कि मैं इरकॉन ऑफिस के अधिकारियों से फर्जी प्रमाण पत्रों के मैटर को दबाने के लिए सम्पर्क कर रहा हूं, लेकिन अभी तक काम नहीं बन पाया है। इसके अलावा दोनों के बीच विजय शंकर नाम के व्यक्ति के बारे में भी बातचीत हुई थी। विजय शंकर के नाम से फर्जी प्रमाण पत्र जारी किए गए थे।

एसीबी की जांच में सामने आया कि पदमचंद के खिलाफ एक शिकायत 16 फरवरी 2023 को दर्ज है। इसमें शिकायत करने वाले ने एसीएस पीएचईडी राजस्थान को मेल कर बताया था कि मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी द्वारा इरकॉन के फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर पीएचईडी विभाग राजस्थान की टेंडरों में भाग लिया गया है। इसके बाद भी विभाग की ओर से इस पर एक्शन नहीं लिया गया।

एसीबी जांच में ये भी सामने आया कि वकील मनीष कलवानिया ने 16 मार्च और 20 मार्च को लीगल नोटिस मैसर्स श्री गणपति ट्यूबवेल कम्पनी द्वारा इरकॉन के फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर पीएचईडी विभाग के टेंडर में भाग लेना व टेंडर लेने के सम्बंध में कार्रवाई के लिए प्रमुख शासन सचिव पीएचईडी जयपुर से लेकर तमाम अधिकारियों को दिया गया था, लेकिन किसी ने कोई एक्शन नहीं लिया। पुलिस महानिदेशक एसीबी रवि प्रकाश ने बताया कि उनकी टीम ने काफी समय तक इस पूरे केस पर काम किया। उनके पास जो जानकारी है। वह जांच करने के बाद सामने आई है। जांच में जो सामने आया वह एफआईआर में दी गई है। सभी को पूछताछ के लिए समय पर बुलाया जाएगा।



## जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य का गुलाबी नगरी जयपुर की पावन धरा पर आगमन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रामाज् कुर्तिज और रिसॉर्ट के एमडी मोहित टेलर ने जगद्गुरु रामभद्राचार्य को भगवान श्री राम की बनी छवि भेट की । चित्रकूट में तुलसी पीठ की स्थापना करने वाले रामभद्राचार्य विश्व के पहले दिव्यांग विश्वविद्यालय के संस्थापक और आजीवन कुलाधिपति है । रामभद्राचार्य संस्कृत, हिंदी, अवधी व मैथिली सहित कई भाषाओं के विद्वान हैं।

## गोपाष्टमी महोत्सव पर पिंजरापोल गौशाला में सजेगी गोवर्धन पर्वत की झांकी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** टोंक रोड स्थित श्री पिंजरापोल गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव 9 नवम्बर को सुबह 10 बजे से आयोजित किया जाएगा। अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद के अंतरराष्ट्रीय संजोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े गौ पूजन कर गोपाष्टमी महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। श्रद्धालु दिन भर गौ पूजन एवं गौ दर्शन कर सकेंगे। इस मौके पर गाय के गोबर से गोकाष्ठ बनाने की लाइव प्रस्तुति दी जाएगी। भारतीय नस्ल के गौवंश, जैविक खाद और जैविक उत्पाद, गौ आधारित कृषि, औषधीय पादप, स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। श्रद्धालु श्री गिरिराज पर्वत एवं गौ माताओं की परिक्रमा देकर गोपाष्टमी पर पुण्य कमा सकेंगे। साथ ही गौमाता के गोबर से बने उत्पादों को खरीद कर गौ संवर्द्धन अभियान में सहभागी बन सकेंगे। गाय के गौबर की लाख से बनी हुई चूड़ियां बिक्री के लिए उपलब्ध रहेगी।

## छह वर्षीय बालिका से नाबालिग ने किया दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर( का.स. )।** रामगंज थाना इलाके में एक छह वर्षीय बालिका से नाबालिग द्वारा रेप करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एसआईयू) उत्तर सुरेश महरानियां कर रहे है। पुलिस के अनुसार न्यू इंद्रा कॉलोनी जल महल रोड निवासी एक व्यक्ति ने मामला दर्ज करवाया कि वह घाटगेट बाजार में सब्जी का ठेला लगाता है। उसके साथ ही ठेला लगाने वाला एक नाबालिग उसकी छह वर्षीय बेटी को अकेला पाकर ले गया और उसके साथ गोदाम में ही दुष्कर्म किया। इसके बाद वह बालिका को वापस घर पर छोड़ गया। बालिका ने दर्द होने की शिकायत परिजनों को की और आरोपी की करतूत की भी जानकारी दी। इस पर परिजन बालिका को लेकर अस्पताल पहुंचे और जांच करवाई। जांच के बाद परिजनों ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना पांच नवम्बर की दोपहर एक बजे घाटगेट बाजार के एक गोदाम की है।

## प्रोफेसर आशा बक्शी को मिलेगा जेकेएलयू डिजाइन गुरू अवार्ड 2024

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर(का.स.)।** जेके लक्ष्मीपत यूनिवर्सिटी के डिजाइन इंस्टीट्यूट की ओर से डिजाइन गुरू डे का आयोजन नौ नवंबर को किया जायेगा। डिजाइन के क्षेत्र में विश्व विख्यात प्रोफेसर एमपी रंजन की मेमोरी में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्लोबल लेवल पर प्रतिष्ठित डिज़ाइन एजुकेटर प्रोफेसर आशा बक्शी को डिजाइन गुरू 2024 के अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम समन्वयक एवं यूनिवर्सिटी के डिजाइन इंस्टीट्यूट डायरेक्टर प्रोफेसर ए बालासुब्रमण्यम ने बताया कि फैशन और डिजाइन एजुकेशन के क्षेत्र में बक्शी के अभूतपूर्व योगदान के चलते उन्हें इस सम्मान के लिए चुना गया है। उन्होंने बक्शी के नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर फैशन और डिजाइन के क्षेत्र में दिए गए योगदान एवं उनके विभिन्न सम्मानों के बारे में विस्तार से बताया। सुब्रमण्यम ने बताया कि जेकेएलयू का यह एक प्रतिष्ठित सालाना पुरस्कार है, जिसे डिजाइन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान देने वाली शख्सियत को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि भव्य आयोजन के बीच यह सम्मान दिया जाएगा। गौरतलब है कि प्रोफेसर आशा बक्शी गत 35 वर्षों से फैशन और डिजाइन एजुकेशन पर काम कर रही है एवं देश ही नहीं पूरी दुनिया में उनकी विशेष पहचान है, वे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की फाउंडेशन सदस्य रही है।

## जयपुर पुलिस कमिश्नर नो नवम्बर को वैशाली नगर थाने में करेंगे जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ नौ नवम्बर(शनिवार) की सुबह ग्यारह बजे से दो बजे तक पुलिस थाना वैशाली नगर में जन सुनवाई करेंगे। इस जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (अपराध) कुँवर राष्ट्रदीप, पुलिस उपायुक्त पश्चिम पूर्व अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त पश्चिम, सहायक पुलिस आयुक्त वैशालीनगर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र वैशाली नगर जयपुर (पश्चिम) के परिवादियों की जनसुनवाई की जाएगी।

# गलता तीर्थ पर छठ पूजा की तैयारियों को जिला प्रशासन ने दिया अंतिम रूप

## जिला प्रशासन ने मंदिर परिसर में की नियंत्रण कक्ष की स्थापना

### मंदिर में लाइटिंग, साफ-सफाई की व्यवस्था दुरुस्त, कुंड पर तैनात किये गोताखोर

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** आगामी छठ पूजा के पर्व को देखते हुए जयपुर जिला प्रशासन ने मंदिर ठिकाना गलता जी परिसर में आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने बताया कि मंदिर ठिकाना गलता जी में कार्यरत समस्त स्टाफ द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक खातों में वेतन जमा कराया जा चुका है। उनके बैंक खातों एसबीआई, आईसीआईसीआई, एचडीएफसी बैंक, इलाहाबाद बैंक, यूको बैंक, यूनियन बैंक, आदि बैंकों में विभिन्न बैंकों में है। जिसकी पुष्टि उनके द्वारा किये जाने पर बकाया भुगतान की राशि भी शीघ्र उनके बैंक खातों में जमा करा दी जावेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा छठ पूजा के लिए मंदिर परिसर में जिला प्रशासन का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। चिकित्सा विभाग की टीमों की तैनाती की गई है। मंदिर की सजावट एवं लाइटिंग के साथ-साथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई हेतु व्यापक स्टाफ भी लगाया जा चुका है। उन्होंने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा भी छठ पूजा हेतु अपने कर्मियों को लगाया जा चुका है। दर्शनार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु पर्याप्त मात्रा में पुलिस स्टाफ को लगाया गया है एवं सिविल डिफेन्स द्वारा कुण्डों पर गोताखोरों को तैनात किया गया है। जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पीने के पानी की व्यवस्था भी की गई है। इन सभी व्यवस्थाओं का निरीक्षण उपखण्ड अधिकारी जयपुर प्रथम एवं उपखण्ड अधिकारी उत्तर द्वारा निरंतर किया जा रहा है।

## चौबीस सौ तीर्थों के जल-रज लेकर शांतिकुंज से छोटीकाशी पहुंचा ज्योति कलश रथ

# गायत्री शक्तिपीठ वाटिका में स्वागत करने उमड़े श्रद्धालु

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** मनुष्य में देवत्व और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के भागीरथी संकल्प के साथ अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की ज्योति कलश रथ यात्रा बुधवार को जयपुर पहुंची। पुष्कर से आई ज्योति कलश रथ यात्रा ने रिंग रोड से जयपुर में प्रवेश किया। यहां से वाहन रैली के रूप में रथ यात्रा को वाटिका बस स्टैंड तक लाया गया। अंबेडकर सर्किल पर समाज के सर्व समाज ने पुष्प वर्षा कर ज्योति कलश रथ यात्रा का स्वागत किया। यहां से गाजेबाजे और कलश यात्रा के साथ नगर भ्रमण कराया गया। शांतिकुंज हरिद्वार से आए कलश में 2400 तीर्थों का जल और रज है। वहीं, अखंड ज्योति 1926 से प्रज्जवलित है। ज्ञान यज्ञ की ज्योति जलाने हम घर घर में जाएंगे, नया जमाना नया सवेरा इस धरती पर लाएंगे..., हम बदलेंगे युग बदलेगा- हम सुधरेंगे-युग सुधरेगा..., मानव मात्र एक समान-एक पिता की सब संतान...जैसे जयघोष लगाते रथ यात्रा जिधर से भी गुजरी लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। विभिन्न मार्गों से होते हुए ज्योति कलश रथ यात्रा वाटिका शक्तिपीठ पहुंची। यहां गायत्री परिवार जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा, गायत्री शक्तिपीठ वाटिका के व्यवस्थापक रणवीर सिंह चौधरी एवं ट्रस्टियों ने स्वागत और आरती की। सात नंवबर को सुबह गायत्री शक्तिपीठ वाटिका में गायत्री महायज्ञ के बाद रथ विभिन्न कॉलोनियों में भ्रमण करेगा।

**सृजन के साथ संघर्ष जरुरी- डॉ. चिन्मय पंड्या**

इससे पूर्व सुबह देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्याने सुबह तीर्थराज पुष्कर से ज्योति रथ कलश यात्रा का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस समय आसुरी शक्तियां अपना अस्तित्व बचाने के लिए पुरजोर लगा रही है।

# मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे...

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** श्री श्याम मित्र परिवार सेवा समिति, मुरलीपुरा स्कीम का 31वां वार्षिकोत्सव बुधवार को मुरलीपुरा सर्किल पर श्याम भजन संध्या के साथ मनाया गया। श्याम मित्र परिवार सेवा समिति , मुरलीपुरा स्कीम के अध्यक्ष कैलाश जांगिड़ ने श्याम भक्तों के साथ अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर श्याम भजन संध्या का शुभारंभ किया गया। फूलों से सजे दरबार में पुष्प और इत्र वर्षा के बीच रजनी राजस्थानी, मनोज शर्मा, अजय शर्मा, महेश परमार सहित अन्य भजन गायक श्याम प्रभु का भजनों से गुणगान किया।

गणेश वंदना के साथ शुरू हुई भजन संध्या में भजन गायकों ने मेरे शीश के दानी का सारे जग में डंका बाजे..., साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा..., कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है... जैसे भजन गाकर बाबा श्याम को रिझाया। इस मौके पर अनेक गणमान्य लोगों ने श्याम प्रभु के दरबार में हाजिरी लगाई। श्री श्याम मित्र परिवार सेवा समिति, मुरलीपुरा स्कीम की ओर से दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सभी का सम्मान किया गया। इससे पूर्व प्रतापनगर विस्तार स्थित माताजी के मंदिर से गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती चल रही थीं।

श्याम प्रभु के रथ के साथ निकली कलश यात्रा में श्रद्धालु हाथ में ध्वज थामे खाटूनरेश के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर कलशयात्रा का स्वागत किया गया। विभिन्न मार्गों से होते हुए कलशयात्रा मुरलीपुरा सर्किल पहुंची। यहां श्याम प्रभु की महाआरती हुई।

## एसआई भर्ती परीक्षा मामला

# रामू राइका के बेटे को पास करवाने में आया आरपीएससी चेयरमैन का नाम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में रामू राइका के बेटे को पास करवाने में आरपीएससी चेयरमैन का नाम सामने आ रहा है। रामू राइका के बेटे का इंटरव्यू चेयरमेन संजय क्षोत्रिय के बोर्ड ने लिया था और राइका की बेटी का इंटरव्यू कटारा के बोर्ड ने लिया था। इस बात का खुलासा एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की ओर से आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राइका व बाबूलाल कटारा सहित बारह के खिलाफ पेश चार्जशीट में हुआ है। इसमें आरपीएससी चेयरमैन संजय क्षोत्रिय का भी नाम है। चार्जशीट के अनुसार राइका ने अपने बेटे देवेश व बेटी शोभा को थानेदार बनाने के लिए परीक्षा से एक माह पहले ही पेपर हथिया लिया था। फिर इंटरव्यू में भी धांधली की थी। पहले से ही उसने बेटी की फोटो इंटरव्यू बोर्ड को दिखा दी थी। बेटे के इंटरव्यू से पहले राइका आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष संजय क्षोत्रिय से उनके सरकारी आवास पर मिला था। तब क्षोत्रिय ने कहा था कि देखते हैं। एसओजी की चार्जशीट को कोर्ट ने रिकॉर्ड पर लिया है। राइका के बेटे देवेश का इंटरव्यू आरपीएससी अध्यक्ष संजय क्षोत्रिय के बोर्ड में, बेटी शोभा का इंटरव्यू आरपीएससी सदस्य कटारा के बोर्ड ने लिया था। बेटे को 28 नंबर और बेटी को इंटरव्यू में 34 नंबर मिले थे। दरअसल राइका जानता था कि एसआई भर्ती का पेपर तैयार करने की जिम्मेदारी आरपीएससी सदस्य कटारा के पास थी। उसने कटारा से परीक्षा से करीब एक माह पहले पेपर व मॉडल-की ले ली थी। राइका की पूछताछ में आए तथ्यों के बाद एसओजी ने उसकी मौका तस्दीक कराई। राइका ने कटारा का वह कमरा बताया जहां उसने मोबाइल से पेपर की फोटो खींची। इसी तरह तत्कालीन अध्यक्ष का मकान बताया जहां वह बेटे के इंटरव्यू के दिन पहले अध्यक्ष से बात करने गया था। चार्जशीट के अनुसार लिखित परीक्षा के बाद रामूराम राइका ने कटारा से मिलकर इंटरव्यू में मदद के लिए कहा। कटारा बोला कि कौन अभ्यर्थी किस बोर्ड में यह अध्यक्ष तय करते हैं। कटारा ने अध्यक्ष से मिलने की सलाह दी। राइका आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष संजय क्षोत्रिय से मिला। बेटे देवेश के इंटरव्यू से पहले तीन दिन छुट्टी थी। इस दौरान ही राइका संजय क्षोत्रिय से मिलने गया था। उसने इंटरव्यू बोर्ड के अन्य सदस्यों से भी फोन पर बात की थी। चार्जशीट में लिखा है कि अध्यक्ष ने देवेश को अपने बोर्ड में लिया और 28 नंबर दिए।

## स्विगी लिमिटेड का आईपीओ 06 नवंबर 2024 को निवेशकों के लिए खुला

### 8 नवंबर 2024 को बंद होगा स्विगी का आईपीओ 11327.43 करोड़ रुपए जुटा रही है कंपनी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** स्विगी लिमिटेड का आईपीओ 6 नवंबर 2024 को निवेशकों के लिए खुला है और यह 8 नवंबर 2024 को बंद होगा। कंपनी इस आईपीओ के जरिए 11,327.43 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही है। प्रति इक्विटी शेयर का प्राइस बैंड 371 से 390 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसमें हर शेयर की फेस वैल्यू 1 रुपया है। निवेशक कम से कम 38 इक्विटी शेयरों और उसके गुणकों में बोली लगा सकते हैं। स्विगी लिमिटेड, जो भारत में एक प्रमुख ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफ़ॉर्म है, अपने शेयरों को बीएसई और एनएसई पर सूचीबद्ध करने की योजना बना रही है। इस ऑफर में 4,499 करोड़ रुपये के नए शेयर और विक्रय शेयरधारकों द्वारा 17.5 करोड़ से अधिक शेयरों की बिक्री शामिल है। कंपनी ने एंकर निवेशकों से 5,085.02 करोड़ रुपये पहले ही जुटा लिए हैं। इस आईपीओ का एक हिस्सा कर्मचारियों के लिए आरक्षित है और सब्सक्रिप्शन प्रक्रियाओं के लिए कंपनी ने बुक बिल्डिंग विधि अपनाई है।

# ज्ञान पंचमी पर भव्य आगम यात्रा, मां सरस्वती अनुष्ठानएवं तपस्वी अभिनंदन समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सेक्टर 4 श्री संघ में विराजित श्रमण संघीय जैन दिवाकरिया महासाध्वी डॉ श्री संयमलताजी म. सा.,डॉ श्री अमितप्रज्ञाजी म. सा.,श्री कमलप्रज्ञाजी म. सा.,श्री सौरभप्रज्ञाजी म. सा. आदि ठाणा 4 के सानिध्य में ज्ञान पंचमी पर भव्य आगम यात्रा, मां सरस्वती अनुष्ठानएवं तपस्वी अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। सर्वप्रथम चातुर्मास सहसंयोजक अशोक चौहान के निवास स्थान से राजस्थानी परिवेश में विशाल वरघोड़े के साथ आगम यात्रा विभिन्न मार्गो से जयकारों के साथ महावीर भवन में पहुंचकर धर्म सभा में परिवर्तित हुई। मंगलाचरण के पश्चात श्रुति देवी माता सरस्वती का अनुष्ठान संपन्न हुआ। धर्म सभा को संबोधित करते हुए महासती संयमलता ने कहा ज्ञान पंचमी के दिन श्रुत आराधना श्रुत उपासना की पूजा होती है। आज के ही दिन भगवान के 27वें पट्टधर अंतिम पूर्वधर आचार्य श्री देवर्द्धिगणी ने कंठस्थ चली आ रही श्रुत ज्ञान की परंपरा को पुस्तकारूढ करने का प्रारंभ किया। आज के ही दिन शास्त्र लिखने की पहली परिपाटी चालू हुई। साध्वी ने आगे कहा कि प्राचीन जैन कथा साहित्य में ज्ञान पंचमी कथा में गुण मंजरी और वरदत कुमार की कथा प्रसिद्ध है। इस कथा में यही बताया गया है कि ज्ञान की अशातना करने से ज्ञानावरणीय कर्म का बंद होता है जिस कारण प्राणी मूर्ख, मंदबुद्धि, गंगा या अज्ञानी रह जाता है। ज्ञान के प्रति मन में आदर भाव पैदा कीजिए। इस चातुर्मास में आठ और आठ उपवास से अधिक तपस्या करने वाले 150 भाई बहनों का बहुमान किया गया।

इस अवसर पर जोधपुर, पाली, हैदराबाद, बैंगलोर, पुणे, सूरत, मुंबई, सनवाड, फतहनगर एवं उदयपुर के अनेक उपनगर से श्रद्धालुओं ने उपस्थिति दर्ज करवाई।

# 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' की हो शत-प्रतिशत क्रियान्विति : सुधांश पंत

## मुख्य सचिव सुधांश पंत ने वीसी के जरिए सभी जिला कलक्टर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' को लेकर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( सुरेश शर्मा )।** मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बुधवार को सभी जिला कलक्टर व जिला स्तरीय अधिकारियों को वीसी के जरिए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' को लेकर मंथन शिविर में निर्देश दिए।

मुख्य सचिव पंत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 02 अक्टूबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' का शुभारंभ किया था। इसी क्रम में भगवान बिरसा मुंडा की 150 की जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को राष्ट्रीय स्तर से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। योजना का मुख्य उद्देश्य जनजातीय वर्ग के लोगों को सुरक्षित आवास, समुचित कनेक्टिविटी, जनजाति वर्ग के क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, वन संरक्षण आदि को बढ़ावा देना है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर को निर्देश दिए कि कार्यक्रम को लेकर समुचित गतिविधियां सुनिश्चित की जाएं तथा अभियान की शत-प्रतिशत क्रियान्विति हो। मुख्य सचिव ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए असीम संभावनाएं हैं। अभियान अंतर्गत इन संभावनाओं पर काम करें तथा सम्पूर्ण प्रादेशिक विकास को गति दें। जनजातीय वर्ग को शिक्षित, स्वस्थ व सुदृढ़ बनाने के लिए अधिकतम प्रयास करें। इस दौरान जिला मुख्यालय पर डीओआईअी वीसी सभागार से जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, सीईओ श्वेता कोचर सहित संबंधित अधिकारी वीसी के जरिए जुड़े रहे। जिला कलक्टर सुराणा ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को बैठक में अभियान को लेकर समुचित दिशा- निर्देश दिए।

### जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने अभियान को लेकर बैठक में सभी अधिकारियों को दिए निर्देश



जिला कलक्टर ने सभी अधिकारियों को गाइडलाइन को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि संबंधित अधिकारी अपने विभागीय पैरामीटर देखें और आवश्यकतानुसार गतिविधियां संपादित करें। इसी के साथ 15 नवंबर को आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। विशेष अभियान अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले शिविरों को लेकर रूपरेखा तैयार करें। उन्होंने मुख्य आयोजना अधिकारी से कहा कि अभियान को लेकर सभी विभागों से समन्वय करते हुए समुचित डाटाबेस तैयार करें तथा नियमित मॉनीटरिंग करें। इसी के साथ सभी अधिकारी मुख्य आयोजना अधिकारी को समुचित जानकारी उपलब्ध करवाएं।

# उदयपुर मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों ने जीते 13 स्वर्ण सहित 28 पदक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सापेटिया बेदला स्थित सीडलिंग स्कूल में आयोजित तृतीय डिस्ट्रिक्ट इंटरस्कूल कराटे प्रतियोगिता में परशुराम चौराहा, टेकरी स्थित उदयपुर मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 13 स्वर्ण, 9 रजत व 6 कांस्य पदक जीते एवम् टीम को एक्सीलेंट परफॉर्मेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। मुख्य प्रशिक्षक सेंसेई पंकज चौधरी ने बताया कि जयांश मेनारिया,निवान पाल,कनिष्का अग्रवाल, भूमि खेत्रा, दिशान खंडेलवाल,प्रिंस चौधरी,जयल जैन,आराध्य चौधरी,हियान मेनारिया,दिशा मेनारिया, दक्ष मीना,तान्वी पंड्या व विहाना मेनारिया ने स्वर्ण पदक,निरवी लोढ़ा,आकांक्षा राठौड़,ध्रुवराज सिंह राव,नैतिक जैन,प्रिंस चौधरी (काता),युवराज गुप्ता,दिलीप सिंह सारंगदेवोत,दर्श औदिच्य,हिमांगी शाह ने रजत पदक, भव्यान्शु सिंह,निवान पाल (काता),राघव शर्मा,जानवी मेनारिया,द्विज शर्मा व हितवीर चुघ ने कास्यं पदक जीतें। सभी पदक विजेता खिलाड़ी आगामी 25 व 26 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाले खेल कराटे स्कूल गेम्स में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# श्री राजपूत सभा द्वारा आयोजित दिपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में राजेंद्र सिंह राठौड़ का किया अभिनंदन



बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( नि.स. )।** श्री राजपूत समाज द्वारा दौसा में दिपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि राजेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व कैबिनेट मंत्री और कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजपूत सभा जयपुर राजस्थान केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई के द्वारा की गई। अध्यक्ष ने बताया कि समाज एक सूत्र में संगठित रहे। आए हुए अतिथियों का माला, साफा ,स्मृति चिन्ह और दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। सभी ने आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी प्रद्युम्न सिंह, मोहन सिंह, श्रवण सिंह, लोकेंद्र सिंह और अनिल सिंह सोलंकी समाजसेवी,हेम सिंह राठौड़, वीरेंद्र सिंह, गिरधर सिंह, सुरेंद्र सिंह , भागीरथ सिंह, महावीर सिंह,धर्मेंद्र सिंह, शंभू सिंह ,गोपाल सिंह ,उम्मेद सिंह, गोकुल सिंह , दुर्गेश कंवर, एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात दक्षिण आदि मौजूद रहे।

# सतरंगी दुनिया से दूर होकर तीन मुमुक्षु लेंगे जैन भगवती दीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** सतरंगी दुनिया को त्यागकर तीन मुमुक्षु नानेश पट्टधर जैनाचार्य प्रवर विजय राज म सा के पावन सानिध्य में जैन भगवती दीक्षा अंगीकार करेंगे। इस आशय की घोषणा स्वयं जैनाचार्य प्रवर ने उदयपुर में की। इस मौके पर ब्यावर जयपुर सहित देश के विभिन्न हिस्सों से भारी तादाद में श्रद्धालु श्रावक श्राविकाएं उपस्थित थे। श्री अखिल भारतीय साधुमार्गी शांत क्रांति जैन युवा संघ के पूर्व महामंत्री प्रकाश जैन ने बताया कि जैनाचार्य प्रवर विजय गुरुदेव ने दीक्षा महोत्सव का सुअवसर जयपुर श्री संघ को प्रदान किया। घोषणा का हर्ष हर्ष जय जय,वंदे वीरम वंदे वीरम जय महावीरम के उद्घोषों से स्वागत किया गया एवं श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य गुरु को वंदन नमन कर अभिनंदन किया।

# चूरू जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों में अब स्मार्ट क्लास

बढ़ता राजस्थान

**चूरू( नि.स. )।** चूरू जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों में अब इंटरेक्टिव बोर्ड के जरिए स्मार्ट क्लास में पढाई होगी। इस क्षेत्र में काम कर रही संस्था श्री गांधी बाल निकेतन, रतनगढ़ के सचिव राजीव उपाध्याय एवं कॉलेज प्रतिनिधि प्रोफ़ेसर अरविंद शर्मा के बीच बुधवार को जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के समक्ष एमओयू संपन्न हुआ। इस मौके पर जिला कलक्टर सुराणा ने कहा कि श्री गांधी बाल निकेतन की ओर से भामाशाहों के सहयोग से जिले के विभिन्न स्कूलों में इंटरेक्टिव बोर्ड लगाए गए हैं। अब जिले के राजकीय महाविद्यालयों को भी इस प्रोजेक्ट में शामिल किया जाना सराहनीय है। उन्होंने संस्था के सचिव राजीव उपाध्याय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भामाशाहों को इस रचनात्मक कार्य से जोड़ना अपने आप में महत्त्वपूर्ण कार्य है। इससे जिले के शैक्षणिक संस्थानों के कार्य में गुणवत्ता आएगी और विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। जिला कलक्टर ने संस्था द्वारा अस्पताल में दिए गए उपकरणों एवं अन्य कार्यों की भी सराहना की और कहा कि जिले में शिक्षा, चिकित्सा जैसे कार्यों के लिए अपनी मेहनत की कमाई दान करने की परम्परा बेहतरीन है।



उन्होंने अन्य भामाशाहों से भी अनुरोध किया है कि इस तरह के उपक्रमों में सहयोग करें ताकि ये संसाधन और ज्यादा लोगों तक पहुंच सकें। श्री गांधी बाल निकेतन के सचिव राजीव उपाध्याय ने बताया कि श्री गांधी बाल निकेतन द्वारा अब तक भामाशाहों के माध्यम से जिले के दो सौ से अधिक छात्रा संख्या वाले विद्यालयों में इंटरेक्टिव बोर्ड लगाए गए हैं। अब तक रतनगढ़, चूरू, सुजानगढ़ एवं बीदासर ब्लॉक में लगभग तीन करोड़ की लागत से 200 बोर्ड लगाए गए हैं। शेष ब्लॉक में भी इस प्रोजेक्ट को भामाशाहों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इस दौरान सहायक निदेशक (जनसंपर्क) कुमार अजय, डॉ एम एम शेख, नितेश शर्मा भी मौजूद रहे।

# रोटरेक्ट क्लब एश्वर्या व इन्टरेक्ट रॉकवुड को मिले चार्टर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब अन्तर्राष्ट्रीय ने आज रोटरेक्ट क्लब एश्वर्या व इन्टरेक्ट क्लब रॉकवुड को आज चार्टर प्रदान किया। रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि की संरक्षक डॉ. स्वीटी छाबड़ा ने बताया कि दोनों क्लब रोटरी क्लब दृष्टि क्लब द्वारा स्पोन्सर किये गये। उन्होंने बताया कि क्लब के लियें यह गौरव की बात है कि क्लब की अनुशंसा पर रोटरी क्लब अन्तर्राष्ट्रीय ने इन क्लबों को चार्टर प्रदान कर मान्यता प्रदान की। क्लब की यह नई शुरुआतयुवा इकाइयों को समाज सेवा और नेतृत्व के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने का अवसर प्रदान करेगी।

उन्होंने इसे क्लब के सभी सदस्यों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। और यह उपलब्धि सामाजिक विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक नया अध्याय है। और रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह चार्टर प्राप्ति इस यात्रा को और अधिक सार्थक बनाएगी।

# ब्यावर आगार के प्रबंधक निरंजन कुमार को कार्य में लापरवाही बरतने व आगार में खड़ी बसों के संचालन नहीं कर राजस्व हानि पहुँचाने के आरोप में थमाया नोटिस, 15 दिन में देना होगा जवाब

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर आगार के मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा को राजस्थान राज्य पथ परिवहन विभाग के एम. डी. पुरुषोत्तम शर्मा ने एक आदेश जारी कर उन्हें राजस्थान सिविल सेवाऐं (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के तहत नोटिस थमाया है। यह नोटिस उन्हें दैनिक संचालन परिणामों का प्रतिदिन गहन विश्लेषण, मोनेटरिंग एवं समीक्षा कर आगार को घाटे से उभारने के प्रयासों की बजाए लापरवाही बरतने के आरोप में थमाया है। उन्हें आगामी 15 दिवस में जवाब देने का आदेश भी दिया है। एम.डी. शर्मा ने अपने पत्र में बताया कि ब्यावर के मुख्य प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा ने ब्यावर आगार में उपलब्ध संसाधनों का पूर्ण उपयोग कर आगार के यात्रीभार एवं लाभप्रदता में वृद्धि लाते लेकिन उन्होने ऐसा नहीं किया। उन्होने यह भी बताया कि ब्यावर आगार के 4 नवम्बर 2024 के संचालन परिणामों का अवलोकन करने पर जानकारी मिली है कि ब्यावर आगार में 15 वाहन स्पेयर में खड़ी है। आपके आगार में परिचालकों की कमी की प्रतिपूर्ती हेतु मुख्यालय द्वारा आगार में पूर्व में स्वीकृत बस सारथियों की स्वीकृत संख्या 27 में से 20 की और वृद्धि कर बस सारथियों की कुल स्वीकृत संख्या 47 कर दी गयी थी। इसके बावजूद भी आप द्वारा 4 नवम्बर 2024 तक 0.85 हजार की तुलना में मात्र .36 हजार किमी ही



संचालित किये गये जो लक्ष्य की तुलना में 0.49 हजार (57.33 प्रतिशत) कम है। इसी लापरवाही के चलते निगम को भारी राजस्व हानि उठानी पड़ी जिसके लिए एम.डी. श्री शर्मा ने उन्हें जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होने यह भी आरोप लगाया है कि संचालन परिणामों की नियमित एवं प्रभावी मोनेटरिंग नहीं की जा रही है जो ब्यावर आगार के प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा की उदासीनता का घोतक है। एम.डी. शर्मा ने बताया कि ब्यावर आगार के प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा को मुख्यालय स्तर से बार-बार निर्देशित करने के बावजूद संचान परिणामों में अपेक्षित सुधार लाकर लक्ष्य अर्जित नहीं किया। इसी को घोर लापरवाही व उदासीनता मानते हुए उन्हें 17 का नोटिस थमाया है। एम.डी. श्री शर्मा ने बताया कि 15 दिवस में ब्यावर आगार के प्रबंधक निरंजन कुमार शर्मा अपना जवाब निम्नहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत करने व इस विषय में सम्बन्धित अभिलेख का निरीक्षण करना चाहे तो उक्त अवधि में निम्न हस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में उपस्थित होकर कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि उक्त आगार प्रबंधक से जब भी किसी मामले में शिकायत की गई तो बजाए उन पर ध्यान देने के वह उन्हें पनाह दिया करते थे। रोडवेज स्टेण्ड पर भी कई तरह की अनियमितताओं को लेकर ब्यावर के डेली जाने वाले लोगों ने एम.डी. को शिकायत की है।

# दो अभियुक्त गिरफ्तार, बरामद ट्रेलर की बाजार कीमत करीब 60 लाख रुपये

## रात्रि के समय ड्राईवर से छीनकर ले गये ट्रेलर को 12 घण्टे से भी कम समय में किया बरामद

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिछूराम सैनी )।** स्थानीय थाना पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ढ़ाबे पर खड़े ट्रेलर को दो व्यक्तियों द्वारा ड्राईवर से छीनकर ले जाने के मामले में कार्यवाही करते हुये ट्रेलर को बरामद करने व आरोपियान को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। एसपी राजन दुष्यन्त ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत 04 नवम्बर की रात्रि को एनएच 48 पर स्थित ढ़ाबे पर खड़े ट्रेलर को दो व्यक्तियों द्वारा ड्राईवर से छीनकर ले जाने की घटना को गंभीरता से लेते हुये त्वरित कार्यवाही कर ट्रेलर को बरामद करने व आरोपियान की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये थे। जिस पर एएसपी वैभव शर्मा के निर्देशन व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के सुपरविजन में थानाधिकारी राजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा कड़ी मेहनत व लगन से कार्य करते हुये घटनास्थल के आसपास व हाईवे, टोल नाकों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेजों का विश्लेषण करते हुये तकनीकी सहायता एवं आसूचना संकलन कर 12 घण्टे से भी कम समय में चोरी किये गये ट्रेलर नम्बर आर जे 52 जीए 1122 को ईलाका थाना पाटन से बरामद किया गया तथा उक्त वारदात को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण दातारसिंह (40) पुत्र जगरुपसिंह राजपूत निवासी कारोली थाना प्रागपुरा व ओमप्रकाश (50) पुत्र बिरजूसिंह राजपूत निवासी कारोली थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण से गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

# लक्षद्वीप में एनसीसी राष्ट्रीय-स्तरीय कैंप (एसएनआईसी) में एनसीसी केडेट्स एसओयू समृद्धि वर्मा का चयन ,एनसीसी निदेशालय राजस्थान का करेगी प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( नि.स. )।** केकेसी पीजी महाविद्यालय सरदारशहर की एनसीसी केडेट्स एसओयू समृद्धि वर्मा का स्पेशल नेशनल इंटिग्रेशन कैम्प, लक्षद्वीप (एसएनआईसी कैंप) में चयन हुआ है। एनसीसी प्रभारी विरेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि एक राष्ट्रीय स्तर का कैम्प है जो लक्षद्वीप में आयोजन होगा । इस कैम्प में भारत के सभी एनसीसी निदेशालय के एनसीसी केडट्स तथा एनसीसी अधिकारी, आर्मी ऑफिसर्स भाग लेंगे। राष्ट्रीय स्तर के कैंप में एनसीसी निदेशालय राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेगी। टू राजस्थान एनसीसी बटालियन चूरू,महाविद्यालय प्राचार्य सहित पूरे महाविद्यालय परिवार ने एनसीसी कैडेट्स सीनियर अंडर ऑफिसर समृद्धि वर्मा को शुभकामनाएं दी तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए प्रोत्साहित किया।




**DY. CONSERVATOR OF FOREST WILDLIFE JAIPUR (Rural)**

File No.F03(19)Store/DcfWL/2024-25/5521

Date:- 30/10/24

**Notice Inviting**

Tile, Plaster repair & Colour paint Work at Range Jamwaramgarh Rest House (As per G- Schedule) are invited from interested bidders from 30.10.2024 (4:00 P.m.) to 08.11.2024 (5:00 p.m. noon). Other particulars of the bid may be visited on the SPPP portal (http://sppp.raj.nic.in) on the state; and https://forest.rajasthan.gov.in departmental website. The approximate value of the procurement is Rs 1,53,000/-

**UBN-FOR2425WSOB01516**

Dy. Conservator of Forest Wildlife Jaipur (Rural)

DIPR/C/10869/2024

## सम्पादकीय

# इंटरनेट की दुनिया का भ्रम तथ्य के रूप में प्रयोग करने पर लग सकते हैं चोरी के आरोप

इंटरनेट का चलन शुरू होने के बाद ज्ञान और विमर्श की दुनिया काफी सहज और विस्तृत हो गई थी। कहा गया कि यह दुनिया के सबसे बड़े पुस्तकालय के रूप में काम करेगा। यहां तमाम सूचनाएं, अध्ययन, विचार-विमर्श, ज्ञानात्मक सामग्री एक बटन दबाने भर से उपलब्ध हो जाएंगे। निस्संदेह ऐसा हुआ भी। मगर जिस तरह सूचनाओं का आदान-प्रदान एक बड़े व्यवसाय के रूप में आकार लेता गया, उसमें नकल और चोरी बढ़नी शुरू हो गई। भ्रामक, आधी-अधूरी, भड़काऊ, उत्तेजना पैदा करने वाली जानकारियों की भरमार होती गई। इंटरनेट पर विकिपीडिया नामक मंच इसी मकसद से शुरू किया गया था कि वहां व्यक्तियों, घटनाओं, इतिहास, भूगोल, विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों आदि से संबंधित तमाम जानकारियां एक जगह उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस मकसद में यह मंच काफी सफल भी हुआ।

मगर चूंकि इसे एक खुले मंच के तौर पर विकसित किया गया है, कोई भी व्यक्ति उससे जुड़ कर वहां उपलब्ध सामग्री को संपादित कर सकता है। उसके गलत तथ्यों को दुरुस्त कर या नए तथ्य जोड़ सकता है, इसमें मनमानी के अवसर अधिक हैं। कोई भी व्यक्ति अपने विचारधारात्मक दुराग्रहों के चलते तथ्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है, उन्हें तोड़-मरोड़ कर या भ्रामक ढंग से पेश कर सकता है। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं और यह सिलसिला लगातार बढ़ता देखा जा रहा है। चूंकि बहुत सारे लोग पुस्तकालयों की खाक छानने, मूल पुस्तकों या दस्तावेजों को खंगालने के बजाय विकिपीडिया जैसे इंटरनेट माध्यमों को सुगम मानने लगे हैं, वे वहां मौजूद भ्रामक और गलत जानकारियों को सही मान कर तथ्य रूप में पेश करते देखे जाते हैं। इससे कई बार विचित्र स्थिति पैदा हो जाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष वकीलों को स्पष्ट हिदायत दी थी कि वे कानूनों का हवाला देने के मामले में विकिपीडिया पर निर्भर न रहें, मूल स्रोतों का ही उपयोग करें। तब भी विकिपीडिया की जवाबदेही रेखांकित हुई थी। अब केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने विकिपीडिया को पत्र लिख कर पूछा है कि आपको क्यों न सूचना प्रदाता मंच के बजाय एक प्रकाशक माना जाए। देखना है, विकिपीडिया इस पर क्या जवाब देता है। पर हकीकत यही है कि विकिपीडिया अपने स्वरूप में एक प्रकाशक की तरह ही काम करता है। प्रकाशक को सूचना और बौद्धिक संपदा से जुड़े कानूनों का पालन करना अनिवार्य होता है। इस तरह वह अपने किसी भी प्रकाशन के प्रति कानूनी रूप से जवाबदेह होता है। विकिपीडिया उन जवाबदेहियों से मुक्त है। कोई भी ऐसा मंच, जो ज्ञान की एक शाखा के रूप में काम करता है, उसे इस तरह मुक्त नहीं छोड़ा जा सकता कि वह तथ्यों का मनमाना उपयोग करे। विकिपीडिया का सर्वाधिक उपयोग विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, शोध संस्थानों आदि से संबद्ध लोग करते हैं। ऐसे लोगों के लिए विकिपीडिया एक संदर्भ कोश की तरह उपलब्ध है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर लोग गलत तथ्यों का उपयोग करते होंगे तो आने वाली कितनी पीढ़ियों पर उसका बुरा प्रभाव पड़ता होगा।

# अमेरिका चुनावी महासंग्राम : आम जनता द्वारा इलेक्टर्स को मतदान की प्रक्रिया, पूरी 17 दिसंबर को 538 इलेक्टर्स चुनेंगे राष्ट्रपति

**अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावी प्रक्रिया को समझने की करें तो,अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव की वोटिंग खत्म होते ही कई क्षेत्रों में वोटों की गिनती शुरू हो गई है। काउंटिंग पूरी होने पर पॉपुलर वोट (जनता केवोट) के आधार पर विजेता घोषित किया जाता है, लेकिन यह ज़रूरी नहीं कि सबसे ज्यादा पॉपुलर वोट पाने वालाउम्मीदवार राष्ट्रपति बने। असल में अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव पॉपुलर वोट के बजाय इलेक्टोरलकॉलेज द्वारा तय होता है। इसके अलावा, यह भी संभव है कि किसी राज्य में विजेता का अनुमान लगाया जा रहा हो, जबकि दूसरे राज्यों में अभी वोटिंग जारी हो।**

किशन सनमुखदास भावनानी



वैश्विक स्तरपर कई महीनों से पूरी दुनियाँ की नज़रें 5 नवंबर 2024 को हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव पर लगी हुई थी जो मतदान प्रक्रिया भारतीय समय अनुसार बुधवार दिनांक 6 नवंबर 2024 को सुबह 6 पूरी हुई जिसमें मतदाताओं द्वारा प्रक्रिया अनुसार 50 राज्यों व कोलंबिया के 538 इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्यों को जनता ने मतदान किया।अब गेंद इन इलेक्टोरल कॉलेज के सदस्यों के पाले में आ गई है कि ट्रंप को चुनना है या कमला हैरिस को जीत का सहारा पहनना है, जो दुनियाँ के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका की चुनावी प्रक्रिया का हिस्सा है। पिछली बार ट्रंप को इस वोटिंग में 28 लाख वोट कम मिले थे फिर भी इलेक्टोरल कॉलेज में उसे 270 से अधिक वोट मिलने के कारण हिलेरी क्लिंटन को चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था।यानें बता दें कि 2016 में, हिलेरी क्लिंटन ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप से करीब 28 लाख अधिक डायरेक्ट पापुलर वोट हासिल किए थे लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। 2000 में, जॉर्ज डब्ल्यू बुश ने अल गोर को हराया। हालांकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार गोर ने पांच लाख से अधिक मतों से पापुलर वोट जीता था। राष्ट्रपति के लिए वोट डालने के लिए इलेक्टर्स दिसंबर के मध्य में अपने- अपने राज्यों में बैठक करते हैं। यह बैठक दिसंबर के दूसरे बुधवार के बाद पहले मंगलवार को होती है, जो इस साल 17 दिसंबर 2024 को पड़ रही है। यह भी दिलचस्प है कि अमेरिका में ऐसा कोई कानून नहीं है जो निर्वाचकों को उसी उम्मीदवार को वोट देने के लिए बाध्य करेजिसके प्रति वो वचनबद्ध हैं। इन्हें फेथफुल इलेक्टर कहा जाता है और माना जाता है ये उसी पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन करेंगे जिसके लिए उन्होंने शपथ ली है। इन निर्वाचकों का चयन पार्टियां ही करती हैं, अब वोटो की गिनती जारी है जिसका रिजल्ट शीघ्र आएगा परंतु चूँकि आम जनता नें वोट कर दिया है, अब 17 दिसंबर 2024 कोइलेक्टोरल कॉलेज से जिनको 270 पार वोट मिलेंगे वही अमेरिका का राष्ट्रपति होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,डोनाल्ड ट्रंप व कमला हैरिस में कांटे की टक्कर 538 सदस्यों का इलेक्टोरल कॉलेज करेगा फैसला।

इस प्रक्रिया के चलते सटीक नतीजे आने में एक-दो दिन का समय लग सकता है।दिसंबर में इलेक्टर्स की वोटिंग के बाद 25 दिसंबर तक सभी इलेक्टोरल सर्टिफिकेट सीनेट के प्रेसिडेंट को सौंप दिए जाएंगे,इसके बाद, 6 जनवरी 2025 को कांग्रेस के संयुक्त सत्र में इलेक्टर्स के वोटों की गिनती होगी। उसी दिन, उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस सदन में आधिकारिक रूप से विजेता के नाम की घोषणा करेंगी।अभी 538 चुनावी प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ हैं वह 538 लोग मिलकर के राष्ट्रपति चुनाव का निर्धारण करेंगे 270 वोट जिसको मिलेंगे वह राष्ट्रपति बनेगा।5 नवंबर को यानें भारतीय समय अनुसार बुधवार दिनांक 6 नवंबर 2024 सुबह 6 बजे तक हुए मतदान के बाद नतीजों में कुछ दिन का समय लग सकता है।यूएस में चुनाव पहले हो जाता है जबकि विजेता उम्मीदवार चार्ज जनवरी 2025 से ही संभालेगा।नया राष्ट्रपति जनवरी 2025 में पद की शपथ लेगा,यह अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का सबसे जटिल चरण है।इलेक्टोरल कॉलेज दरअसल वह निकाय है,जोराष्ट्रपति को चुनता है, इसे आसान भाषा में कुछ यूं समझिए कि आम जनता राष्ट्रपति चुनाव में ऐसे लोगों को वोट देती है जो इलेक्टोरल कॉलेज बनाते हैं और उनका काम देश के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति को चुनना है।नवंबर के पहले सप्ताह में मंगलवार को वोटिंग उन मतदाताओं के लिए हुई है जो राष्ट्रपति को चुनते हैं, ये लोग इलेक्टर्स कहलाते हैं, ये इलेक्टर्स निर्वाचित होने के बाद 17 दिसंबर को अपने-अपने राज्य में एक जगह इकट्ठा होते हैं और राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के लिए वोट करते हैं, यानें जो अमेरिकी जनता नें जो वोट किया है वो सीधे तौर पर स्वयं राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों का चुनाव नहीं कर रही। ठीक ऐसा ही नियम उपराष्ट्रपति पद के लिए भी है।जो इलेक्ट्रोल सभी 50 राज्यों और कोलंबिया जिले का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रत्येक राज्य में तीन से 54 के बीच चुनावी वोट हैं। किसी भी राज्य के निर्वाचकों की संख्या उसके अमेरिकीसीनेटरों और अमेरिकी प्रतिनिधियों की कुल संख्या को जोड़कर निर्धारित की जाती है।अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव एक अप्रत्यक्ष प्रक्रिया है, जिसमें सभी राज्यों के नागरिक इलेक्टोरल कॉलेज के कुछ सदस्यों के लिए वोट करते हैं। इन सदस्यों को इलेक्टर्स कहा जाता है, ये इलेक्टर्स इसके बाद प्रत्यक्ष वोट डालते हैं जिन्हें इलेक्टोरल वोट कहा जाता है।डीसी से अलग इन 535 इलेक्टोरल वोट को समझें तो अमेरिकी संसद की कुल सीटों संख्या 535 है जिनमें से 435 हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव (एचओआर) और 100 सीनेट के सदस्य हैं। भारत के उदाहरण से समझें तो हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव के सदस्य निचले सदन लोकसभा के सांसद जबकि उच्च सदन सीनेट के सदस्य या सीनेटर राज्यसभा सांसद हुए। नियमों के मुताबिक, हर राज्य में कम से कम एक या अधिक से अधिक आबादी के अनुसार एचओआर होंगे, जबकि सीनेटर हर राज्य से दो ही होंगे। यानी चुनाव में हर राज्य से कम से कम तीन इलेक्टोरल वोट तो होंगे ही। वोट देने के लिए बाध्य करे जिसके प्रति वो वचनबद्ध हैं। इन्हें फेथफुल इलेक्टर कहा जाता है और माना जाता है ये उसी पार्टी के उम्मीदवार को समर्थन करेंगे जिसके लिए उन्होंने शपथ ली है। इन निर्वाचकों का चयन पार्टियां ही करती हैं।

साथियों बात अगर हम 7 स्विंग स्टेट्स को समझने की करें तो,क्या होते हैं स्विंग स्टेट्स?जो बदल देते हैंअमेरिकी चुनाव के समीकरणअमेरिकी चुनाव में अधिकतर राज्य किसी एक पार्टी या के उम्मीदवार की ओर झुके होते हैं, लेकिन यहां ऐसे करीब सात राज्य हैं जहां किसी भी पार्टी की जीत हो सकती है, यानी इन राज्यों में इस बात काअंदाजा नहीं लगाया जा सकता है कि चुनाव में कौन बाजी मारेगा, अमेरिका में ऐसे राज्यों को स्विंग स्टेट्स कहा जाता है। राजनीतिक चाणक्यों की मानें तो ये राज्य चुनावी समीकरण को बदल सकते हैं। राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप और कमला हैरिस के बीच कांटें की टक्कर देखने को मिल रही है। ऐसे में अमेरिका स्विंग स्टेट्स काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं। दरअसल 7 राज्यों में कुल मिलाकर 93 इलेक्टोरल कॉलेज वोट हैं. इन स्विंग स्टेट में पेंसिल्वेनिया (19 इलेक्टोरल कॉलेज), नॉर्थ कैरोलिना (16 इलेक्टोरल कॉलेज), जॉर्जिया (16 इलेक्टोरल कॉलेज), मिशिगन (15 इलेक्टोरल कॉलेज), एरिजोना (11 इलेक्टोरल कॉलेज), विस्कॉन्सिन (10 इलेक्टोरल कॉलेज) और नेवादा (6 इलेक्टोरल कॉलेज) शामिल हैं। साथियों बात अगर हम अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024 की बड़ी बातों को समझने की करें तो,अमेरिका के सभी 50 राज्यों में आज वोट डाले गए अमेरिका के 26 करोड़ मतदाता नए राष्ट्रपति का चुनाव करेंगे।अमेरिका का राष्ट्रपति7.5 करोड़ से ज्यादा वोटर कर चुके हैं। प्री-पोल मतदान 26 लाख भारतीय मूल के वोटर्स भी वोटिंग किया कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने वाली पहली अश्वेत महिलाकमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार हैं डोनाल्ड ट्रंप लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

सही काम का भी विरोध हो सकता है। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। निवेश शुभ रहेगा। सट्टे व लॉटरी के चक्कर में न पड़ें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें। किसी अनहोनी की आशंका रहेगी।

**वृष**

निवेश शुभ रहेगा। व्यापार में वृद्धि तथा सम्मान में वृद्धि होगी। किसी भी तरह के विवाद में पड़ने से बचें। जल्दबाजी से हानि होगी। राजभय रहेगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में मेहमानों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**मिथुन**

यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी प्रभावशाली व्यक्ति मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। झंझटों में न पड़ें। शत्रुओं का पराभव होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क**

मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में चैन बना रहेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। लेन-देन में लापरवाही न करें।

**सिंह**

विवाद से क्लेश होगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐश्वर्य के साधनों पर सोच-समझकर खर्च करें। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि बाद में पछताना पड़े। दूसरे अधिक अपेक्षा करेंगे।

**कन्या**

स्त्री वर्ग से सहायता प्राप्त होगी। नौकरी व निवेश में इच्छा पूरी होने की संभावना है। भूमि व भवन संबंधी खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। आर्थिक उन्नति होगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। देनदारी कम होगी। शारीरिक कष्ट संभव है।

**तुला**

पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। चिंता तथा तनाव रहेंगे। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। भेंट व उपहार देना पड़ सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। कार्य की बाधा दूर होगी।

**वृश्चिक**

दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। झंझटों में न पड़ें। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। परिवार में प्रसन्नता रहेगी। शत्रुभय रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

**धनु**

आय में निश्चितता रहेगी। दु:खद समाचार मिल सकता है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। काम पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। बेवजह किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। दूसरों के बहकावे में न आएं।

**मकर**

प्रतिद्वंद्विता कम होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। बात बिगड़ सकती है। शत्रुभय रहेगा। कोर्ट व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

**कुंभ**

सही काम का भी विरोध होगा। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। कोई बड़ी समस्या बनी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने के प्रति रुझान रहेगा।

**मीन**

व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। शेयर मार्केट आदि से बड़ा फायदा हो सकता है। परिवार की चिंता बनी रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। फालतू बातों पर ध्यान न दें।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



ओम प्रकाश सहारण
(एडीएम कोटपूतली बहरोड़)

नमस्कार मित्रों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी श्री ओपी सहारण साहब। 29 जनवरी सन 1970 में हनुमानगढ़ जिले में जन्में सहारण आज अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, कोटपूतली ;कोटपूतली-बहरोड़ के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अनूपगढ़ में अपनी सेवाए दे चुके हैं। इससे पूर्व अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, खैरथल-तिजारा, अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट, अनूपगढ़, जिला आबकारी अधिकारी, जयपुर ग्रामीण अलवर।अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (शहर) अलवर।उपखण्ड अधिकारी किशनगढ़बास अलवर।उपखण्ड अधिकारी धोरीमन्ना बाड़मेर।उपखण्ड अधिकारी चाकसू जयपुर,उपखण्ड अधिकारी धौलपुर।उपखण्ड अधिकारी खाजूवाला बीकानेर।उपखण्ड अधिकारी रायसिंह नगर श्रीगंगानगर।उप रजिस्ट्रार पंजीयन विभाग, जयपुर। उप रजिस्ट्रार पंजीयन विभाग,आमेर जयपुर।उप रजिस्ट्रार पंजीयन विभाग, जयपुर,उप रजिस्ट्रार पंजीयन विभाग, जयपुर। तहसीलदार किशनगढ़बास, अलवर,तहसीलदार मुंडावर, अलवर।तहसीलदार जेडीए जयपुर, तहसीलदार जयपुर नागम निगम जयपुर।नायब तहसीलदार अलवर, नायब तहसीलदार हनुमानगढ़ में अपनी सेवाए दे चुके हैं। बेहद संवेदनशील अधिकारी के रूप में इन्हें जाना जाता है। सबसे मिलकर चलना इनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## आज का इतिहास

### 7 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- मुगल सल्तनत के अंतिम शासक बहादुर शाह द्वितीय की 1862 में रंगून में मौत।
- बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय ने 1876 में बंगाल के कांतल पाडा नामक गाँव में वन्दे मातरम् गीत की रचना की थी।
- फ्रैंक्लिन डी रूज़वेल्ट 1944 में चौथी बार संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति नियुक्त हुए।
- जार्डन में 1951 में संविधान पारित किया गया।
- तत्कालीन सोवियत संघ ने 1968 में परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1996 में मार्स ग्लोबल सर्वेयर का प्रक्षेपण किया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने 1998 में भारत और पाकिस्तान पर लगे प्रतिबंधों में ढील देने की घोषणा की।
- राष्ट्रपति चंद्रिका कुमारतुंगा ने 2003 में श्रीलंका में आपातकाल की घोषणा वापस ली।
- भारत और आसियान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विकास के लिए एक फ़ंड बनाने पर 2006 में सहमत हुए।
- बिहार के जनतादल (यूनाइटेड) के लोकसभा सदस्यों ने 2008 में अपने पद से इस्तीफ़ा दिया।
- कश्मीर के प्रसिद्ध कवि रहमान राही को 2008 में ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रदान किया गया।
- ग्वाटेमाला में 2012 में आये भूकंप से, 52 की मौत।

### 7 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ कार्यकर्ता पंडित विश्वंभर नाथ का जन्म 1832 में हुआ।
- अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने वाले महान क्रांतिकारी बिपिन चंद्र पाल का जन्म 1858 को हुआ था।



- विख्यात भौतिकविद और रसायनशास्त्री मेरी क्युरी का जन्म 1867 को हुआ था।
- वैज्ञानिक चंद्रशेखर वेंकट रामन का जन्म 1888 को हुआ था।
- प्रमुख कृषक नेता तथा सांसद एन.जी. रंगा का जन्म 1900 को हुआ था।
- प्रसिद्ध भारतीय कवि एवं साहित्यकार चंद्रकांत देवताले का जन्म 1936 को हुआ था।
- दक्षिण भारतीय फ़िल्मों के सुपर स्टार भारतीय अभिनेता कमल हसन का जन्म 1954 को हुआ था।

### 7 नवंबर को हुए निधन

- मुगल साम्राज्य के अंतिम बादशाह बहादुर शाह जफर का 1862 में निधन।
- भारत के प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ, सामाजिक कार्यकर्ता और देश भक्त अश्विनी कुमार दत्त का 1923 में निधन।
- भारत के एक प्रमुख चिकित्सक और देश सेवक जीवराज मेहता का 1978 में निधन।
- भारत में हरित क्रांति के जनक सी. सुब्रह्मण्यम का 2000 में निधन।
- पद्म भूषण से सम्मानित भारत की समाज सेविका तारा चेरियन का 2000 में निधन।

**विशेष आलेख**

# निजी सम्पत्ति अधिग्रहण पर राह दिखाने वाला फैसला

ललित गर्ग।



सुप्रीम कोर्ट ने हर निजी सम्पत्ति पर सरकार कब्जा नहीं कर सकती वाला राह दिखाने वाला फैसला देकर जहां निजी सम्पत्ति धारकों के अधिकारों की रक्षा की है, वही अर्थ-व्यवस्था को तीव्र गति देने के धरातल को मजबूत बनाया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने जाहिर किया है कि निजी संपत्ति के भी अपने अधिकार हैं, जिसकी अवहेलना नहीं की जा सकती। अब सरकारों यानी नीति निर्माताओं को भूमि अधिग्रहण और अन्य निजी संपत्ति अधिग्रहण करने के लिए अधिक न्यायसंगत और पारदर्शी रूपरेखा बनानी होगी। नया फैसला अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण है और आदर्श शासन एवं न्याय व्यवस्था का द्योतक है। यह फैसला केवल इसलिए ऐतिहासिक नहीं है कि यह नौ सदस्यीय संविधान पीठ की ओर से दिया गया, बल्कि इसलिए भी अनूठा है, क्योंकि इसने उस समाजवादी विचार को आईना दिखाया, जिसे सरकारों की रीति-नीति का अनिवार्य अंग बनाने का दबाव रहता था। स्पष्ट है कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला उन समाजवादी और वामपंथी सोच वालों के लिए भी झटका है, जो यह माहौल बनाने में लगे हुए थे कि देश में गरीबी और असमानता तभी दूर हो सकती है, जब सरकार संपत्ति का पुनर्वितरण करने में सक्षम हो और उसे यह अधिकार मिले कि वह किसी की भी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है। ताजा फैसले में कहा है कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक संसाधन को केवल इसलिए समुदाय का भौतिक संसाधन नहीं माना जा सकता क्योंकि वह भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। कोर्ट ने कहा कि किसी निजी स्वामित्व वाली संपत्ति को समुदाय के भौतिक संसाधन के योग्य मानने के पहले उसे कुछ कठोर परीक्षणों को पूरा करना होगा। कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 39(बी) की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुच्छेद 39(बी) के तहत आने वाले संसाधन के बारे में जांच कुछ विशेष चीजों पर आधारित होनी चाहिए। इसमें संसाधनों की प्रकृति, विशेषताएं, समुदाय की भलाई पर संसाधन का प्रभाव, संसाधनों की कमी तथा ऐसे संसाधनों के निजी हाथों में केंद्रित होने के परिणाम जैसे कारक हो सकते हैं। इसके लिये पहचान एवं परीक्षण अपेक्षित होगी। पीठ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा विकसित पब्लिक ट्रस्ट के सिद्धांत भी उन संसाधनों की पहचान करने में मदद कर सकते हैं जो समुदाय के भौतिक संसाधन के दायरे में आते हैं। ऐतिहासिक रूप से भारत में भूमि अधिग्रहण अक्सर विवादास्पद रहा है, जिसमें औद्योगिक परियोजनाओं या बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े पैमाने पर अधिग्रहण से महत्वपूर्ण विरोध प्रदर्शन हुए हैं। सिंगूर और नंदीग्राम जैसे मामलों ने सरकारी अधिग्रहण के खिलाफ भूमि मालिकों और किसानों के प्रतिरोध को उजागर किया। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निजी संपत्ति का अधिकार एक मानवाधिकार माना जाता है। इसलिये राज्य के लिये किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से वंचित करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है।

चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने 1978 में दिए गए अपने ही फ़ैसले को पलट कर न केवल जनहित की रक्षा की है बल्कि कानून की एक बड़ी कमी को सुधारा है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस राजेश बिंदल, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस एससी शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह इस फ़ैसले पर एकमत थे, वहीं जस्टिस बी.वी नागरत्ना फैसले से आंशिक रूप से सहमत थे जबकि जस्टिस सुधांशु धूलिया ने सभी पहलुओं पर असहमति जताई। विद्वान जजों ने निजी संपत्तियों को समुदाय के भौतिक संसाधन मानते हुए राज्य द्वारा कब्जा करके या अधिग्रहण करके सार्वजनिक भलाई के लिए वितरित करने के अधिकार पर रोक लगाते हुए कहा है कि सभी निजी संपत्तियां समुदाय के भौतिक संसाधनों का हिस्सा नहीं बन सकतीं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ कर दिया कि सरकार एक हद तक ही निजी सम्पत्तियों का अधिग्रहण कर सकती है। अपने फैसले से सुप्रीम कोर्ट ने एक तरह से यह भी रेखांकित कर दिया कि आपातकाल के समय संविधान की प्रस्तावना में धर्मनिरपेक्षता के साथ समाजवाद शब्द जोड़कर भारतीय शासन व्यवस्था में समाजवादी तौर-तरीके अपनाने का जो काम किया गया था, वह निरर्थक एवं औचित्यपूर्ण नहीं था। अच्छा हो कि इस निरर्थकता को वे लोग भी समझें, जो संपत्ति के सृजन से अधिक अहमियत उसका पुनर्वितरण करने पर देते हैं। यह देश को समृद्धि की ओर ले जाने का रास्ता नहीं है। हो भी नहीं सकता, क्योंकि दुनिया भर का अनुभव यही बताता है कि जिन देशों ने अपने लोगों की भलाई के नाम पर अतिवादी समाजवादी तौर-तरीके अपनाए, वे आर्थिक रूप से कठिनाइयों से ही घिरे। आज जबकि भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है, ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले से उसे अधिक तीव्र गति मिल सकेगी एवं निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा हो सकेगी। अर्थ-व्यवस्था एवं बाजार को तीव्र गति देने के लिये निजी क्षेत्र के अधिकारों की रक्षा करना जरूरी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय पीठ ने महाराष्ट्र के एक मामले में संविधान पीठ को भेजे गए कानूनी सवालों का जवाब देते हुए यह फैसला सुनाया है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि इस न्यायालय की भूमिका आर्थिक नीतियां तय करना नहीं है, क्योंकि इसके लिए लोगों ने सरकार को वोट दिया है। लेकिन यदि सभी निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन माना जाएगा, तो यह संविधान के मूल सिद्धांतों का हनन है, इसलिये इसे रोकना कानून के दायरे में आता है। उन्होंने यह भी कहा कि 1990 के बाद से अर्थव्यवस्था में बदलाव आया है और अब बाजार उन्मुख आर्थिक मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके लिये राष्ट्रवादी सोच जरूरी है। संविधान पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि जस्टिस अय्यर का दृष्टिकोण समाजवादी थीम पर आधारित था और इससे सहमति नहीं जताई जा सकती। 1977 में कर्नाटक बनाम रंगनाथ रेड्डी मामले में जस्टिस अय्यर ने निजी संपत्तियों को सामुदायिक संसाधन बताया था। 1982 में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की बेंच ने जस्टिस अय्यर के फैसले से सहमति जताई थी। लेकिन अब उन फैसलों की भावना एवं लक्ष्य को बदलते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अधिक उपयुक्त एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण किया है। यह फैसला सरकारों की इस दिशा में मनमानी को रोकता है। इस तरह निजी संपत्ति संबंधी सुप्रीम कोर्ट के ताजा फैसले ने करीब चार दशक पुराने उस फैसले को खारिज करने का काम किया, जिसमें कहा गया था कि सभी निजी स्वामित्व वाले संसाधनों को राज्य द्वारा अधिग्रहित किया जा सकता है। अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट करने की आवश्यकता भी समझी कि उक्त फैसला एक विशेष आर्थिक और समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह भी पता चल रहा है कि देश को किसी विशेष प्रकार के आर्थिक दर्शन के दायरे में रखना ठीक नहीं है और आर्थिक तौर-तरीके ऐसे होने चाहिए, जिनसे एक विकासशील देश के रूप में भारत उभरती चुनौतियों का सामना कर सके। देश का आर्थिक मॉडल बदल चुका है और इसमें निजी क्षेत्र का बहुत महत्व है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

## महिला मतदान दल अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** निर्वाचन विभाग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सौम्या झा के आदेशानुसार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया के निर्देशन में विधानसभा उपचुनाव-2024 के सफल आयोजन के लिए महिला मतदान अधिकारियों एवं दिव्यांग मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण बुधवार को (पीआरओ, पीओ-1, पीओ-2 एवं पीओ-3) व मतगणना अधिकारी एवं कार्मिकों का कृषि प्रशिक्षण केंद्र टोंक में आयोजित किया गया। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कार्यालय से शाखा प्रभारी रामेश्वर प्रसाद चौधरी ने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम टोंक ने ईवीएम मशीन की सफलतापूर्वक संचालित करने की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने के लिए प्रेरित किया, ताकि मतदान दिवस पर आने वाली समस्याओं से बचा जा सके। प्रशिक्षण के दौरान एसएलएमटी विमल कुमार जैन, कृष्ण गोपाल शर्मा ने माकपॉल प्रक्रिया, मतदान अधिकारी, प्रथम, द्वितीय व मतदान अधिकारी तृतीय के बारे में समझाते हुए ईवीएम मशीन के संचालन का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान विकास अधिकारी सविता राठौड़, प्रवीण चौधरी एवं शक्ति सिंह मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालपुरा नगर का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मालपुरा नगर का दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम कल कोमल पैराडाइज फलोदी बालाजी के पास जयपुर रोड मालपुरा में आयोजित हुआ। संघ के बंटी काबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पुरुषो वर्ग की कुर्सी दौड , महिला वर्ग की कुर्सी दौड बालको की जलेबी , गुब्बारा फोड़ों प्रतियोगिता रही महिलाओ की रिंग बॉल प्रतियोगिता रही । सांगानेर विभाग कुटुंब प्रबोधन प्रमुख सत्यनारायण जी छीपा ने उपस्थित स्वयंसेवक परिवारों को संबोधित किया। इसके पश्चात स्नेह भोज हुआ। कार्यक्रम में खंड संघ चालक प्रहलाद राय शर्मा खंड कुटुंब प्रबोधन प्रमुख मोतीलाल जाट सहित संघ के पदाधिकारी एवं 200 स्वयंसेवक परिवारो ने कार्यक्रम मे भाग लिया। महिलाओं बच्चों सहित 450 की संख्या कार्यक्रम में उपस्थिति रही।

## ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई आज, करमोदा में होगी रात्रि चौपाल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान व निराकरण के उद्देश्य से 7 नवंबर को प्रात: 11 बजे पंचायत समिति बौंली की ग्राम पंचायत लाखनपुर, बपूई, बांस टोरड़ा, पीपलवाड़ा एवं हिन्दुपुरा में जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान व निराकरण के उद्देश्य से जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में 7 नवंबर को सांय 7 बजे पंचायत समिति सवाई माधोपुर की ग्राम पंचायत करमोदा में रात्रि चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिला कलक्टर ने राजस्व, महिला एवं बाल विकास, रसद, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि तथा पशुपालन विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को उनके विभागों में संचालित समस्त योजनाओं की सूचना के साथ रात्रि चौपाल में उपस्थित होने के निर्देश प्रदान किए हैं।

## देवली में कानून व्यवस्था को लेकर बैठक : सतर्कता बरतने के दिए निर्देश तस्करों पर कार्रवाई के लिए कहा

बढ़ता राजस्थान

**टोंक( का.स. )।** देवली में एडिशनल एसपी मालपुरा मोटाराम बेनीवाल ने देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के देवली सर्कल के विभिन्न थानों के आसूचना अधिकारियों और एचएम की मंगलवार को बैठक ली। दरअसल यह बैठक डीएसपी ऑफिस में हुई। इसमें बेनीवाल ने उप चुनाव के तहत कानून व्यवस्था की स्थिति पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बेनीवाल ने विभिन्न थानों के आसूचना अधिकारी और एचएम को चुनाव के दौरान एनडीपीएस एक्ट पर कार्रवाई, तस्करों पर नजर रखने और सर्तक रहकर ड्यूटी करने की बात कही। उन्होंने कहा-आमजन में पुलिस प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा करने के लिए पुलिस को त्वरित कार्रवाई करनी आवश्यक है। उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को मतदान बूथों का निरीक्षण कर सवेदनशील, अति संवेदनशील स्थलों की पहचान करने और सभी परिस्थितियों से निपटने के लिए कारगर उपाय करने को कहा। इसके अलावा बेनीवाल ने थाना क्षेत्रों में गड़बड़ी फैलाने वाले व असामाजिक तत्वों की पहचान करने और उनकी धरपकड़ के लिए अभियान जारी रखने को कहा और उन्हें पाबंद करने के निर्देश दिए।

### नशे के खिलाफ डिग्गी थाना पुलिस की कार्यवाही करीब 40000 की कीमत का पकड़ा डोडापोस्त,आरोपी फरार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** एसपि विकास सांगवान के आदेशानुसार एवं एएसपी मोटाराम बेनीवाल व सीओ आशीष प्रजापत के निर्देशन में थानाधिकारी ओमप्रकाश चौधरी के नेतृत्व में टीम में शामिल रामराज कानि.राधामोहन कानि.प्रहलाद कानि. व सदाकंवर मकानि को मुखबिर खास ने ईतला दी कि महेन्द्र जाट पुत्र नारायण जाट निवासी मालूणी डोडा बैचता है जो अपने घर पर डोडा लेकर आया है व अपने घर के अन्दर डोडा छुपा रखा है जिस पर टीम मालूणी में महेन्द्र जाट पुत्र नारायण जाट के मकान पर पहुची जहा महेन्द्र जाट अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिस पर महेन्द्र जाट के मकान की गहनता से तलाशी ली गई, महेन्द्र जाट के मकान के चौक में एक सफेद प्लास्टिक की बाल्टी में मादकपदार्थ डोडा पोस्त होना पाया गया ।

### मुख्यमंत्री दे सकते हैं सरप्राइज गिफ्ट

# वन नेशन, वन इलेक्शन का हो सकता है नियम लागू

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** यदि कोई विशेष परिवर्तन नहीं हुआ तो 'वन नेशन, वन इलेक्शन' का फार्मूला राजस्थान में लागू हो सकता है और इसका प्रभाव गांव की सरकार के होने वाले कुछ महीनो बाद चुनाव पर भी प्रभावित नजर आ सकता है। सूत्रों की मानें तो राजस्थान के सरपंचों के लिए बड़ी खुशखबरी, 6759 ग्राम पंचायतों का बढ़ाया जा सकता है । राज्य सरकार जनवरी 2025 में समाप्त हो रहे ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ा सकती है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि राजस्थान में वन स्टेट वन इलेक्शन की घोषणा के चलते जनवरी 2025 में समाप्त हो रहे ग्राम पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। इसे लेकर सरकार में मंथन चल रहा है। हालांकि अभी तक सरकार ने इस पर कोई फैसला नहीं लिया है। जनवरी माह में 6759 ग्राम पंचायत का कार्यकाल पूरा हो रहा है। नए जिलों पर फैसले के बाद ही ग्राम पंचायतों, पंचायतों और जिला परिषदों का पुनर्गठन होगा।

### टल सकते हैं गांवों की सरकार के चुनाव !!




ऐसे में तब तक चुनाव टाले जा सकते हैं। इसके अलावा मार्च 2025 में 704 और सिंतबर 2025 में 3847 ग्राम पंचायतों का कार्यकाल पूरा होगा। हालांकि 73 और 74 वें संविधान संशोधन के प्रावधानों के मुताबिक ग्राम पंचायतों का चुनाव हर पांच साल में कराना अनिवार्य है। ऐसे में सरकार को चुनाव टाले जाने के विशेष कारण भी बताने होंगे। सूत्रों की मानें तो सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने का फैसला आगामी कैबिनेट की बैठक में लिए जाने की बात कही जा रही है।

### प्रशासकों पर दुविधा में सरकार

पंचायत राज विभाग से जुड़े सूत्रों की माने तो पहले सरकार जिन ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त हो रहा था। वहां प्रशासक लगाने पर विचार कर रही थी लेकिन पंचायत राज नियमों के तहत 6 माह से अधिक समय के लिए प्रशासक नहीं लगाई जा सकते हैं। अगर प्रशासकों का कार्यकाल बढ़ाया जाता है तो इसके लिए सरकार को विधानसभा का विशेष सत्र बुलाकर प्रस्ताव पास कर केंद्र को भेजना होगा।

### संघ ने की थी एमपी मॉडल की तर्ज पर कार्यकाल बढ़ाने की मांग

राजस्थान सरपंच संघ ने भी मध्य प्रदेश मॉडल की तर्ज पर सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग पंचायत राज मंत्री मदन दिलावर से की थी, जिस पर मंत्री ने भी इस मॉडल का परीक्षण करने की बात कही थी।

### इन पंचायतों और ग्राम पंचायतों का कार्यकाल हो रहा पूरा

वहीं, अगले साल पंचायतों और जिला परिषदों का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। नवंबर 2025 में 21 जिला परिषद और 222 पंचायत समिति, अगस्त 2026 में 6 जिला परिषद और 78 पंचायत समिति, अक्टूबर 2026 में 2 जिला परिषद, 22 पंचायत समिति और नवंबर 2026 में 4 जिला परिषद और 30 पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

### इनका कहना है

मध्य प्रदेश मॉडल की तर्ज पर सरपंचों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग सरकार की गई है। पंचायत राजमंत्री को ज्ञापन दिए गए हैं। उम्मीद है सरकार हमारी मांग पर विचार करेगी।

**बंशीधर गढ़वाल, प्रदेशाध्यक्ष**
**राजस्थान सरपंच संघ**

## जिला कलक्टर ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलौदी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लहसोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण

### मरीजों को जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फलौदी एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लहसोड़ा का आकस्मिक निरीक्षण कर साफ-सफाई व चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलौदी में कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर सभी चिकित्साकर्मियों को निर्धारित समय पर नियमित रूप से चिकित्सालय आने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में साफ-सफाई के साथ-साथ चिकित्सा व्यवस्था के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र फलौदी में ओपीडी व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए चिकित्साकर्मियों को मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में दवा वितरण केंद्र, प्रसूता वार्ड, दवा स्टॉक रूम, जांच केंद्र सहित विभिन्न कक्षों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने उपलब्ध चिकित्सा उपकरणों, नि:शुल्क दवाइयों एवं जांचों के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने एवं मरीजों को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केन्द्र में सभी प्रकार की सेवाओं को पूर्ण दुरुस्त करें जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस दौरान उन्होंने ड्रेसिंग रूम का निरीक्षण भी किया। उन्होंने लैब में जाकर वहां होने वाली हिमोग्लोबिन, ब्लड, शुगर आदि जांचों की जानकारी प्राप्त कर उनकी सूची सदृश्य स्थान पर चस्पा करवाने के निर्देश दिए।



### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लहसोडा का किया औचक निरीक्षण

जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लहसोडा का औचक निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्र परिसर एवं कक्षों में गंदगी देख नाराजगी गहरी जाहिर करते हुए प्रभारी अधिकारी को तुरन्त प्रभाव से साफ-सफाई सुनिश्चित करवाने एवं चिकित्सा व्यवस्था के बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कार्यो के प्रति लापरवाही बरतने पर चिकित्सा प्रभारी अधिकारी को नोटिस देने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

### 13 नवंबर का दिन होगा, कमल चुनाव चिन्ह होगा!

## कन्हैया लाल चौधरी ने आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर युवा सम्मेलन में भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भू जल मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर बुधवार को देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र की उनियारा तहसील में भारतीय जनता युवा मोर्चा,टोंक द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में भाग लिया । कार्यक्रम के दौरान केबिनेट मंत्री ने उपस्थित युवाओ को संबोधित किया उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के लिए संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी साथ ही भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया।

युवाओं के उत्साह, समर्थन और सकारात्मक प्रतिक्रिया से स्पष्ट है कि भारतीय जनता पार्टी इस उपचुनाव में प्रचंड बहुमत से विजयी होगी। इस अवसर पर भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल,कैबिनेट मंत्री हीरालाल नागर,जिलाध्यक्ष अजित मेहता,प्रदेश युवा मोर्चा के महामंत्री चंद्रवीर सिंह,नरेश बंसल सहित अन्य गणमान्य विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## मालपुरा पुलिस ने की कार्रवाई, 1 साल से प्रकरण में वांछित अपराधी व स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को किया गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( नि.स. )।** एसपी विकास सांगवान के निर्देशानुसार एएसपी मोटाराम बेनीवाल के निर्देशन तथा सीओ आशीष प्रजापत के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी चेनाराम बेडा द्वारा गठित विशेष टीम ईश्वरलाल हैड कानि,त्रिलोक कानि, अजय कानि, राकेश कानि,राजेन्द्र कानि, मेहराम कानि,मदनलाल कानि नें एक साल से फरार चल रहे थाना स्तर का टॉप टेन अपराधी अब्दुल क्यूम उर्फ क्युमडा पुत्र जफ्फर मोहम्मद निवासी रंगरेज मोहल्ला मालपुरा को गिरफ्तार किया। उक्त मुल्जिम एसीजेएम मालपुरा द्वारा स्थाई गिरफ्तारी वारन्ट प्रकरण संख्या 364 / 2012 धारा 138 एनआई एक्ट में थाना हाजा पर वांछित चल रहा था वहीं थाना हाजा पर गिरफ्तारी वारण्ट- विष्णु कहार पुत्र भुरा कहार निवासी टोरडी, सुरेश पुत्र गणेश जाति जाट निवासी लोधाना थाना नावा जिला नागोर, रामफुल पुत्र मोहनलाल कहार निवासी टोरडी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

## मतदान के लिए फोटो पहचान पत्र के साथ ही 12 प्रकार के दस्तावेज मान्य

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, (का.स.)।** विधानसभा उपचुनाव-2024 के लिए 13 नवंबर को होने वाले मतदान में निर्वाचन फोटो पहचान पत्र की उपलब्धता के अभाव में भी मतदाता वैकल्पिक पहचान दस्तावेज दिखाकर वोट डाल सकेंगे। वैकल्पिक दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र और राज्य सरकार, लोक उपक्रम, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

## किराए पर रहने वाले छात्रों को मिलेंगे हर माह 2 हजार रुपए अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना में 30 नवंबर तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित डीबीटी वाउचर योजना के आवेदन पत्र 30 नवंबर, 2024 तक आमंत्रित किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मनोज कुमार मीना ने बताया कि अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना के तहत जिला मुख्यालयों पर संचालित समस्त राजकीय महाविद्यालयों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर (केवल कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय हेतु) अध्यनरत छात्र (बालक) के लिए राज्य के कुल 5 हजार 500 विद्यार्थियो को आवास, भोजन, बिजली, पानी इत्यादि सुविधाओं के लिए प्रवेश दिनांक से माह मार्च तक 2 हजार रूपए प्रतिमाह प्रतिवर्ष (अधिकतम 10 माह के लिए) पुर्नभरण राशि देय होगी। उन्होंने बताया कि एससी, एसटी, ओबीसी, एमबीसी, इडब्ल्यूएस एवं अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, जैन, ईसाई, सिख, बौद्व और पारसी) विद्यार्थी जो घर से दूर रहकर अन्य स्थान पर कमरा किराए पर लेकर, पेइंग गेस्ट के रूप में अध्ययन करते हैं, उनके लिए आवास, भोजन, बिजली, पानी आदि सुविधाओं के लिए पुनर्भरण राशि दी जाती है।

### यह है पात्रता शर्त

अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना का लाभ लेने को लेकर छात्र राजस्थान का मूल निवासी होना जरूरी है। विद्यार्थियों के माता-पिता की वार्षिक आय का निर्धारण विभाग की ओर से संचालित मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अनुरूप एसी, एसटी, एसीबीसी के लिए 2.50 लाख रुपए, ओबीसी के लिए 1.50 लाख रुपए, ईडब्ल्यूएस के लिए 1 लाख रुपए निर्धारित की गई है। विद्यार्थी जहां पढ़ रहा है और उनके माता- पिता का मकान उसी शहर में है वो इस योजना का पात्र नहीं होगा।

### ई-मित्र/ एसएसओ आईडी के माध्यम से कर सकते हैं आवेदन

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित अंबेडकर डीबीटी वाउचर योजना का शैक्षणिक सत्र 2024- 25 के आवेदन को लेकर 30 अक्टूबर से



ऑनलाइन पोर्टल का संचालन किया जा रहा है।

जो 30 नवंबर तक चलेगा। योजना के अंतर्गत पात्र छात्र ई-मित्र/एसएसओ आईडी एवं **https://SJMS.rajasthan.gov.in** के माध्यम से जनाधार कार्ड द्वारा आवेदन कर सकते हैं। आवेदन हेतु पात्रता शर्त है।

## मनरेगा के कार्यो को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण कराएं : शुभम चौधरी

### जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने मनरेगा कार्यो का किया निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बुधवार को पंचायत समिति खण्डार में महात्मा गांधी नरेगा योजना अन्तर्गत बहरावंडा खुर्द एवं बाडपुरा के समीप मानसरोवर मुख्य नहर एवं मानसरोवर माइनर नहर के मरम्मत एवं सिल्टीग कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने श्रमिकों की उपस्थिति पंजिका की जांच कर मौके पर कार्यरत श्रमिकों से संवाद किया। उन्होंने कार्य स्थल पर उपस्थित श्रमिकों के जॉब कार्ड जांच कर श्रमिकों से छाया, पानी की व्यवस्था एवं समय पर वेतन भुगतान के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने श्रमिक कार्ड के माध्यम से मिलने वाले लाभों की जानकारी देते हुए



मनरेगा श्रमिकों से 90 दिन का मनरेगा कार्य आवश्यक रूप से पूर्ण कर श्रमिक कार्ड बनवाने का अनुरोध किया।

उन्होंने अधिकारियों से मनरेगा के तहत किए जा रहे सभी कार्यो को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के निर्देश अधिशाषी अभियंता मनरेगा गोपाल दास मंगल को दिए। उन्होंने जिला स्तरीय प्रभारी अधिकारियों को समय-समय पर मनरेगा योजना अन्तर्गत चल रहे विकास कार्यो का निरीक्षण करने के निर्देश प्रदान किए है ताकि राज्य सरकार की मंशानुसार कार्यो को गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जा सकें। इस दौरान तहसीलदार खंडार पुष्कर सिंह, मनरेगा समन्वयक सुरेश अग्रवाल, एमआईएस थानवेन्द्र अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# मार्शल आर्ट के माध्यम से विपरीत परिस्थितियों में अपने आप को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं : पुलिस महानिरीक्षक राहुल प्रकाश

## पुलिस महानिरीक्षक ने जयशंकर टाईगर क्लब के ताइक्कांडो में साउथ कोरिया से ब्लैक बेल्ट प्राप्त खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर राहुल प्रकाश ने अपने कार्यालय में जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों को साउथ कोरिया से प्राप्त ताइक्कांडो खेल में ब्लैक बेल्ट व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। ब्लैक बेल्ट परीक्षा का आयोजन सवाई मानसिंह स्टेडियम जयपुर में आयोजित हुई जिसका आयोजन राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन एवं ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मार्गदर्शन में किया गया। परीक्षा ताइक्कांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के मुख्य प्रशिक्षक मनोज कुमार एवं राजस्थान ताइक्कांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष उत्तम सैनी व सचिव लक्ष्मण सिंह हाडा के सानिध्य में ली गई। टाईगर क्लब के ताइक्कांडो ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों ने भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में अपने कर्तव्य दिखाएं जिसे देखकर पुलिस महानिरीक्षक महोदय अत्यंत प्रभावित हुए उन्होंने जयशंकर टाईगर क्लब के खिलाड़ियों को विलक्षण प्रतिभा का धनी बताते हुए शुभकामनाएं व बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान क्लब के कराते संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष व अन्नपूर्णा रसोई के निर्देशक विष्णु दत शर्मा, भरतपुर ताइक्कांडो संघ सचिव दीप्ति शर्मा, टाईगर क्लब के सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर एवं ब्राह्मण समाज राजस्थान भरतपुर के जिलाध्यक्ष हरीश पाठक व अन्य पदाधिकारियों ने भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक महोदय राहुल प्रकाश जी का पटका, गुलदस्ता एवं क्लब का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित खिलाड़ियों में ऐश्वर्या शर्मा द्वितीय डिग्री ब्लैक बेल्ट, दीक्षा सिंह, आदित्य सिंह, राम्या शर्मा को प्रथम डिग्री ब्लैक बेल्ट प्राप्त हुई एवं इंडियन ताइक्कांडो नेशनल रेफरशिप प्रमाण पत्र पीयूष जयशंकर टाइगर एवं दीप्ति शर्मा को दिया गया। इस क्लब से पूर्व में भरतपुर संभाग से सबसे कम उम्र में साउथ कोरिया से ताइक्कांडो में ब्लैक बेल्ट प्राप्त करने वाले ऐश्वर्य शर्मा एवं जापान से कराते खेल में भरतपुर की प्रथम महिला ब्लैक बेल्ट नेहा शर्मा को खिताब मिल चुका है जिन्होंने राजस्थान एवं भरतपुर जिले का नाम रोशन किया। यह संस्था 1982 से निरंतर खिलाड़ियों को मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण दे रही है और भरतपुर जिले की बेटियों को सशक्त बनाने में मिल का पत्थर साबित हो रही है। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक के निजी सचिव एवं जयशंकर टाईगर क्लब के पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ी विष्णु शर्मा ने उपस्थित सभी खिलाड़ियों एवं पदाधिकारी को मिठाई खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्लब में आकर भरतपुर मार्शल आर्ट के संस्थापक स्वर्गीय जयशंकर टाईगर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं पदाधिकारियों व खिलाड़ियों ने क्लब में आतिशबाजी की और मिठाई वितरित कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष प्रतिभा शर्मा, उपाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा, वरिष्ठ खिलाड़ी नेहा शर्मा, सचिव पीयूष जयशंकर टाईगर, भरतपुर ताइक्कांडो संघ अध्यक्ष पवन पाराशर, जूडो के वरिष्ठ खिलाड़ी पोहप सिंह जादौन, पहलवान योगेश



लवानिया, ताइक्कांडो सचिव व महिला प्रशिक्षक दीप्ति शर्मा, मां अन्नपूर्णा के अध्यक्ष हरीश पाठक, क्लब के नेशनल यूनिवर्सिटी खिलाड़ी लवली माहौर, चारु शर्मा, राहुल जाटव, तुषार पठानिया, गौरव शुक्ला, अमन जाटव, प्रबल लवानिया, तन्मय शर्मा, शांतनु राजपूत, शौर्य सिंह, रौनक, युवराज सिंह आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दिल खो गया

अभी हाल ही में पिछले महीने मेरी ड्यूटी एक परीक्षा में वीक्षक के लिए लगी थी, चूंकि परीक्षा दो पारियों मे थी तो टाइमिंग सुबह 6.30 से शाम को 6.30 तक का था यानि 12घंटे की समयावधि।

इस अवधि में हमारे लिए मोबाइल फोन निषेध है तो इन्हें परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व जमा कर लिया जाता है और परीक्षा पूर्ण हो जाने के पश्चात उत्तरपुस्तिकाओं के जमा हो जाने के पश्चात लौटाया जाता है। मैं भी अपनी ड्यूटी सम्पन्न कराकर उत्तरपुस्तिकाएं जमा कराने के लिए पंक्ति में खड़ी थी कि मैंने पीछे से किसी शिक्षक को कहते सुना जो कि अपनी उत्तरपुस्तिकाएं जमा करा चुका था ।भई, अब तो हमारा दिल दे दो ,पहले तो मुझे समझ नहीं आया कि तभी मैंने देखा कि चपड़ासी एक कार्टून में सभी के मोबाइल लेकर आ रहा है और सभी अधीरता से अपने मोबाइल को प्राप्त कर अद्भुत संतुष्टि का अनुभव कर रहे है। ये दृश्य देखकर मैं सोचने लगी कि कितने आदि हो गए है हम इस यंत्र के । सुबह की रामराम जो कि हम किया करते थे ,आज की पीढी के लिए गुडमार्निंग से गुडनाईट तक सभी इसी के पास आ गया है और ऐसा लगता है कि इसके



लिए तो क्या दिन और क्या रात? अब दिल इसी के लिए धड़कता है या फिर ये ही हमारा दिल हो गया है।

**दर्शना अरोड़ा 'ओम जी'**
**अलवर( राजस्थान )**

### मित्तल हॉस्पिटल के पीछे ग्राउंड में हुआ सुभाष नगर योगा प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ

# बहुत सी बीमारियों को सिर्फ नियमित योग साधना द्वारा भी ठीक किया जा सकता है : डॉ.एस.सी.मित्तल

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )** जिला कलेक्टर अलवर द्वारा सफाई के प्रति जागरूकता को देखते हुए पिछले 30 वर्षो से भी अधिक समय से पड़े तकरीबन खाली जमीन में टनों कचरे के ढेर को डॉ. एस.सी.मित्तल ने स्वयं सफाई का बीड़ा उठाते हुए खुद ने जे.सी.बी. एवं ट्रैक्टर्स लगवाकर बिल्कुल साफ़ सुथरा करवा दिया है उसके साथ ही खुद के मित्तल हॉस्पिटल की छत पर 2 सी.सी. टीवी कैमरे, 2 हैलोजन लाइट भी लगवा दी है ताकि अब कोई भी व्यक्ति वहाँ गन्दगी नहीं फैलाये । सुभाष नगर, एन.ई.बी. के लोग सभी उस जगह कचरा डालते थे मृत पशुओ को मंदिर के आस पास के इलाके में डालकर जाना आम बात थी खुले में शौच करने बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष नियमित आते थे जो अब बिल्कुल बन्द हो गया है । कार्यक्रम संयोजक गिरीश गुप्ता ने बताया कि आज बुधवार दिनांक 06 नवम्बर 2024 को प्रात: 06.30 को मित्तल हॉस्पिटल के पीछे की तरफ जहाँ सफाई करवाई गयी थी उसी स्थान पर आज भारतीय योग संस्थान, आर.डी.एन.सी.मित्ताल फाउंडेशन, सुभाष नगर विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में सुभाष नगर योग प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया ! भारतीय योग संस्थान के आनन्द शर्मा ,आई.डी.एन.सी. मित्तल फाउंडेशन के मुख्य ट्रस्टी एवं मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. एस. सी. मित्तल एवं सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. महेश जैन , सुनील गर्ग, बिशन चन्द शर्मा ने भारत माता की तस्वीर पर



माल्यार्पण करके दीप जलाकर शुरुआत करी । कार्यक्रम में प्रशिक्षण भारतीय योग संस्थान के सुनील गर्ग द्वारा दिया गया तद्पश्चात डॉ.एस.सी.मित्तल ने लाफ्टर योगा द्वारा सभी को खूब हँसाया एवं लाफ्टर योगा द्वारा व्यायाम करवाकर सभी को आनंदित किया । योगा क्लास प्रतिदिन प्रातः 06.30 से प्रारम्भ हुआ करेगी । कार्यक्रम में लाफ्टर क्लब के डॉ.एस.सी.मित्तल, अल्का मित्तल, डॉ. महेश जैन, संजय भारद्वाज, मंजू शर्मा, भारतीय योग संस्थान से आनन्द अग्रवाल, सुनील गर्ग, बिशन चन्द शर्मा, प्रमोद सैनी, थावर मॉल वर्मा, हरीश यादव, जगन जी, अमित बाबानी तथा एन.ई.बी. से संतोष मामोडिया , मधु गुप्ता, रेणु मामोडिया , मित्तल हॉस्पिटल से प्रशासक गिरीश गुप्ता डॉ.राहुल भार्गव, लता सी.बोस, प्रेम चन्द सैनी, रमेश राजपूत, आर.सी.बोस, राजकुमारी, भूषण अरोड़ा, पूरण चन्द, मुकेश कुमार, प्रहलाद, रामप्रसाद, लाजपत राय इत्यादि बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे ।

# खाने के पैसे मांगने पर होटल स्टाफ से की गाली गलौज

### मना करने पर फायरिंग कर भागे बदमाश, पुलिस ने बदमाशों का 15 किलोमीटर तक पीछा किया



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के पंचायत समिति रोड पर मंगलवार रात एक होटल में खाना खाने आए बाइक सवार करीब आधा दर्जन बदमाशों ने फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि बदमाश नशे की हालत में थे और होटल स्टाफ से गाली-गलौज कर रहे थे। स्टाफ द्वारा उन्हें ऐसा करने से मना करने पर बदमाश नाराज हो गए और होटल से निकलते समय अवैध कट्टे से दो राउंड फायर कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही एसएचओ बाबूलाल गुर्जर पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बदमाशों का करीब 15 किलोमीटर तक पीछा किया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। होटल मालिक शंभू सिंह ने बताया कि पंचायत समिति रोड पर स्थित उसके होटल में मंगलवार रात करीब 9.30 बजे तीन बाइकों पर सवार होकर छह युवक खाना खाने आए। युवक शराब के नशे में थे और होटल स्टाफ से गाली-गलौज कर रहे थे। स्टाफ द्वारा उन्हें ऐसा करने से मना करने पर वे नाराज हो गए और मारपीट पर उतारू हो गए। होटल से बाहर जाते वक्त बदमाशों ने स्टाफ की ओर अवैध कट्टे से दो राउंड फायर किए और वहां से फरार हो गए। एसएचओ बाबूलाल गुर्जर ने बताया कि सूचना मिलते ही होटल मालिक को साथ लेकर संभावित स्थानों पर बदमाशों की तलाश की जा रही है।

# नगर पालिका से बनवाया फर्जी पट्टा, लगाया पेट्रोल पंप

## पेट्रोल पंप को हटाने के लिए उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भुसावर कस्बे के बल्लभगढ़ सड़क मार्ग स्थित पटवार सर्कल प्रथम के खसरा नंबर 2247 के कुछ भाग में व्यक्ति विशेष द्वारा लगाए गए पेट्रोल पंप को रोक के बावजूद भी संचालित करने के विरोध में कस्बे के नया बस मोहल्ला स्थित खातेदार के पुत्र एवं सहाखातेदारो के सहयोग में अनेको महिला पुरुषों द्वारा रैली के रूप में उपखंड कार्यालय पहुंचकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सोपा है । सैनी समाज द्वारा भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को सौंप गए ज्ञापन में बताया गया कि घाटरी निवासी कप्तान सिंह पुत्र अमर सिंह जाट द्वारा गलत दस्तावेज पेश कर पुट रचित तरीके से नगर पालिका भुसावर से 18-



9- 2023 को अपने नाम 625 वर्ग गज का पट्टा कर लिया था, उक्त पट्टे के आधार पर कप्तान सिंह ने पेट्रोल पंप चालू कर लिया। स्वर्गीय मूलचंद सैनी के पुत्र द्वारा पट्टा क्रमांक 1295 की शिकायत कर पुन जांच कराए जाने की मांग की थी । जिस पर पुन: जांच के उपरांत 25.9.2024 को उक्त पट्टे को निरस्त कर दिया। विवादित जमीन पर नगर निकाय महानिदेशक जयपुर ने रिकार्ड व मौके की यथा स्थिति का स्थान आदेश जारी किया । उपरांत इसके कप्तान सिंह ने पेट्रोल पंप चालू कर लिया। पक्षकारों में स्थिति तनावपूर्ण होने से सैनी समाज में रोस व्याप्त हुआ, सोनू सैनी सहित अन्य खातेदारों को न्याय के लिए सैनी समाज के व्यक्तियों द्वारा रैली के रूप में उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुँच कर पेट्रोल पंप को उक्त भूमि से हटाए जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा ।

**इनका कहना है :** सैनी समाज की ओर से बल्लभगढ़ सडक मार्ग स्थित पैट्रोल पम्प को लेकर ज्ञापन सौपा है, पांच सदस्यों के प्रतिनिधि से वार्ता कर समस्या का जल्द समाधान करने को कहा गया है।

**राधेश्याम मीणा , उपखंड अधिकारी भुसावर,**

# गांव खटका में आपसी विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़े, 5 जने घायल

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना/रुदावल ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** थाना क्षेत्र के गांव नगला खटका में आपसी विवाद को लेकर परिवार के ही दो पक्षों में झगड़ा हो गया। झगड़े में दोनों पक्षों में लाठी-भाटा जंग होने से दोनों पक्षों के पांच जने घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां दो जनों की स्थिति गंभीर होने से आरबीएम चिकित्सालय के लिए रैफर कर दिया है। घटना को लेकर दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मामले दर्ज कराए है। रुदावल थाने के एचएम ताराचंद ने बताया कि गांव नगला खटका निवासी अमरसिंह पुत्र भगवत गुर्जर ने मामला दर्ज कराया है कि परिवार के ही नबाब, गोविन्द, मेघसिंह गुर्जर गाली-गलौच कर पथराव करते हुए घर में घुस आए। पड़ोसियों ने इनको समझाकर घर भेज दिया। दूसरे दिन वह शौच करने के लिए जंगल जा रहा था। रास्ते में नबाव, मेघसिंह, कल्लो ने मुझे घेरकर लाठी-फरसा से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

उसका पुत्र राकेश बचाने आया तो इन लोगों ने हमला कर राकेश को भी घायल कर दिया। दूसरे पक्ष के मेघसिंह पुत्र भगवत गुर्जर ने मामला दर्ज कराया है कि परिवार का ही राकेश शराब पीकर गाली गलौच कर मारपीट करने पर उतारू रहता है। इसके परिजनों से तकादा किया तो हरिसिंह, भूरा, अमरसिंह, बलवीर, राकेश, लक्ष्मण, सौरव, गौरव, सोनू, मोहनसिंह गुर्जर एकराय होकर हाथों में लाठी डंडा व फरसा लेकर उसके घर में घुस आए और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया। जब उसकी पत्नी कल्लो व पुत्र नबाब बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनों को गंभीर हालत में आरबीएम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

# जाम लगा देख डीएसपी ने खुद संभाली कमान, जाब्ता बुला चालान कटवाए

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर /बयाना( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे से गुजर रहे स्टेट हाइवे के पंचायत समिति तिराहे के निकट बुधवार शाम सड़क पर जाम लगा देख वहां होकर निकल रहे डिप्टी एसपी कृष्णराज जांगिड़ अपनी गाड़ी से नीचे उतरे और खुद ही यातायात सुचारु करने के प्रयास करने लगे। सूचना पर कोतवाली थाने से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान काटे। डीएसपी ने खुद कमान संभालते हुए यातायात सुचारु कराया। बाद में कोतवाली पुलिस की टीम बुलवाकर यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान भी कटवाए। हालांकि इस दौरान चालान से बचने के लिए वाहन चालकों ने सिफारिश कराने की कोशिश भी की। डिप्टी एसपी व अन्य पुलिस कर्मियों के मोबाइल फोनों की घंटियां भी खनखनाती रही, किंतु उन्होंने उन पर ध्यान नहीं देते हुए अपनी कार्रवाई को अंजाम दिया। डिप्टी एसपी ने वाहनों की नंबर प्लेट पर नम्बर की जगह जाति लिखने वाले बाइक चालकों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया। इसके साथ ही वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों का पालन करने की भी नसीहत दी। डिप्टी एसपी ने बताया कि सबसे अधिक दुर्घटनाएं व मौत

वाहन चालकों से समझाइश करते डिप्टी एसपी




वाहन चालकों की लापरवाही और सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने से होती हैं। जिन्हें यातायात व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने व कराने से ही काफी कम किया जा सकता है। सुरक्षित यातायात को पुलिस मुख्यालय ने भी अपनी प्राथमिकता में शामिल किया है।

# डंपर की चपेट में बाइक के आने से छात्रा की मौत

## पेपर देने जा रही थी छात्रा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर/भरतपुर( यतेन्द पाण्डेय ) ।** भुसावर उपखंड क्षेत्र के घाटरी क्रेसर जौन के बल्लभगढ़ सड़क मार्ग स्थित कारवान गाँव के बिजली घर के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को चपेट में ले लिया ,जिससे बाइक सवार लड़की की मौके पर ही मौत हो गई ,मृतका छात्रा अपने भाई के साथ भुसावर बीए के पेपर देने आ रही थी, घटना के बाद लोगों ने भुसावर-बल्लभगढ़ मार्ग घटनास्थल के पास ही जाम कर दिया। मौके पर सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव घाटरी निवासी मनीषा अपने भाई के साथ स्नातक का पेपर देने आ रही थी क्रेशर जॉन से खनन सामग्री



लेकर सड़क मार्ग पर आए डंपर ने बाइक को चपेट में ले लिया जिससे मनीषा की मौके पर ही मौत हो गई लोगों के जाम की सूचना पर भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा, पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा, तहसीलदार राजेंद्र मोहन मीणा मौके पर पहुंचे समझा इसके बाद जाम को खुलवाया गया।

# ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के निर्माण को पर्यावरण मंत्रालय की मिली मंजूरी

## लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने की समीक्षा बैठक, 2027 तक निर्माण पूरा होने की डेडलाइन तय, अंतिम चरण में एयरपोर्ट की डीपीआर का काम

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण कार्य को केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय से मंजूरी मिल गई है। बुधवार को संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन और अधिकारियों के साथ राजस्थान राज्य प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हाईब्रिड मोड में आयोजित की गई। बैठक में हवाई अड्डे के निर्माण की प्रगति, पर्यावरणीय पहलुओं, और अन्य आवश्यक स्वीकृतियों की समीक्षा के साथ दिसंबर 2027 तक हवाई अड्डा निर्माण कार्य पूर्ण कर संचालन प्रारंभ करने की समय-सीमा तक की गई। बैठक में एएआई के अधिकारियों ने बिरला को बताया कि कोटा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का निर्माण कार्य समस्त आवश्यक स्वीकृतियों के उपरांत मई 2025 से प्रारंभ कर दिया जाएगा और इस हवाई अड्डे का संचालन दिसंबर 2027 तक शुरू कर दिया जाएगा। यह हवाई अड्डा राजस्थान के कोटा शहर से लगभग 25 किलोमीटर दूर, 1005 एकड़ क्षेत्र में निर्मित किया जा रहा है। इस हवाई अड्डे में 3200 मीटर लंबा और 45 मीटर चौड़ा रनवे होगा। नवीन हवाई अड्डे पर सात विमान पार्किंग क्षेत्रों का निर्माण किया जाएगा। यह हवाई अड्डा प्रति वर्ष 20 लाख यात्रियों और प्रति घंटे 1,000 यात्रियों की क्षमता प्रदान करेगा। हवाई अड्डे को ह॥-52 से जोड़े जाने के लिए चार लेन की 30 मीटर संपर्क सड़क निर्माण का भी प्रस्ताव है। इस हवाई अड्डे को इस रूप में नियोजित किया जा रहा है कि वर्तमान में घरेलू उड़ानों में उपयोग में आ रहे सबसे बड़े हवाई जहाज भी यहां से उड़ान भर सकेंगे। भविष्य में अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने भी संचालित हो सकेंगी। राजस्थान के वन विभाग के हेड ऑफ फॉरेस्ट अरीजीत बनर्जी ने जानकारी दी कि कोटा ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के निर्माण के लिए भारत सरकार के पर्यावरण मंत्रालय से भूमि हस्तांतरण की अनुमति प्राप्त हो गई है। राजस्थान सरकार के वन विभाग ने भी इस परियोजना को स्वीकृति दे दी है। स्पीकर ओम बिरला की पहल पर पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से केडिए द्वारा 10,000 नए पेड़ भी लगाए जाएंगे।



**वर्ल्ड क्लास सुविधाओं के साथ फ्लाइंग क्लब भी बनेगा :** हवाई अड्डे के साथ पायलट प्रशिक्षण के लिए फ्लाइंग क्लब, फ्लाइंग स्कूल का विकास किया जायेगा। रक्षा मंत्रालय ने जुलाई 2023 में कोटा हवाई अड्डे के लिए एनओसी जारी की थी। इसके बाद, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया और राजस्थान सरकार के बीच जुलाई 2024 में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट परियोजना के लिए एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ था।

### डीपीआर अंतिम चरण में

इसी माह डीपीआर का कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। बैठक में एएआई ने प्रस्तुतिकरण में बताया कि प्रथम चरण में 1005 एकड़ क्षेत्रफल में 3200 मीटर लंबी हवाई पट्टी, 7 पार्किंग बे, 20000 वर्ग मीटर टर्मिनल बिल्डिंग, 14 चैक-इन काउंटर, 2 कन्वेयर बेल्ट व 4 X-BIS के साथ सलाना 20 लाख यात्रियों के लिए परिवहन सुविधाएं विकसित की जायेंगी। बैठक में PGCIL के लाईन शीघ्र स्थानांतरित करने, पेयजल आपूर्ति के लिए शीघ्र डिमाण्ड नोट जमा कर कार्य प्रारंभ करने, विद्युत आपूर्ति के लिए शीघ्र डिमाण्ड नोट जमा कर कार्य प्रारंभ करने, संपर्क सड़क का शीघ्र निर्माण करने, 11 केवी लाईन शीघ्र स्थानांतरित करने व अन्य अंतर-विभागीय मुद्दों का समाधान कर समस्त कार्यों की समय-सीमा निर्धारित की गई। बिरला ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोटा एयरपोर्ट में यात्रियों के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं विकसित की जाए तथा यह प्रावधान रखा जाए कि भविष्य में कोटा से अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने भी प्रारंभ की जा सके। बैठक में विपिन कुमार, अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अनिल गुप्ता, सदस्य (योजना), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, कार्यकारी निदेशक- PGCIL, गौरव गोयल, संयुक्त सचिव, लोक सभा सचिवालय, राजस्थान सरकार से प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव, लोक निर्माण विभाग, भास्कर सावंत, प्रमुख शासन सचिव, अरीजीत बनर्जी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, जोगाराम, सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, आरती डोगरा, अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, रविन्द्र गोस्वामी, कलेक्टर, कोटा,अक्षय गोदारा, कलेक्टर, बूंदी व अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनटीए ने जारी की एडवाइज़री

## आधार कार्ड एवं 10 मार्कशीट में कैंडिडेट नाम मिलान जरूरी नहीं

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन जिसके पहले जनवरी सेशन की आवेदन प्रक्रिया चल रही है। गत 8 दिनों में 2 लाख 50 हज़ार से अधिक स्टूडेंट्स आवेदन कर चुके है। आवेदन की अंतिम तिथि 22 नवम्बर तक है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि बड़ी संख्या में ऐसे स्टूडेंट्स सामने आ रहे है जो विशेषकर महाराष्ट्र एवं गुजरात बॉर्ड के हैं एवं दूसरे बॉर्ड से भी है जिनके स्वयं के नाम एवं आधार कार्ड में दिए गए नाम में मिलान ना होने के कारण स्टूडेंट्स आवेदन नहीं पा रहे है क्योकि इस वर्ष आवेदन में आईडेंटिटी प्रूफ में मांगे गए आधार नंबर को आवेदन में स्टूडेंट्स के नाम से लिंक कर दिया गया है। यदि स्टूडेंट्स गलत आधार नंबर फिल करके स्वयं का नाम सही फिल करता है तो आवेदन पूर्ण ही नहीं होता है और यदि स्टूडेंट्स गलत नाम फिल करके सही आधार नंबर फिल करता है तो भी आवेदन पूर्ण नहीं हो पा रहा है। एनटीए द्वारा इस सम्बन्ध में नोटिस जारी किया गया है कि अब ऐसे स्टूडेंट्स जिनके स्वयं के नाम एवं आधार कार्ड में नाम में मिलान होने पर ये सभी स्टूडेंट्स आवेदन के दौरान आधार नंबर वाले कॉलम में आधार नंबर फिल करके खुली पॉप ऑफ विंडो पर क्लिक कर अपने आधार कार्ड पर लिखे नाम के अनुसार नाम फइलल करके अब आवेदन प्रकिर्या पूर्ण कर सकते है।

### 75 प्रतिशत बोर्ड पात्रता को लेकर असमंजस

आहूजा ने बताया की जेईई एडवांस्ड आईआईटी कानपुर द्वारा आईआईटी में प्रवेश के लिए बोर्ड एलिजिबिलिटी पात्रता जारी नहीं की गई है। केवल बोर्ड के नाम जारी किए गए हैं जबकि पूर्व में जेईई मेन के इनफार्मेशन बुलेटिन में बोर्ड पात्रता 75 प्रतिशत एवं कैटेगिरी अनुसार टॉप 20 पर्सेन्टाइल की पात्रता जारी की जा चुकी है। ऐसे में स्टूडेंट्स में असमंजस पैदा हो गया है कि जब आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए जोसा काउंसलिंग प्रक्रिया कॉमन होती है क्या ? ऐसे में आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए बोर्ड पात्रता अलग अलग होगी क्योकि आईआईटी कानपुर ने अभी तक जेईई एडवांस्ड द्वारा आईआईटी में पवेश के लिए बॉर्ड पात्रता जारी ना करते हुए समयानुसार जारी करने की बात कही है।

# 'स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान' आज से

## महिलाओं को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति किया जाएगा जागरूक, मिलेगा उपचार

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी( नि.स. )।** 07 नवम्बर से जिले में 'स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान' का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत महिलाओं का को ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने के साथ ही उपचार भी दिया जाएगा। अभियान आगामी 10 जनवरी 2025 तक आयोजित होगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्यअधिकारी, डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि राजस्थान में कैंसर से होने वाली अधिकांश मौतों के लिए तीन कॉमन कैंसर यथा ऑरल, ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर जिम्मेदार है। प्रारम्भिक अवस्था में कैन्सर मरीज की पहचान कर उपयुक्त उपचार करने से कैन्सर से होने वाली मृत्यु को कम किया जा सकता है। पिछले कुछ दशकों में कैंसर रोग का बोझ बढ़ा है और राजस्थान भी इस चुनौती का सामना कर रहा है। जिसका मुख्य कारण जीवनशैली में परिवर्तन, खान-पान, तम्बाकू सेवन, समय पर निदान नहीं होना, नियमित समुचित उपचार का अभाव एवं फॉलोअप का अभाव है। स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान 07 नवम्बर 2024 गुरुवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में क्रियान्वित किया जायेगा। जिसका मुख्य उद्देश्य जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में महिलाओं की ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर के संबंध में जागरूकता एवं स्क्रीनिंग किया जाना है। इस द्वि-मासिक स्वस्थ्य नारी चेतना अभियान में जिले में आमजन को कैंसर के कारण, रोकथाम, उपचार और जटिलताओं के बारे में जागरूक किया जाएगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (स्वास्थ्य) डॉ. कमलेश शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान जिले में कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किए जाएंगे।

# जंगल में लकड़ी काटते समय पेड़ से गिरा किशोर,हालत गंभीर, ग्रामीणों ने एम्बुलेंस बुलाकर किशोर को कराया अस्पताल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** शहर के गुमट हरिजन कॉलोनी निवासी एक 14 वर्षीय किशोर जंगल में लकड़ी काटने के दौरान पेड़ से गिरने से गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना में घायल बालक को अचेत अवस्था में ग्रामीणों द्वारा एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। चिकित्सकों के अनुसार बालक की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में भर्ती 14 वर्षीय किशोर नीतू पुत्र रमेश हरिजन के साथ आए ग्रामीणों ने बताया कि गढ़ी खिराना के जंगल में यह किशोर लकड़ी काटने गया था। जहां पेड़ से गिरने के चलते घायल हुआ है। किशोर के साथ गए किशोर राजू ने बताया कि घर में लकड़ी जलाने के लिए नही थी ऐसे में नीतू अपने साथ मोहल्ले के एक दो अन्य लड़कों को लेकर गढ़ी खिराना की तरफ निकल गये।

# खेड़ारसूलपुर में कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में की जनसुनवाई

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** लाडपुरा के खेड़ारसूलपुर में जिला कलक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जहां ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के लिए जनसुनवाई की गई। इस दौरान कलेक्टर ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



**ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई :** खंड विकास अधिकारी शैलेश रंजन ने बताया जनसुनवाई में खेड़ारसूलपुर एवं आरामपुरा ग्राम पंचायतों के लोग शामिल हुए। ग्रामीणों ने अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को कलेक्टर डॉ. गोस्वामी के समक्ष रखा। जनसुनवाई में कुल 32 परिवाद प्रस्तुत किए गए।

**मनरेगा श्रमिक कार्ड निर्माण के निर्देश :** जिला कलक्टर ने ग्रामीण विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वे मनरेगा के तहत श्रमिकों के श्रम कार्ड बनाने की प्रक्रिया सुनिश्चित करें, ताकि सभी लोग श्रम विभाग और अन्य योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें।

**ग्रामीण सड़कों एवं नालियों की मरम्मत पर जोर :** ग्रामीण इलाकों में आवागमन की समस्याओं के समाधान के लिए कलक्टर ने लोक निर्माण विभाग एवं सीएडी को निर्देशित किया कि वे ग्रेवल सड़कों की मरम्मत जल्द से जल्द कराएं। साथ ही उन्होने संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि जल निकासी और नालियों से जुड़ी समस्याओं का भी शीघ्र समाधान किया जाए।

**पेंशन और आधार कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान :** जनसुनवाई में एक व्यक्ति की पेंशन संबंधी मामले का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त, एक महिला जिसका आधार कार्ड तकनीकी कारणों से नहीं बन पा रहा था, उसके लिए डीओआईटी विभाग को पाबंद किया गया।

**विभिन्न योजनाओं की जानकारी और ग्रामीण संवाद :** कलक्टर डॉ गोस्वामी ने ग्रामीणों से संवाद करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे ग्रामीणों के बीच जाकर उनकी समस्याओं का समाधान करें और योजनाओं की जानकारी नियमित रूप से देते रहें ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे।

### परिवादों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित हो

जिला कलक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि जनसुनवाई में आए परिवादों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, ताकि किसी परिवादी को जिला मुख्यालय पर जाने की आवश्यकता न हो। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे परिवादियों का उचित मार्गदर्शन करें और कार्य में पारदर्शिता बनाए रखें। जनसुनवाई में लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग से संबंधित परिवाद आए। जनसुनवाई में उपखंड अधिकारी गजेंद्र सिंह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल सिंह, खंड विकास अधिकारी शैलेश रंजन, तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बूंदी के चारभुजा मंदिर में चल रही शिव पुराण कथा में भक्तगण ले रहे आनंद

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( नि.स. )।** बूंदी के आराध्य चारभुजा मंदिर तिलक चौक में शिव पुराण का कथा वाचन पिछले दो दिनों से जारी है जो 14 नवंबर तक निरंतर रहेगा, कथा का वाचन पंडित भूपेंद्र शास्त्री के मुखारविंद से किया जा रहा है,कथा रोज दोपहर 12 बजे शुरू हो जाती है। कथा में शिव महिमा के साथ भक्तों पर शिव की कृपा किस तरह हो इसका विस्तार से वर्णन शास्त्री द्वारा बताया जा रहा है। भूपेंद्र शास्त्री ने बताया कि शिव को आंकड़े के फूल अति प्रिय है क्योंकि शिव कहते हैं मेरे भक्त के पास अगर पैसा भी नहीं हो तो भी वह आंकड़े का पुष्प अगर मुझ पर चढ़ा देता है तो उसे पर शिव की अपार कृपा हो जाती है, और उसे आंकड़े के जहर को मैं पी लेता हूं और उसकी सफेद रंग से मनुष्य का जीवन आनंदमय कर देता हूं , इसी तरह शंकर भगवान को फलों में केला अति प्रिय है जिसमे बीज ना हो जो खंडित फल ना हो वह भगवान को प्रिय होता है और केला बिना बीज का फल है जो खंडित नहीं है वह शिव को अति प्रिय है। इसी तरह भगवान शंकर की महिमाओं का गुणगान करते हुए व्यास पीठ से भूपेंद्र शास्त्री कहते हैं कि जो व्यक्ति नित्य भगवान शंकर के बीज मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप करता है और महामृत्युंजय का उच्चारण करता है उसका काल भी कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसलिए भक्तों को चाहिए कि भगवान शंकर की महिमा व शंकर के महामृत्युंजय का जाप हमेशा निरंतर करते रहे। शिव पुराण के संगीतमय कथा वाचन में भक्तगण आनंदित होकर भजनों पर नृत्य करते नजर आए इस दौरान बसंत कुमार, रविन्द्र दाधीच, राजकुमार दाधीच, प्रमोद सोनी, पार्थ, बद्री लाल, नवल, कृष्ण गोपाल नौसल्या, चारभुजा महिला मंडल से कांति दाधीच, चंदा सोनी, मीना अग्रवाल, दीपा मोदी, लीला मोदी कुसुमलता, संध्या, कृष्णा दाधीच, रामकंवर, मुन्नी बाई,सहित अन्य सदस्यगण, अलका, चित्रलेखा, कांति बाई तथा दाधीच महिला मंडल अध्यक्षा स्वाति दाधीच, संरक्षक सुलोचना दाधीच, अरुणा, आशा सहित अन्य भक्तगण उपस्थित रहे।



# राजकार्य में लापरवाही करने पर 4 कार्मिकों को दिए कारण बताओ नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़, ( नि.स. )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार पंचायत समिति अकलेरा की ग्राम पंचायत पचोला में महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत संबंधित ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक, कनिष्ठ तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सहायक द्वारा राजकार्य में लापरवाही करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

पंचायत समिति अकलेरा के खण्ड विकास अधिकारी कम कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उक्त समस्त कार्मिकों द्वारा मस्टरोल में एक ही फोटो को बार-बार अपलोड कर हाजिरी दर्ज की गई जो कि राज्य सरकार के आदेशों की अवहेलना के अन्तर्गत आता है। इससे यह प्रतीत हुआ है कि उक्त कार्मिकों द्वारा मौका निरीक्षण नहीं किया गया जो कि राजकार्य में लापरवाही को दर्शाता है। यह कार्य गबन एवं जालसाजी की श्रेणी में आने पर संबंधित मेट को ब्लैकलिस्ट करते हुए उसके खिलाफ एफआईआर करवाते हुए स्पष्टीकरण दो दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश उक्त कार्मिकों को दिए गए हैं। ऐसा नहीं करने पर उक्त कार्मिकों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# संस्कृत भाषा भारत की पहचान इसी से होगा देश एकजुट : उपाध्याय

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** संस्कृत भाषा भारत की पहचान है संस्कृत से ही देश एकजुट होगा। ये विचार विश्व हिन्दू परिषद् चितौड़ प्रान्त के संस्कृत आयाम के चार दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग के समापन समारोह में विश्व हिन्दू परिषद् के क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय ने कही। विश्व हिंदू परिषद के महानगर प्रचार प्रमुख पवन पारीक ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद कार्यालय मानव विकास भवन पर विश्व हिंदू परिषद के संस्कृत आयाम के चार दिवसीय अभ्यास वर्ग का आज समापन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ सभी अतिथियों ने भगवान श्रीराम और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। संस्कृत आयाम के प्रांत प्रमुख अभिषेक शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री सुरेश उपाध्याय ने कहा की विश्व हिंदू परिषद के लिए संस्कृत क्यों जरूरी है संस्कृत भाषा हिंदुत्व के लिए बहुत जरूरी है इसलिए विश्व हिंदू परिषद ने संस्कृत को अपनाया हमारे देश में प्राचीन शिक्षा पद्धति बहुत उच्च कोटि की थी अंग्रेजों ने हमारी शिक्षा पद्धति को ही ध्वस्त किया हमारे देश में दो ऐसी सभ्यताएं इस्लामिक व पाश्चात्य आयी जिसमे अंग्रेज शासको ने हमारे शिक्षा के केंद्रो को बर्बाद कर दिया जो की संस्कृत में लिखे हुए थे हमारे प्राचीन गुरुकुलो में संस्कृत मे ही शिक्षा दी जाती थी लेकिन आप सब को यह जानकर आश्चर्य होगा की उन गुरुकुलो मे लगभग 27 विषय पढ़ाए जाते थे जिसमें विज्ञान , इंजीनियरिंग , डॉक्टरी जैसे विषय सम्मिलित थे उन्होंने संस्कृत के कई श्लोको का उदाहरण देते हुए बताया की संस्कृत में कहीं भी जात-पांत , जाति-धर्म , उंच-नीच का कही भी वर्णन नही है जब संस्कृत और साइंस दोनों मिलेंगे तभी हिंदुत्व का सही दर्शन होगा । कार्यक्रम मे अतिथियों का परिचय प्रांत सहप्रमुख अंतिम जैन ने करवाया। सरस्वती वंदना गुंजन माहेश्वरी , संस्कृत गीत प्रिया सैनी , संकल्प मंत्र मनीषा सैनी व संगठन मंत्र मोहित मेघवाल ने करवाया । कार्यक्रम का संचालन गोविंद शर्मा ने किया ।

कार्यक्रम में सावर से प्रिया सैनी , बूंदी से अंकिता शर्मा , मनीषा सैनी , दुर्गेश पाटीदार , हेमराज सैनी , मनीष मीणा , चंद्रशेखर शर्मा , निर्मल , दीपचंद , नारायण दीक्षित , जगदीश गौतम , दिनेश गौतम , कुलदीप , रवि , अंकिता , अनिता , पूजा सहित विश्व हिन्दू परिषद् के प्रांत गौरक्षा प्रमुख रामचरण लोधा , विभाग मंत्री रौनक आनंद , महानगर उपाध्यक्ष रणछोड़ अग्रवाल , सुरेश मीणा , मंत्री सतीश स्वामी , सहमंत्री राजू सुमन , मुकेश शर्मा , आशीष शर्मा , बजरंग दल प्रांत संयोजक योगेश रेनवाल , दुर्गा वाहिनी महानगर संयोजिका मधुलता भास्कर , सहसंयोजिका रश्मि पारीक , अनिल झांझोट सहित काफी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### कोटा विकास प्राधिकरण की द्वितीय बैठक

# 2047 तक का मास्टर प्लान बनाने एवं मोटर मार्केट योजना में आवंटन के नए प्रस्ताव का अनुमोदन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** कोटा विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के लिए 2047 तक का मास्टर डवलपमेंट प्लान तैयार होगा। केडीए के तहत अधिसूचित रीजन में नए राजस्व ग्राम जोड़ने, क्षेत्र के भावी विकास, सतत एवं सुनियोजित विकास को देखते हुए मास्टर प्लान तैयार करने के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाएगी। यह निर्णय कोटा विकास प्राधिकरण की बुधवार को प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित द्वितीय बैठक में लिया गया है।



बैठक में मल्टी मेटल के सामने स्थित मोटर मार्केट में थड़ी व्यवसायियों, मोटर मैकेनिक आदि के पुनर्वास के लिए आवंटन प्रक्रिया से जुड़े प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार कुन्द कुन्द आवासीय योजना में निर्मित आवासों के आवंटन के नए प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। योजना के तहत कुल 318 आवास उपलब्ध हैं। बैठक में संपूर्ण चम्बल रिवर फ्रंट के संचालन को सुगम बनाने एवं केडीए पर आ रहे आर्थिक भार को कम करने के लिए फेसिलिटी मैनेजमेंट सर्विस के तहत विभिन्न कार्यों के संचालन के लिए निविदा आमंत्रित करने के प्रस्ताव का भी अनुमोदन किया गया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने केडीए रीजन में जोड़े गए बूंदी जिले के तालेड़ा एवं केशोरायपाटन में नगर नियोजन के लिए योजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में नए ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के पास स्थित शंभूपुरा गांव में मास्टर प्लान के अनुसार उपलब्ध आवासीय भूमि के लिए आवासीय योजना बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# शहर की कृष्णा कॉलोनी में जरख का आतंक खाली प्लॉटों से होकर घुस रहा घरो में

## दहशत में नागरिक, बच्चों का घरो से निकलना मुश्किल, वन विभाग की टीम कर रही तलाश





बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के रेलवे स्टेशन के पास स्थित कृष्णा कॉलोनी में पिछले डेढ़ महीने से एक जंगली जरख की मूवमेंट से लोग दहशत में है। नागरिकों का आरोप है कि जरख शाम होते ही कॉलोनी के विभिन्न रास्तों से घरों तक में प्रवेश कर रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों को लेकर कॉलोनी के लोग परेशान हैं और कई बार प्रशासन एवं वन विभाग से जरख को पकड़े जाने की मांग कर चुके हैं। हालांकि मंगलवार की शाम जब जरख ने कॉलोनी में हंगामा खड़ा किया तो वन विभाग की टीम और पुलिस के जवान भी कॉलोनी पहुंचे लेकिन वे जरख का कोई पता नहीं लगा सके। शहर की कृष्णा कॉलोनी निवासी डॉ आशुतोष शर्मा, शिवाकांत शर्मा, प्रीति मंगल ,प्रमोद शर्मा, हरिओम वैश्य, महावीर मित्तल आदि ने बताया कि पिछले डेढ़ महीने से यह जरख कॉलोनी के लोगो को परेशान कर रहा है। जैसे ही शाम होती है यह खाली प्लॉट और खरपतवार में होकर कॉलोनी में घुस आता है। जिसे कई बार लोगों ने देखा है। मंगलवार की शाम तो इसने हर हद को पार कर दिया। जब जरख को लोगो ने देखा और हल्ला मचाया तो वह भागते हुए कॉलोनी के विजेंद्र गौड़ के मकान में घुस गया लेकिन गनीमत यह रही कि उस वक्त मकान में कोई नहीं था। अन्यथा जरख किसी पर भी हमला कर सकता था। ऐसे में लोगो ने तुरंत वन विभाग और प्रशासन को घटना की जानकारी दी। जिस पर वन विभाग के तीन,चार कर्मचारी और दो-तीन पुलिसकर्मी कॉलोनी पहुंचे। जिन्होंने जरख को खोजने का प्रयास किया लेकिन तब तक जरख उनकी आंखों से ओझल हो गया।

**जरख नहीं होता आदमखोर, मृत मवेशी ही इसका भोजन :** वन विभाग के रेंजर नकुल शर्मा ने बताया की जरख जिसका नाम हाइना है यह मानव के लिए खतरनाक नहीं है। यह मृत मवेशियों को खाकर भोजन करता है। अब चूंकि यह आबादी क्षेत्र में आ गया है। ऐसे में इसको पकड़े जाना जरूरी है। मंगलवार रात को फॉरेस्टर रामवीर के नेतृत्व में वन विहार रेंज और बाड़ी रेंज के कार्मिको ने इसकी तलाश की थी लेकिन रात होने से पता नहीं लगा। बुधवार को दिन में फिर से सर्चिंग अभियान चलाया गया लेकिन जरख अभी पकड़ में नहीं आ सका है। लगातार तलाश की जा रही है।

# प्रशासन ने 50 बीघा चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाया

## शाहपुरा गांव में ग्रामीणों ने किया था अतिक्रमण, आगे भी जारी रहेगी कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**धौलुपर( नि.स. )।** धौलपुर के मनियां थाना क्षेत्र के शाहपुरा गांव में बुधवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। कार्यवाहक तहसीलदार देवेंद्र तिवारी के नेतृत्व में प्रशासनिक कर्मचारियों के साथ पुलिस की टीम ने गांव में करीब 50 बीघा चार का जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया।

कार्यवाहक तहसीलदार ने बताया कि जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देशन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि कलेक्टर से मिले निर्देशों के बाद प्रशासन की ओर से कार्रवाई करते हुए जेसीबी और ट्रैक्टरों की मदद से करीब 50 बीघा चारागाह की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर रखा था। जिसकी शिकायत जिला कलेक्टर को की गई थी। शिकायत पर की गई जांच के बाद कलेक्टर के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। तहसीलदार देवेंद्र तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के कई लोगों द्वारा चारागाह की जमीन पर अतिक्रमण करते हुए फसल उगाई जा रही थी। जिला कलेक्टर से मिले निर्देशों के बाद गिरदावर और पटवारी की टीम गठित करके चारागाह की जमीन को चिह्नित कराया।

जिस जमीन पर उगाई जा रही सरसों की फसल को भी जेसीबी और ट्रैक्टरों की मदद से नष्ट कराया गया है।



# एकल नारी शक्ति संस्थान ने किया जश्न, बहन चारे कार्यक्रम का आयोजन

## पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के नाम पर नहीं कोई त्यौहार, ऐसे में मनाया बहन चारा त्यौहार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के पंचायत समिति परिसर में बुधवार को एकल नारी शक्ति संस्थान द्वारा जश्न बहन चारे का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाड़ी तहसील की 50 एकल महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत समिति के कार्यवाहक विकास अधिकारी रामबोल सिंह गुर्जर ने किया। संस्था से जुडी रीना शर्मा ने बताया की एकल नारी शक्ति संस्थान द्वारा राजस्थान में सन 2016 से जश्न बहन चारे का शुरू किया था। अब इस कार्यक्रम को पंचायत स्तर,ब्लॉक स्तर पर भी शुरू किया गया है। कार्यक्रम के दौरान एकल बहनों ने पंचायत समिति के पार्क में नाच गान किया, आपस में मिलकर एक-दूसरे को रक्षा सूत्र बांधा और एक दूसरे के गले मिली। पदाधिकारी रीना शर्मा ने बताया कि समाज में पितृसत्ता के होते हुए महिलाओं के लिए कोई त्यौहार नहीं बनाया,सभी त्यौहार पुरुषों के लिए बनाये गए है। ऐसे में एकल नारी शक्ति संस्थान द्वारा 2016 से इस त्यौहार की शुरुआत की जो बहन के नाम पर रखा गया है। जिसे जश्ने बहन चारा त्यौहार नाम दिया है। इसमें सभी गरीब एकल महिलाएं सभी धर्म की मिलकर इस त्यौहार को मनाती है। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति के विकास अधिकारी द्वारा सभी महिलाओं से वार्ता की और उनकी समस्याओं को सुना एवं समाधान की जानकारी दी। इस दौरान सहायक विकास अधिकारी राजेश शर्मा के साथ क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रेमवती देवी, शिव देवी कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमे एकल महिला गुड्डी देवी,राजकुमारी,रामकली,छोटी,रमदेई सहित अन्य मौजूद रही।



### तीन थानों की पुलिस ने ली जेल की तलाशी

# बैरकों और बंदियों की सर्चिंग की नहीं मिली कोई आपत्तिजनक वस्तु

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, (राजू शर्मा)।** धौलपुर सीओ सिटी मुनेश मीणा बुधवार सुबह भारी पुलिस बल के साथ अचानक जिला जेल धौलपुर पहुंचे। उन्होंने धौलपुर सर्कल की पुलिस के साथ जिला जेल के भीतर पहुंचकर सभी बंदियों की सघन तलाशी ली। जहां पुलिस को कोई भी आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। मामला यूं है कि एसपी सुमित मेहरड़ा के निर्देश पर सीओ सिटी मुनेश मीना तीन थानों की पुलिस को लेकर बुधवार सुबह अचानक जिला कारागार पहुंच गए। जहां पुलिस की टीम ने बैरकों में बंद हार्डकोर बंदियों के साथ दूसरे बंदियों की सघन तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान पुलिस की टीम ने अलग-अलग बैरक में पहुंचकर प्रत्येक बंदी की भी तलाशी ली। जेल में हुई छापामार कार्रवाई के बाद सीओ सिटी ने बताया कि एसपी के निर्देश पर जिला कारागार में ली गई तलाशी के बाद पुलिस को जेल से कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला है। जिसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीम जेल से बाहर निकल आई। जेल से बाहर आने के बाद पुलिसकर्मियों ने जेल की चारदीवारी के बाहर भी सर्चिंग की। सीओ सिटी ने बताया कि जेल में तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी।

# बाड़ी में कार ने बुजुर्ग महिला को कुचला बाड़ी अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, (नि.स.)।** बाड़ी शहर के राजपूत कॉलोनी रोड पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज गति से आ रही एक क्रेटा गाड़ी ने पशुओं को चराने खेत पर जा रही 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला कृष्णा देवी को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल महिला को तुरंत बाड़ी सामान्य अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया। उपचार के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया, जिसके बाद परिजन शव को वापस बाड़ी अस्पताल ले आए। यहां पुलिस ने परिजनों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराया। कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि हादसा ठाकुर पाड़ा के गर्ग पेट्रोल पंप से संत नगर हाईवे की ओर जाने वाले रास्ते पर सुबह करीब 10-11 बजे के बीच हुआ।

# जन्मदिवस पर जिला चिकित्सालय में फल वितरण कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला चिकित्सालय, बाड़ी में मरीजों को फल वितरित किए। इस सेवा कार्य का उद्देश्य समाजसेवा को बढ़ावा देना और लोगों के प्रति अपनी सेवा भावना प्रकट करना था। कार्यक्रम में भाजपा बाड़ी विधानसभा की सदस्यता अभियान संयोजक वंदना शिवहरे, बाड़ी मंडल अध्यक्ष दिनेश मामा, डॉ. हरिकिशन मंगल, अल्पसंख्यक जिला मोर्चा उपाध्यक्ष नाजिया खान, नगर उपाध्यक्ष बाड़ी नरेश यादव, महामंत्री संजय परमार, मंत्री नितिन शर्मा, अतुल मंगल, और नरेंद्र दिवाकर शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी पदाधिकारियों ने मरीजों से मिलकर उनका हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने बताया कि पार्टी हमेशा समाज सेवा को प्राथमिकता देती है और इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से जन-सेवा को बढ़ावा देती है।



# सीवरेज लाइन चौक, घरों के सामने भरा गंदा पानी : कई बार शिकायत के बावजूद नहीं हुआ समाधान, लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** धौलपुर की ओंडेला रोड़ स्थित दुर्गा कॉलोनी में पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने से लोग परेशान हैं। कॉलोनी में सीवरेज के चैंबर भी चौक होने से घरों का गंदा पानी आम रास्ते में एकत्रित होने से कॉलोनी के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार शिकायत के बावजूद भी लोगों की समस्या का समाधान नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने जल भराव की समस्या को लेकर प्रदर्शन की चेतावनी दी है। अखिल भारतीय युवा गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष संजय कंसाना ने बताया कि कॉलोनी में नालियां नहीं होने एवं सीवरेज के चौक पड़े चैंबरों के बारे में कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन नगर परिषद के अधिकारियों की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया गया है। जिला अध्यक्ष ने बताया कि नालियों का गंदा पानी घरों के सामने भरा रहता हैं।



## आंगनबाड़ी केंद्र पर पोषण, पढ़ाई एवं स्वच्छता पर हो विशेष फोकस

# प्लास्टिक मुक्त परिवेश की दिलाई शपथ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार परियोजना धौलपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पोषण भी पढ़ाई भी विषय पर जिला परिषद सभागार में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आव्हाद निवृत्ती सोमनाथ ने आईसीडीएस कार्मिकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता किसी भी क्षेत्र की सामाजिक विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। बच्चे का पोषण, प्रारम्भिक बाल्यावस्था शिक्षण की गुणवत्ता बच्चे के समग्र भविष्य को तय करती है। बच्चे के शुरुआती वर्ष में ही उसके सम्पूर्ण मस्तिष्क का विकास होता है अत: इसी अवधि के दौरान उसको व माँ को दिया पोषण, बच्चे को दी गयी पूर्व शाला शिक्षा तथा स्वच्छता के विषय में डाली गई अच्छी आदतें बच्चे के विकास की बेहतर नींव तैयार करते हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता शिशु के विकास क्रम में अपनी महत्ता को समझते हुए अच्छे प्रकार से कार्य करें।

इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद ने प्लास्टिक के दुष्प्रभाव पर चर्चा करते हुए सभी कार्मिकों को यह शपथ दिलाई कि अपने घर, कार्यस्थल, बच्चों तथा परिवेश में प्लास्टिक मुक्त जीवनचर्या विकसित करने की शुरुआत करें जो स्वास्थ्य व पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बेहतर कदम होगा। इसके अलावा संविधान की प्रस्तावना पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक भारतीय नागरिक संविधान के प्रति समझ विकसित करें।

उन्होंने सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के विकास हेतु उठाए कदमों एवं नई शिक्षा नीति में पूर्व बाल्यावस्था शिक्षा के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने मिशन उत्कर्ष जिले के रूप में पीरामल द्वारा कौशल विकास कार्यक्रम, एनिमिया कार्यक्रम पर चर्चा की। सीडीपीओ भूपेश गर्ग ने पोषण भी पढ़ाई भी कार्यक्रम की संकल्पना पर प्रकाश डाला तथा आंगनबाड़ी कार्मिकों को साप्ताहिक कैलेंडर, नवचेतना, आधारशिला, बच्चों के शिक्षण, सामान्य घरेलू सामग्री से बच्चों के खिलोने, पोषण अभियान के विविध आयामों, बच्चे के विकास के सोपानों पर चर्चा की। इस मौके पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से डॉ गजेंद्र वैष्णव ने आयुर्वेद के माध्यम से अनेमिया नियंत्रण पर चर्चा की। प्रशिक्षण में महिला पर्यवेक्षक प्रभा झा, इंदु सक्सेना, ममता जैन, सहायक लेखाधिकारी मांगीलाल आर्य, लोकेश कुशवाह, धर्मेंद्र कुशवाह, निकिता शर्मा तथा मनियां, बरहमोरी, धौलपुर सिटी तथा ग्रामीण क्षेत्र की लगभग 115 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

# 15 साल के मासूम की संदिग्ध हालत में मौत

## परिजनों ने निजी अस्पताल पर लगाया लापरवाही से इलाज करने का आरोप

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** निहालगंज थाना इलाके में बुधवार को 15 साल के मासूम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने इलाके में संचालित एक निजी अस्पताल पर लापरवाही का आरोप लगाया है, जिसके बाद पुलिस ने मासूम के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। जिला अस्पताल की चौकी में तैनात एएसआई प्रेम सिंह ने बताया कि बुधवार को एक मासूम को उसके परिजन इलाज के लिए अस्पताल लेकर आए थे। जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मासूम को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद मृतक मासूम खुशहाल पाठक (15) के पिता मुकेश शर्मा ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उनके बेटे की तबीयत बिगड़ने पर मासूम को ओंडेला रोड स्थित एक निजी अस्पताल पर ले जाया गया, जहां तैनात डॉक्टर ने मासूम को एक इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। घर पहुंचते ही मासूम बेहोश होकर नीचे गिर गया। इस पर उसे लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में मासूम को मृत घोषित किए जाने के बाद अस्पताल चौकी पुलिस को सूचना दी गई। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी प्रेम सिंह ने मृतक के शव को जिला अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया है। परिजनों द्वारा रिपोर्ट दिए जाने के बाद मासूम का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा, जिसके बाद उसकी मौत के कारणों का खुलासा होगा।

# अग्रवाल समाज की 40 से अधिक प्रतिभाएं सम्मानित : अग्रसेन जयंती को लेकर चर्चा, दीपावली मिलन समारोह और अन्नकूट का भी आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** अग्रवाल समाज संस्थान की अर्द्ध वार्षिक बैठक का आयोजन अग्रसेन सेवा सदन में किया गया। बैठक के दौरान अग्रवाल समाज की 40 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। बैठक में अग्रवाल समाज के 6 माह के कार्यकाल का लेखा-जोखा भी पेश किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा के पूर्वी प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग मौजूद रहे। अग्रवाल समाज के जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल ने बताया कि अग्रवाल समाज संस्थान की हाल ही हुई बैठक में अग्रसेन जयंती को लेकर चर्चा की गई, जिसके बाद अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उप मंत्री प्रेम मंगल और अग्रवाल समाज संस्थान के अध्यक्ष अखिलेश गोयल की मौजूदगी में दीपावली मिलन समारोह आयोजित कर अन्नकूट का आयोजन किया गया। अग्रसेन सेवा सदन में हुई बैठक के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली समाज की 40 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। बैठक में अर्द्ध वार्षिक लेखा जोखा पेश करने के बाद समाज के आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। अग्रसेन सेवा सदन में हुई बैठक के दौरान प्रदेश अध्यक्ष गिरीश गर्ग, जिला अध्यक्ष ऋषि मित्तल, राष्ट्रीय उप महामंत्री पीसी मंगल, राज्य कोषाध्यक्ष एवं जिला महामंत्री राजेश गर्ग, प्रमुख समाजसेवी मुरारी लाल सिंघल, उपाध्यक्ष विष्णु सिंघल, सह मंत्री सुनील गर्ग, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, भंडारी केशव गर्ग, रामनारायण बंसल, गौरी शंकर, मुन्ना लाल गोयल, नितिन मंगल, शिवशंकर गर्ग, अतुल अग्रवाल और राजकुमार सिंघल मुख्य रूप से मौजूद रहे।



# आपसी विवाद में चले लाठी-डंडे और हुई फायरिंग : 4 घायलों को अस्पताल में कराया भर्ती, दोनों पक्षों ने कराया मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर, ( नि.स. )।** धौलपुर के मनियां थाना क्षेत्र के परसोंदा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमें दोनों पक्षों से आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। चार घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लाठी, डंडे और कुल्हाड़ी से मारपीट कर हवाई फायरिंग का आरोप लगाते हुए दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। घटना के बाद गब्बर सिंह (32) पुत्र लाखन सिंह ने दूसरे पक्ष के दाताराम सहित दर्जन भर लोगों के खिलाफ मारपीट कर हवाई फायरिंग का मामला दर्ज कराया है। जिसमें बताया गया है कि वह अपने पूर्वजों का चबूतरा बनवा रहा था। जिसका सामान लेने के लिए परिवार के लोग बाजार जा रहे थे। जहां रास्ते में दाताराम पक्ष के लोगों ने उसके परिवार के लोगों को रोक कर मारपीट कर हवाई फायरिंग दी। जिस मारपीट में भागीरथ गब्बर, भागीरथ, अशोक और कल्याण घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, दूसरे पक्ष के दाता राम (70) पुत्र जरमन सिंह ने गब्बर सिंह पक्ष के लोगों पर तेज गति से ट्रैक्टर चलाकर उनके परिवार के ऊपर चढ़ाने के साथ मारपीट कर हवाई फायरिंग करने का मामला दर्ज कराया है। जिसमें दाताराम पक्ष की महिला वीरो देवी और दाताराम घायल हुए हैं।

# आशा सहयोगिनी जिला सम्मेलन 8 को मातृकुंडिया में

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** राजस्थान आशा सहयोगिनियों का एक जिला सम्मेलन 8 नवम्बर को राशमी तहसील के मातृकुंडिया में आयोजित होगा। राजस्थान आशा श्रमिक लीडर राधा जोशी ने बताया कि पहली बार आयोजित आशा वर्कर के इस एक दिवसीय जिला सम्मेलन में आशा यूनियन की राष्ट्रीय सचिव सुरेखा, आशा वर्कर प्रदेश लीडर सुमित्रा चोपड़ा एवं सीटू यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भंवर सिंह शेखावत के साथ ही प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर की आशा श्रमिक लीडर भाग लेगी। इस जिला सम्मेलन में आशा वर्कर को कार्य बोझ ज्यादा होने एवं अल्प मानदेय को लेकर चर्चा होगी साथ ही जिले में चुनाव कराये जाने एवं आशा वर्कर के संघर्ष को लेकर आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# सरस्वती का अपमान नहीं होना चाहिए- महासाध्वी प्रतिभा श्रीजी

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** जैन दिवाकर भवन निंबाहेड़ा में जैन सिद्धांताचार्य साध्वी मधुर गायिका प्रतिभा श्रीजी म.सा., प्रेक्षा श्रीजी म.सा. एवं प्रेरणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा तीन चातुर्मास आराधना में विराजित है।

बुधवार को ज्ञान पंचमी के शुभ अवसर पर मां सरस्वती की महिमा बताते हुए साध्वी प्रतिभा श्रीजी म.सा. ने कहा कि दीपावली पर्व के बाद कार्तिक माह की शुक्ल पंचमी से सरस्वती वंदना के पंचमी उपवास रखे जाते हैं। यह उपवास 5 वर्ष तक चलते हैं। इन्हें संयमित रूप से करने से ज्ञान में वृद्धि होती है, साथ में णमो णाणस मंत्र के जप की महिमा भी बताई। उद्बोधन के दौरान प्रतिभा श्रीजी म.सा. ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति की जिह्वा पर सरस्वती का वास होता है। यदि ज्ञान होगा तो उसकी वाणी मधुर निकलेगी और उसका यश पूरे समाज में और क्षेत्र में बढ़ेगा। उन्होने बताया कि ज्ञानी व्यक्ति हमेशा पूजा जाता है। उन्होंने बताया कि संत समाज का हिस्सा है और संतों का अपमान नहीं करना चाहिए। गुरुओं की बातों को ध्यान से सुनना चाहिए। इस अवसर पर संघ अध्यक्ष विजय कुमार मारू ने बताया कि चातुर्मास के दौरान महासतियों द्वारा समाज को एकजुट करने के साथ-साथ जेन धर्म के विषय में महत्वपूर्ण और अच्छी जानकारी दी गई।

# विद्युत विभाग को मिली 1. 4 हेक्टेयर भूमि, विद्युत विभाग से संबंधित लगभग सभी कार्यालय होगें स्थापित

## भूमि आवंटन के बाद अधीशाषी अभियन्ता ने हर्ष व्यक्त कर जताया आभार

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार की मंशानुरूप प्रत्येक जिलों में सरकारी योजनाओं का हर आमजन तक लाभ पहुंचाने व सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे हैं । जिला कलेक्टर डॉ महेन्द्र खड़गावत के प्रयासों से नवगठित ब्यावर जिला विकास के पथ पर अग्रसर है । जिला कलेक्टर ने 6 नवंबर को आदेश जारी कर ग्राम देलवाड़ा में 1.4000 हेक्टेयर भूमि का आवंटन विद्युत विभाग से संबंधित नवीन विद्युत कार्यालय यथा अधिशाषी अभियंता (एमएंडपी), अधिशासी अभियंता (केंद्रीय सतर्कता), सहायक अभियंता (एमएसटी), सहायक अभियंता (आईटी), सहायक अभियंता (एफआईएस), सहायक भंडार नियंत्रक, सहायक अभियंता (सिविल), विद्युत चोरी निरोधक थाना हेतु भूमि का आवंटन किया ।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ब्यावर के अधिशासी अभियंता के प्रार्थना पत्र पर उपखंड अधिकारी ब्यावर ने ब्यावर तहसील के ग्राम देलवाड़ा के खसरा नंबर 2006/1447 रकबा 17.4379 हेक्टेयर में से 1.4000 हेक्टेयर भूमि का प्रस्ताव जिला कलेक्टर को प्रेषित किया । ग्राम देलवाड़ा नगर परिषद ब्यावर के पैराफेरी क्षेत्र में स्थित होने से वरिष्ठ नगर नियोजक की राय प्राप्त की गई तथा नगर परिषद ब्यावर का अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं संबंधित ग्राम पंचायत का प्रस्ताव व अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त कर प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा गया । राज्य सरकार की स्वीकृति के आधार पर जिला कलेक्टर ने नवीन विद्युत कार्यालयो के लिए उक्त खसरा नंबर में 1.40 हेक्टेयर भूमि आवंटित कर तहसीलदार ब्यावर को राजस्व रिकॉर्ड में अंकन करने के निर्देश दिए । विद्युत कार्यालय के लिए आवश्यकता अनुरूप नवीन भूमि आवंटन करने पर अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ब्यावर के अधीक्षण अभियंता एमके सिंघल ने राज्य सरकार व जिला कलेक्टर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त नवीन भूमि पर कार्यालय के निर्माण से विद्युत कार्यों में बेहतर प्रगति आएगी साथ ही विद्युत कार्यों में तेजी लाकर शत प्रतिशत रूप से आमजन को राहत पहुंचाने का कार्य किया जाएगा ।

# चंबल की दांयी मुख्य नहर से किसानों को अतिशीघ्र खेती के लिए पानी उपलब्ध करवाने को लेकर पूर्व मंत्री प्रमोद भाया ने की मांग

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान



**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां जिले में चंबल की दांयी मुख्य नहर से किसानों को खेती के लिए पर्याप्त मात्रा में अतिशीघ्र पानी उपलब्ध करवाए जाने को लेकर राजस्थान के पूर्व खान एवं गोपालन मंत्री प्रमोद जैन भाया द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर मांग की गई है। पूर्व मंत्री प्रमोद जैन भाया ने पत्र में बताया है कि बारां जिले में चंबल की दांयी मुख्य नहर में पानी छोडे हुए एक सप्ताह से भी अधिक का समय गुजर चुका है लेकिन अयाना ब्रांच में पानी छोडकर ही अधिकारियों ने इतिश्री कर ली है। मध्यप्रदेश में प्रवेश से पहले राजस्थान के पड़ने वाले खेती के इलाके में अब तक भी पानी नही छोड़ा गया है। मध्यप्रदेश में पानी जाने के रास्ते पर गेट लगाकर पानी रोकने से रेनगढ, जडावदिया, रिझिंया, जारेला, बालून्दा, बलवनखेडी, मालबमोरी, श्रीपुरा, कांकरा, मूण्डला, जलोदा, किशनपुरा, कराडिया, सीमल्या, सूता बालाजी वाला, पचेलखुर्द, अंता, धतूरिया, सरकन्या, काचरी माइनरों में अब तक भी पानी नही पहुंचा है। ऐसे में कोटा बैराज में पानी की आवक होने के बावजूद किसान भाईयों के खेत प्यासे पड़े हुए है जिसके कारण किसान भाईयों द्वारा बुवाई कर चुके खेतों में बीज खत्म होने की आशंका है। लहसुन की सूखे में बुवाई हो गई तो अब सरसों व चने के रेलणे के लिए पानी की जरूरत आन पड़ी है। गेहूं के पलेवे का भी समय आ गया है, लेकिन किसानों को पानी नही मिलने से बुवाई में देरी हो रही है। पानी नही मिलने के कारण किसानों की चिन्ता बढ़ती जा रही है।

# सर्व ब्राह्मण महासभा का दीपावली स्नेह मिलन, प्रतिभा सम्मान व अन्नकूट समारोह आयोजित





बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** 'आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः' बुद्धिमान व्यक्ति को चाहिए कि जिस प्रकार वह शत्रु से सावधान रहता है,उसी प्रकार आलस्य से भी सावधान रहने की आवश्यकता है। मनुष्य जीवन के प्रगति मार्ग में सबसे बड़ा शत्रु उसका आलस्य ही होता है। जिस प्रकार शत्रु के आक्रमण से रक्षा के लिए सतर्क रहते हैं,उसी प्रकार आलस्य के आक्रमण से बचने के लिए भी सदैव सावधानी बरतनी चाहिए। यह विचार पूर्व विधायक हंसराज शर्मा ने बुधवार को एक मैरिज गार्डन में सर्व ब्राह्मण महासभा की ओर से आयोजित दीपावली सम्मेलन प्रतिभा सम्मान व अन्नकूट समारोह में व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि आलसी व?यक्ति सदैव भाग?य को दोष देकर पछताता रहता है,जिसके जीवन में आलस्य है उसके पास भाग्य को कोसने के अलावा कुछ नहीं है। जो आलस्य से शत्रु के समान दूरी रखता है और पुरुषार्थ को अपना मित्र समझकर पास में रखता है,ऐसा मनुष्य अपने भाग्य का नव निर्माण स्वतः कर लेता है। वहीं पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि स्वयं के पुरुषार्थ के बिना जीवन में उन्नति एवं उत्थान के द्वार भी स्वतः बंद हो जाते हैं। दूसरे आपको केवल सलाह दे सकते हैं लेकिन उस पर चलना आपके स्वयं के हाथों में ही है। केवल आप ही इस दुनिया में स्वयं अपनी तकदीर बदल सकते हैं। केवल आप ही स्वयं के चेहरे पर मुस्कुराहट ला सकते है!आपकी किसी भी समस्या का श्रेष्ठ हल आपके सिवा किसी और के पास नहीं हो सकता है। केवल आप स्वयं ही अपनी प्रत्येक समस्या का हल ढूँढ सकते हैं एवं अपने जीवन को एक आदर्श जीवन बना सकते हैं। इससे पूर्व समारोह के प्रारंभ में भगवान परशुराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया! इस मौके पर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता एवं महिलाओं की कुर्सी दौड़ व मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। समारोह में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों एवं महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डमरू दयाल शर्मा, पूर्व ब्लाक शिक्षा अधिकारी सत्यनारायण शर्मा व मीना शर्मा ने किया। महासभा के अध्यक्ष श्री कृष्ण शर्मा ने धन्यवाद धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर हां सुबह के जिला मंत्री हनुमान शर्मा, रामबाबू शर्मा, महिला जिला अध्यक्ष माया शर्मा, पूर्व पार्षद अलका शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे समारोह में स्नेह भोज का भी आयोजन किया गया, बड़ी संख्या में लोगों प्रसादी पाई।

# डेढ़ करोड़ रुपये कीमत का अवैध डोडा चूरा सहित एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ जिले की स्पेशल पुलिस टीम ने बिजयपुर थाना पुलिस के साथ मिल अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप से 10 क्विंटल 40 किलो 820 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा, 12 बोर गन का एक खाली व 11 जिन्दा कारतूस एवं पायलेटिंग कर रही एक स्विफ्ट कार जब्त कर पिकअप सवार तस्कर लाल सिंह (36) निवासी बडावली थाना कनेर को गिरफतार किया है। जब्त अवैध डोडा चूरा की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपये है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि बिजयपुर थाना पुलिस द्वारा पालछा तिराहे पर नाकाबंदी की जा रही थी। इन दौरान तेजी से आ रही एक स्विफ्ट कार को नाकाबन्दी स्थल से तेजी से निकालने के दौरान बेरिकेड्स के टकराने के बाद उसका चालक उतर कर भाग गया। कार के पीछे एक पिकअप आ रही थी, जिसमें तीन व्यक्ति बैठे हुए दिखे। पुलिस को देख पिकअप चालक व खलासी साइड में बैठा व्यक्ति उतरकर भागने लगे। नजदीक खड़े पुलिस जाप्ता द्वारा पकडने के लिए नजदीक जाने लगे तो खलासी साईड में बैठे व्यक्ति ने भागते हुये पिस्टल व 12 बोर गन से पुलिस जाप्ता को जान से मारने की नीयत से फायर किये। बचाव के लिए पुलिस टीम द्वारा भी सरकारी पिस्टल से फायर किये गये। लेकिन रात का समय व आस पास घना जंगल होने से पिकअप चालक व खलासी साईड में बैठा एक व्यक्ति फायरिंग करते हुए अंधेरे का फायदा उठाकर घने जंगल मे भाग निकले। पिकअप में बीच में बैठे तस्कर लाल सिंह राजपूत को पुलिस ने पकड़ लिया। पिकअप के पीछे एक बिना नम्बरी बोलरो गाड़ी और आई, जिनमे भी तीन व्यक्ति बैठे हुए थे। जिसका चालक पुलिस को देख बोलेरो को वापस घुमा कर भगा ले गया। पुलिस ने पिकअप से पकड़े लाल सिंह से पूछताछ की तो उसने पिकअप के खलासी साईड में बैठे व्यक्ति की पहचान उदय लाल निवासी पेमाखेड़ा बिजयपुर एवं बोलेरो में बैठे एक का नाम भँवर नायक निवासी बड़ावली थाना कनेरा एवं दो अन्य व्यक्ति होना बताया। पुलिस ने मौके पर रोकी पिकअप की तलाशी ली तो उसमें रखे 55 प्लास्टिक के कट्टों में 10 क्विंटल 40 किलो 820 ग्राम अवैध अफीम डोडाचूरा मिला एवं 12 बोर गन का एक खाली व 11 जिन्दा कारतूस मिला। पिकअप व स्विफ्ट कार सहित कारतूस जब्त कर आरोपी लाल सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया। पुलिस जानकारी के अनुसार मौके से फरार हुआ आरोपी उदय लाल गुर्जर की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से 25 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की हुई हैं।

# जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 7 नवम्बर से अब तक 40.50 प्रतिभागियों का पंजीयन



बढ़ता राजस्थान

**अंता/बारां ( शफीक मंसूरी )।** बारां डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में बेडमिंटन टूर्नामेंट 7 से 10 नवम्बर को बारां के खेल संकुल स्थित बेडमिंटन हॉल में आयोजित होंगे। जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि टूर्नामेंट के लिए अब तक 40 से 50 प्रतिभागियों की प्रविष्टियां लॉक हो चुकी है। इस टूर्नामेंट में चार प्रमुख श्रेणियों में अंडर.14ए अंडर.19ए सीनियर और महिला श्रेणी में मुकाबले होंगे। इन श्रेणियों में युवाओं से लेकर अनुभवी खिलाड़ियों तक ने अपनी जगह पक्की कर ली है और वे गुरूवार से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए शाम 4 बजे तक बारां बैडमिंटन हॉल में ऑन.स्पॉट रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। इस हेतु इच्छुक खिलाड़ी दिव्यांश और अमन से संपर्क कर सकते हैं। जिला खेल अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागी अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करने के लिए बेहद उत्साहित हैं और यह टूर्नामेंट क्षेत्रीय स्तर पर बैडमिंटन को और अधिक लोकप्रिय बनाने का एक बेहतरीन अवसर है।

टूर्नामेंट में प्रतिभागी न केवल अपनी खेलने की क्षमता को साबित करेंगेए बल्कि यह भी तय करेंगे कि कौन सी श्रेणी में जीतकर आगे बढ़ेंगे। सभी मैचों के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा की उम्मीद की जा रही है। ऑर्गेनाईजेशन कमेटी के दिनेश बंसल, राकेश पौराणिक, दिव्यांश, अमन व वंदन आदि पदाधिकारी व सदस्य प्रतियोगिता की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

# सूरतगढ़ पीजी कॉलेज में अंतर महाविद्यालय कुश्ती महिला प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन होगा आज

बढ़ता राजस्थान



**सूरतगढ़ ( नि.स. )।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय द्वारा जारी खेल कैलेंडर 2024-25 के अनुसार अंतर महाविद्यालय कुश्ती महिला प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन 7 नवंबर 2024 को सूरतगढ़ पी.जी. महाविद्यालय सूरतगढ़ में करवाया जाएगा सूरतगढ़ पी.जी. कॉलेज सूरतगढ़ के प्राचार्य डॉ. नारायण चंद छिम्पा तथा खेल प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर से संबंधता प्राप्त बीकानेर संभाग के महाविद्यालय की कुश्ती (महिला) की टीमें इसमें भाग लेगी। खेल प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता से सूरतगढ़ के आसपास के क्षेत्र के बच्चों को खेल प्रतियोगिता के द्वारा खेल से जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी तथा भविष्य में वह सभी लाभान्वित होंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में होने पर सभी स्टाफ तथा प्रबंध समिति ने प्रशंसा व्यक्त की। इस प्रतियोगिता को नियमानुसार व बहुत ही अच्छे स्तर पर करवाने के लिए महाविद्यालय स्टाफ द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं ।

# कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सुराणा के घर पर जमीन विवाद के चलते बदमाशों ने की फायरिंग

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र की शास्त्रीनगर स्थित नीलकण कॉलोनी में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सुराणा के घर पर जमीन विवाद के चलते बदमाशों ने फायरिंग कर दी, गनीमत रही की गोली किसी को नहीं लगी फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

पुष्पा सुराणा ने बताया कि उनके घर पर पिछले लंबे समय से दूध देने का काम करने वाले बालू जाट ने उन्हें दांथल गांव में एक जमीन के बारे में बताया उसकी बताई जमीन का सौदा उन्होंने किया, जिसके बाद आज जब मौके पर नपती करवाने गए उसे दौरान बालू ने घर पर आकर बात करने के लिए कहा तो सुराणा के पति विद्यासागर सुराणा और उनके बेटे अतुल ने उसे घर आने और बैठकर बात करने के लिए बोला तो इस पर वह अपने चार साथियों के साथ घर पर आया और परिवार के लोगों से बहस करने लगा। इस दौरान उनमें शामिल एक युवक ने बंदूक निकालकर फायर कर दिया गनीमत रही कि निशान चूक गया और गोली कमरे की छत पर जा लगी। अचानक एकाएक हुई फायरिंग से परिवार सदमे में आ गया और कॉलोनी में हड़कंप मच गया। परिवार की चीख पुकार की आवाज सुनकर क्षेत्रवासी इक्कठा हो गए और बदमाशों को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह मौके से भाग छूटे। इसके बाद घटनाक्रम की सूचना कोतवाली थाना पुलिस को दी गई, जिस पर कोतवाली थाने का जाब्ता मौके पर पहुंचा और एफएसएल टीम की मदद से आरोपियों के खिलाफ सबूत जुटाते हुए उनकी तलाश शुरू कर दिए।

# पूर्व छात्रों का दीपावली स्नेह मिलन का आयोजन संपन्न हुआ

बढ़ता राजस्थान



**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में पूर्व छात्रों का स्नेह मिलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनीष कुमार तिवारी( शारीरिक शिक्षक), धनवंतरी शर्मा (लिपिक) एवं श्यामलाल कारपेंटर( कार्यवाहक प्रधानाचार्य ) रहे। मुख्य अतिथि मनीष तिवारी ने छात्रों से विद्यालय से जुड़े रहने एवं सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के आचार्य प्रीतम कुमार टेलर ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए पूर्व छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया एवं ऑनलाइन गेमिंग, ऑनलाइन फ्रॉड आदि के बारे में सतर्क रहने का आग्रह किया। विद्या भारती की योजना के अनुसार श्यामलाल कारपेंटर ने पूर्व छात्र परिषद का गठन किया। परिषद में संयोजक, सहसंयोजक एवं सदस्यों को मिलाकर एक परिषद बनाई जो सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देगी। पूर्व छात्रों ने आपस में एक दूसरे से परिचय किया और विद्यालय से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। धनवंतरी शर्मा में अंत में सभी का आभार व्यक्त किया।

# पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने ली पशुपालन विभाग के जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** पशुपालन, डेयरी गोपालन एंव देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने भीलवाडा प्रवास पर सर्किट हाउस में पशुपालन विभाग के अधिकारियों की समीक्षात्मक मीटिंग ली। कुमावत ने अधिकारियों को निर्देश दिए की जिले में संचालित मोबाईल वेटरनरी यूनिट के लिए कॉल सेंटर के नंबर 卐1962卐 का प्रचार प्रसार प्रभावी होना चाहिए और मोबाईल वेटरनरी यूनिट की सुविधाएं, दूरस्थ गांवों के पशुपालकों को मिलनी चाहिए, जहां विभागीय संस्थाएं नहीं हैं या फिर पशु चिकित्सक या पशुधन सहायक के रिक्त पद हैं। कार्यवाहक संयुक्त निदेशक, पशुपालन विभाग डा. दिनेश खोईवाल ने मोबाईल वेटेरोनेरी यूनिट का उपयोग को लेकर आश्वस्त किया और कहा कि जहा कोई समस्या है, वहां मोनीटरिंग करके सुधार किया जाएगा।

समस्त ग्राम पंचायतों मे फ्लेक्स लगा कर या दीवार लेखन से बीमार पशुओं का मुफ्त मे इलाज, काल करे 1962 पर स्लोगन लिखवाकर पशुपालकों तक मोबाईल वेटेरीनेरी यूनिट की सुविधाओं के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही पशु आश्रय स्थल और नंदी शाला की निविदा संबंधी समस्त प्रक्रिया भी जल्द पूर्ण कर ली जायेगी।

बैठक में अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गजेन्द्र सिंह चारण, और कृष्ण गोपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया ने जोश इंग्लिश को कप्तान बनाया

## पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे, टी-20 सीरीज में कप्तानी करेंगे; सीनियर्स को आराम

मेलबर्न।

विकेटकीपर बैटर जोश इंग्लिश ऑस्ट्रेलियाई टीम के इंटरिम कप्तान बनाए गए हैं। वे पाकिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मुकाबले और टी-20 सीरीज में टीम को लीड करेंगे। 29 साल के इंग्लिश वनडे के 30वें और टी-20 के 14वें कप्तान बने हैं। टीम के रेग्युलर टी-20 कप्तान मिचेल मार्श वाइट बॉल सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं। वहीं, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क जैसे सीनियर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की तैयारियों में जुटे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम के चीफ सिलेक्टर जॉर्ज बेली ने बुधवार रात को कहा- जोश वनडे और टी-20 टीमों के अहम सदस्य हैं। मैदान के अंदर और बाहर उनका बहुत सम्मान किया जाता है। वे ऑस्ट्रेलिया ए की कप्तानी कर चुके हैं और इस भूमिका में सूझबूझ से पॉजिटिव अप्रोच लाएंगे। उन्हें मैट शॉर्ट, एडम जम्पा के साथ मैक्सवेल और स्टोयनिश जैसे सीनियर्स का सपोर्ट मिलेगा।



पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे इंग्लिश जोश इंग्लिश पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी करेंगे। उन्होंने अपनी शानदार फॉर्म के कारण ग्लेन मैक्सवेल और मार्कस स्टोयनिस को कप्तानी की रेस में पीछे छोड़ दिया। 2023 वनडे वर्ल्ड कप में दमदार प्रदर्शन करने के बाद लिमिटेड ओवर क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के फर्स्ट च्वॉइस विकेटकीपर हैं।

उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ पहले वनडे मैच में सबसे ज्यादा 49 रन बनाए। 42 बॉल की पारी में इंग्लिस ने 4 चौके और 3 सिक्स लगाए।

आखिरी मैच में नहीं खेलेंगे कमिंस, हेजलवुड और स्टार्क इंग्लिश के कप्तान बनने के बाद पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड, मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ जैसे सीनियर खिलाड़ी पाकिस्तान के खिलाफ तीसरे वनडे में नहीं खेलेंगे। इनकी जगह तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, जेवियर बार्टलेट को मौका दिया जाएगा। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश फिलिप और लांस मॉरिस को मौका मिलेगा।

ऑस्ट्रेलिया ने 2 विकेट से जीता पहला मुकाबला 3 वनडे की सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम 1-0 से आगे चल रही है। टीम ने 4 नवंबर को एमसीजी में खेला गया पहला मुकाबला 2 विकेट से जीता था। सीरीज का दूसरा मुकाबला एडिलेट में 8 नवंबर को और तीसरा मुकाबला पर्थ में 10 नवंबर को खेला जाएगा। टी-20 सीरीज का पहला मैच 14 नवंबर को गाबा में खेला जाएगा।

# वॉर्नर बोले : अनऑफिशियल टेस्ट का गेंद विवाद दबाया गया

## बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी इसकी वजह, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया जवाब दे

सिडनी।

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया पर अनऑफिशियल टेस्ट का गेंद विवाद दबाने का आरोप लगाया है। साथ ही यह स्पष्ट करने को कहा है कि इंडिया ए और आस्ट्रेलिया ए के बीच पहले मैच के दौरान अंपायर्स ने बॉल बदली तो क्या हुआ।

38 साल के पूर्व क्रिकेटर ने कहा- मामला खत्म कर दिया गया है, क्योंकि भारत की सीनियर टीम 5 टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है। मैके क्वींसलैंड में खेले गए 4 दिन मैच के आखिरी दिन 3 नवंबर को अंपायर्स ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी। इस पर भारतीय खिलाड़ी नाखुश दिखे, खासकर ईशान किशन। उन्होंने इसे मूर्खतापूर्ण फैसला करार दिया।

### वॉर्नर की पूरी बात... सिडनी मार्निंग हेराल्ड के अनुसार वार्नर ने कहा...

मेरा मानना है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को अंतिम फैसला करना है। मुझे लगता है कि भारतीय टीम इन गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर आने वाली है और इसलिए यह मामला जल्द से जल्द खत्म कर दिया गया, लेकिन अगर अंपायरों को लगता है कि कुछ हुआ है, तो मुझे यकीन है कि इस पर आगे की कार्रवाई होगी। मुझे लगता है कि अंपायरों या मैच रेफरी को इस मामले में उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।

क्या हुआ था? फील्ड अंपायर शॉन क्रेग ने मुकाबले के चौथे दिन अचानक बॉल बदल दी। तब ऑस्ट्रेलिया ए को जीत के लिए 86 रनों की जरूरत थी। इससे भारतीय खिलाड़ी नाखुश दिखे। ईशान किशन ने इसका विरोध भी किया। इसी बातचीत के दौरान अंपायर शॉन क्रेग को स्टंप माइक्रोफोन पर यह कहते हुए सुना गया, जब आप इसे (बॉल) खरोंचते हैं, तो हम गेंद बदल देते हैं। अब कोई चर्चा नहीं, खेल जारी रखें। यह बहस करने का विषय नहीं है। भारतीय खिलाड़ियों ने एक बार फिर पूछा कि क्या उन्हें नई गेंद से ही खेलना होगा, तो अंपायर ने कहा आप उसी गेंद से खेलेंगे। विवाद खड़ा होने के चंद घंटों पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान जारी कर बॉल टैम्परिंग की घटना को नकारते हुए कहा- बॉल का शेप बिगड़ जाने की वजह से अंपायर ने बॉल बदली थी। किशन सहित अन्य खिलाड़ियों पर कोई एक्शन नहीं लिया जाएगा। मैच रेफरी ने किसी को भी दोषी नहीं पाया है।



सिडनी थंडर्स के कप्तान बनाए गए हैं वॉर्नर, 12 दिन पहले बैन हटा था डेविड वॉर्नर एक दिन पहले बुधवार सुबह ही सिडनी थंडर्स के कप्तान बनाए गए हैं। 12 दिन पहले 25 अक्टूबर को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने उनके ऊपर से कप्तानी का लाइफ टाइम बैन हटा था।

ऑस्ट्रेलिया ए ने 7 विकेट से जीता मुकाबला इस मुकाबले को ऑस्ट्रेलिया ए ने 7 विकेट से जीत लिया है। कप्तान नाथन मैकस्वीनी ने नाबाद 88 रनों की पारी खेली और 3 विकेट खोकर 225 रन का टारगेट हासिल कर लिया। इससे पहले इंडिया ए ने दूसरी पारी में 312 रन बनाए थे। साई सुदर्शन ने 103 रन की शतकीय पारी खेली, जबकि देवदत्त पडिक्कल ने 88 रन बनाए।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत वापसी कर सकता है भारत : हेजलवुड

सिडनी।

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि न्यूजीलैंड से श्रृंखला में करारी हार से भारत का आत्मविश्वास डगमगा गया होगा, लेकिन उन्होंने अपनी टीम को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय टीम अधिक आक्रामक होकर 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जोरदार वापसी कर सकती है। भारत को न्यूजीलैंड से तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। यह पहला अवसर है जबकि घरेलू धरती पर तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की श्रृंखला में उसका सूपड़ा साफ हुआ।

हेज़लवुड ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा,''वह (भारत) घायल शेर की तरह वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। श्रृंखला शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं।'' घरेलू धरती पर हार न केवल भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे बुरे दौर में से एक है, बल्कि इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की अगले साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी करारा झटका लगा है। लगातार तीन हार का मतलब है कि भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया से अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है।

भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हेज़लवुड ने कहा, ''इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए



वह पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह परिणाम निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छा होगा।''

उन्होंने कहा,''न्यूजीलैंड की टीम को भी श्रेय मिलना चाहिए। उन्होंने पूरी श्रृंखला में शानदार क्रिकेट खेली। श्रृंखला तो छोड़ो भारत में एक मैच जीतना भी काफी मुश्किल होता है।'' भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। हेज़लवुड ने कहा,''हम इसके लिए तैयार हैं।यह श्रृंखला हमारे लिए काफी मायने रखती है। जब भी हम भारत के खिलाफ खेलते हैं तो वह एशेज में खेलने जैसा होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक बड़ी संख्या में मैच देखने के लिए आएंगे और टीवी रेटिंग भी बहुत ज्यादा हो सकती है।

# कौन है जलज सक्सेना जिन्होंने रणजी ट्रॉफी में 5 विकेट लेकर रचा इतिहास



घरेलू क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी में छा गए। उन्होंने बुधवार 6 नवंबर को थुंबा में उत्तर प्रदेश के खिलाफ केरल के चौथे दौर के मैच के दौरान 6 हजार रन और 400 विकेट का डबल हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए। इसके साथ ही जलज रणजी ट्रॉफी के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर बन गए हैं। कोलकाता में पिछले दौर में 6 हजार रन पार करने वाले सक्सेना ने ये उपलब्धि तब हासिल की जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के खिलाप अपना चौथा विकेट लिया। ये उनका 400वां रणजी ट्रॉफी विकेट था।

टॉस जीतकर फील्डिंग का विकल्प चुनने के बाद केरल ने उत्तर प्रदेश की कमर तोड़कर रख दी। सक्सेना ने यूपी के बाएं हाथ के बल्लेबाज नितीश राणा को स्टंप आउट करके 400वें विकेट की उपलब्धि हासिल की। सक्सेना ने जल्द ही अपना पांचवां विकेट लिया। ये रणजी ट्रॉफी में उनका 29वां पांच विकेट हॉल था। यूपी के खिलाप उनका ये सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। यूपी 18वीं टीम है, जिसके खिलाफ सक्सेना ने पांच विकेट हॉल लिया है। उन्होंने टूर्नामेंट के रिकॉर्ड के मामले में पंकज सिंह की बराबरी कर ली है।

जलज रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट का आंकड़ा छूने वाले सिर्फ 13वें गेंदबाज हैं और ऐसा करने वाले एकमात्र सक्रिय क्रिकेटर हैं। सक्सेना ने 2005 में मध्य प्रदेश के साथ अपना प्रथम श्रेणी करियर शुरू किया था। 2016-17 सत्र में केरल जाने से पहले उन्होंने टीम के लिए कुल 159 विकेट लिए और 4041 रन बनाए थे। दाएं हाथ के ऑफ स्पिनर तब से केरल के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं, जो सिर्फ केएन अनंथापद्मनाभन से पीछे हैं। सक्सेना रणजी ट्रॉफी में टीम के लिए 2000 रन बनाने के भी करीब हैं।

# भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लिए ये खिलाड़ी कर सकता है ओपनिंग!

इस महीने 22 नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैचों के तहत बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जाएगी। वहीं इस सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती ओपनिंग थी, क्योंकि डेविड वॉर्नर के बाद टीम के बाद ओपनिंग बल्लेबाज का विकल्प कम था। उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत कौन कर सकता है? इसकी एक झलक देखने को मिल गई है। दरअसल, बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया ए टीम के कप्तान नैथन मैकस्वीनी पर्थ में भारत के खिलाफ ओपनिंग करते दिख सकते हैं।

बता दें कि, नैथन मैकस्वीनी 7 नवंबर से इंडिया ए के खिलाफ मेलबर्न में खेले जाने वाले दूसरे अनऑफिशियल टेस्ट मैच में ओपनिंग करने वाले हैं, जिसका ऐलान खुद चीफ सेलेक्टर जॉर्ड बेली ने किया है।

दाएं हाथ का ये बल्लेबाज पहली बार अपने करियर में ओपन करने वाला है। मैकस्वीनी ने इंडिया ए के खिलाफ पहले मैच की दोनों पारियों में दमदार प्रदर्शन किया था। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बुधवार की सुबह इंडिया ए के खिलाफ होने वाले मैच के लिए बल्लेबाजी क्रम का खुलासा किया, जिसमें नैथन के साथ मार्कस हैरिस टॉप क्रम में होंगे। पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर सहित कई दिग्गजों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया ए मैच के बाद 13 सदस्यीय टेस्ट टीम में शामिल किए जाने वाले बल्लेबाजों की सबसे संभावित जोड़ी के रूप में मैकस्वीनी और हैरिस हैं।



वहीं 19 वर्षीय सैम कोंस्टास चौथे नंबर पर खिसक गए हैं, ये इस बात का संकेत है कि टेस्ट बर्थ के लिए उनका शुरुआती सीजन की कोशिश फीकी पड़ गई है। जबकि मैकस्वीनी ने पहले मैच में रन बनाकर अपनी दावेदारी मजबूत की है। वहीं, कैमरोन बैनक्रॉफ्ट तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। मैकस्वीनी को ओपनिंग का कोई अनुभव नहीं है, लेकिन क्वींसलैंड से साउथ ऑस्ट्रेलिया आने के बाद से वे तीसरे नंबर के बल्लेबाज रहे हैं। बेली ने कहां, जैसा कि सीरीज से पहले ससंकेत दिया गया था, दो मैचों की सीरीज के दौरान बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया जा सकता है। नैथन मैकस्वीनी बल्लेबाजी की शुरुआत करेंगे। और सैम कोंस्टास नंबर 4 पर उतरेंगे।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को लेकर रिकी पोंटिंग की भविष्यवाणी, बताया कौन से खिलाड़ी बनाएंगे सबसे ज्यादा रन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर से शुरू हो रही है। वहीं इस सीरीज के लिए दोनों टीमों की तैयारी शुरू हो गई है। वहीं इस सीरीज को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने इस सीरीज को लेकर क्या भविष्यवाणी की है। रिकी पोंटिंग ने उन दो खिलाड़ियों का नाम बताया है, जो उनके मुताबिक इस सीरीज में सबसे ज्यादा रन बना सकता है। पोंटिंग ने एक भारतीय और एक ऑस्ट्रेलिया प्लेयर को इसलिए चुना है।

दरअसल, रिकी पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में बात करते हुए कहा कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में टॉप स्कोर ऋषभ पंत और स्टीव स्मिथ हो सकते हैं। पंत को अब ऑस्ट्रेलिया में खेलने का अनुभव है, जबकि स्टीव स्मिथ पहले से ही ऑस्ट्रेलिया के स्टार खिलाड़ी हैं, और उन्हें अपनी परिस्थितियों का अंदाजा है। पोंटिंग ने कहा कि, मुझे लगता है कि स्मिथ, ये तथ्य कि वह सलामी बल्लेबाज से वापस नंबर 4 पर आ गए हैं, शायद ये महसूस कराता है कि उसके पास साबित करने के लिए और भी बहुत कुछ है। उन्हें साबित करना है कि वे नंबर चार पर बेस्ट दे सकते हैं। वहीं पंत के टीम में वापस आने और संभवत: मध्य क्रम में बल्लेबाजी करने के साथ जब गेंद की चमक और कठोरता थोड़ी कम हो जाती है और वह जिस फॉर्म में है, मैं उसे लीडिंग रन स्कोरर के रूप में भी चुनूंगा। पोंटिंग ने आगे बताया कि इस सीरीज को कौन जीतने वाला है। हालांकि, इसकी भविष्यवाणी वे पहले ही कर चुके हैं और उसी प्रीडिक्शन पर अभी भी टिके हुए हैं। पोंटिंग के अनुसार वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जाने वाली इस सीरीज में ऑस्ट्रेलिया 3-1 से जीत दर्ज करेगी। पोंटिंग ने भारत की गेंदबाजी को लेकर कहा कि, शमी के कारण से उस गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है।

# डेविड वॉर्नर सिडनी थंडर्स के नए कप्तान

## क्रिस ग्रीन को रिप्लेस करेंगे; 12 दिन पहले क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बैन हटाया था

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर बिग बैश लीग के अगले सीजन के लिए सिडनी थंडर्स के नए कप्तान बनाए गए हैं। वे क्रिस ग्रीन की जगह लेंगे। यह जानकारी बुधवार रात फ्रेंचाइजी ने दी। वॉर्नर 2011 में इस फ्रेंचाइजी की कप्तानी कर चुके हैं।

12 दिन पहले 25 अक्टूबर को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के कंडक्ट कमीशन ने वॉर्नर के ऊपर से लाइफ टाइम कप्तानी का बैन हटाया था। वे साल 2018 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में बॉल टेम्परिंग करने के लिए बैन किए गए थे। बॉल टेम्परिंग मामले में वॉर्नर के अलावा बॉल टेम्परिंग मामले में स्टीव स्मिथ और कैमरून बैनक्रॉफ्ट भी दोषी पाए गए थे, जिन्हें एक-एक साल के लिए क्रिकेट से बैन कर दिया गया था। उन्होंने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से बैन वापस लेने की अपील की थी।

थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मैं शुरू से ही टीम का हिस्सा था और अब अपने नाम के आगे सी लगाकर वापस आना शानदार




लगता है। मैं फ्रेंचाइजी को लीडर करने और युवाओं के साथ अनुभव साझा करने के लिए एक्साइटेड हूं।

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद को चैंपियन बना चुके हैं वॉर्नर डेविड वॉर्नर अपनी कप्तान में सनराइजर्स हैदराबाद को इंडियन प्रीमियर लीग में चैंपियन बना चुके हैं। एसआरएच ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 8 रन से हराकर 2016 के सीजन का टाइटल जीता था। 17 दिसंबर को एडिलेड स्ट्राइकर्स से पहला मुकाबला सिडनी थंडर की टीम 17 दिसंबर को अपने अभियान का आगाज करेगी। टीम इस सीजन का पहला मुकाबला कैनबरा में एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ खेलेगी। फ्रेंचाइजी लीग में सिर्फ एक खिताब जीत सकी है। टीम ने 2015-16 के सीजन में मेलबर्न स्टार्स को हराकर टाइटल जीता था।

# आईपीएल 2025 मेगा ऑक्सन से अर्शदीप सिंह ने कर दी ये हरकत, हर कोई हैरान

आईपीएल की सभी टीमों ने अक्टूबर के खत्म होते होते बीसीसीआई को अपने रिटेंशन प्लेयर्स की लिस्ट सौंप दी। जिसके बाद अब कयास लगाए जा रहे हैं कि इस महीने के आखिर में देश के बाहर रियाद में आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन का आयोजन हो सकता है। लेकिन उससे पहले ही पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी सुर्खियों में है। दरअसल, पंजाब किंग्स के पर्स में मौजूदा समय में सबसे ज्यादा 110.5 करोड़ रुपये हैं। फ्रेंजाइजी ने महज दो खिलाड़ी शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह को रिटन किया है। प्रीति जिंटा की टीम से उम्मीद थी कि वो अर्शदीप पर राइट टू मैच कार्ड खेल सकती है, लेकिन अब उसकी उम्मीदों को अर्शदीप ने खुद ही तोड़ दिया।

दरअसल, आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन से पूर्व अर्शदीप सिंह ने इंस्टाग्राम पर पंजाब किंग्स को अनफॉलो कर दिया है। दोनों पक्षों के बीच संबंध बहुत खराब हालत में प्रतीत हो रहे हैं क्योंकि अर्शदीप ने पंजाब के अकाउंट को केवल अनफॉलो ही नहीं किया बल्कि उन्होंने ऐसी हर पोस्ट को डिलीट किया है जिसमें उनका किसी भी तरीके से पंजाब किंग्स के साथ संबंध दिख रहा था।



अर्शदीप सिंह ने साल 2019 में पंजाब किग्स के लिए खेलते हुए अपना आईपीएल डेब्यू किया था। वो तब तक इस टीम के लिए 65 मैच खेले, जिनमें उनके नाम 76 विकेट हैं। हा ही में ये अफवाह भी उड़ी थी कि पंजाब का मैनेजमेंट नहीं मानता कि अर्शदीप 18 करोड़ रुपये में रिटेन होने के हकदार हैं। ये भी कहा गया कि ऑक्शन में अर्शदीप को 18 करोड़ से कम पैसे में खरीदा जा सकता है। इस कारण उन्हें रिटेन नहीं किया गया, खैर अफवाहें कुछ भी हों, लेकिन अर्शदीप ने पंजाब किंग्स को अनफॉलो करके साफ कर दिया है कि वो अगले सीजन में किसी अन्य टीम के लिए खेलते हुए नजर आ सकते हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं करते... इस भारतीय दिग्गज ने रोहित शर्मा पर साधा निशाना

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए मुश्किलों से भरी रही। इन दोनों खिलाड़ियों के ना चलने का ही नतीजा रहा है न्यूजीलैंड ने पहले ही टेस्ट में टीम इंडिया को महज 46 के स्कोर पर समेट दिया था। वहीं विराट और रोहित की इस खराब फॉर्म के बीच भारतीय दिग्गज क्रिस श्रीकांत ने बहुत बड़ा बयान दे डाला है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की 6 पारियों में 91 रन बनाने वाले रोहित शर्मा को लेकर श्रीकांत का मानना है कि हिटमैन को अब रिटायर हो जाना चाहिए।



अपने यूट्यूब शो पर क्रिस श्रीकांत ने भविष्यवाणी करके बताया कि यदि रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं करते हैं तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट से अलविदा ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि, अब सब सोचने लगे हैं कि रोहित शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं कर पाए, तो वो शायद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। रोहित ने पहले ही टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली है और टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के बाद वो सिर्फ वनडे मैचों में खेलेंगे। हमें ये भी ध्यान रखना होगा कि उनकी अब उम्र बढ़ रही है वो अब युवा नहीं रहे हैं।

वहीं क्रिस श्रीकांत ने रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली को लेकर कहा कि, कोहली ऑस्ट्रेलिया में अच्छा कमबैक करेंगे।

### विराट कोहली को अनुष्का शर्मा ने किया अनोखे अंदाज में किया विश, बेटे अकाय और बेटी वामिका की क्यूट तस्वीर की शेयर

5 नवंबर को भारतीय सलामी बल्लेबाज विराट कोहली अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर उनकी पत्नी और बॉलीवुड स्टार अनुष्का शर्मा ने उन्हें अनोखे अंदाज में बधाई दी और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर शेयर की। बता दें कि, इस तस्वीर में विराट के साथ उनका बेटा अकाय और बेटी वामिका नजर आ रहे हैं। जो की लंदन की लग रही है। हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ शर्मनाक हार के बाद टीम इंडिया और सीनियर खिलाड़ियों की हर तरफ आलोचना हो रही है।

# रील की दुनिया में मजा तो बहुत मिलता है, मगर सुख-शांति नहीं मिलती : देवदत्त पटनायक

**देवदत्त पटनायक माइथोलॉजिस्ट, ऑथर और स्पीकर हैं। उन्होंने अपनी नई किताब के बारे में बात करने के साथ-साथ ये भी बताया है कि आजकल लोग पढ़ाई से दूर क्यों होते जा रहे है। उन्होंने बताया कि अगर आप रील देखेंगे तो बच्चे भी रील ही देखेंगे। वो कहते है कि पढ़ाई के लिए जिज्ञासा की जरूरत होती है।**



**आजकल युवाओं का किताबों के प्रति इंटरेस्ट कम हो रहा है या विजुअल मीडियम की तरफ ज्यादा हो रहा है। इसे आप किस तरीके से देख रहे हैं? आपकी नजर मे इस चुनौती का क्या समाधान है?**

देखिए अगर आप किसी स्कूल जाने वाले से पूछें कि आप स्कूल क्यों जा रहे हो तो जवाब मिलता है – जॉब के लिए। हम स्कूल जिज्ञासा के लिए नहीं जाते हैं। पढ़ाई करो, पास करो, जॉब करो ये ही जिंदगी का एजेंडा बन चुका है। हमें पढ़ाई से घृणा होने लगती है। बच्चों के पढ़ने का नाम लेते ही गुस्सा आ जाता है। हमें दुनिया के सुख और भोग से प्रेम होता है। कुछ समय पहले मैं एक बुक फेयर में गया था जहां खाना भी रखा गया था। मैंने देखा कि खाना ज्यादा बिका है और किताबें बिकी ही नहीं। हर आदमी को लक्ष्मी चाहिए, वहीं सरस्वती उन लोगों को ही चाहिए, जिन्हें जिज्ञासा का महत्व समझ में आता है। रील की दुनिया में मजा तो बहुत मिलता है मगर सुख शांति नहीं मिलती। आपको सुख और शांति के लिए आध्यात्म ज्ञान चाहिए। जैसे अमीर आदमी लोग होते हैं वो भी नहीं पढ़ते हैं, वो गुरु के पास जाते हैं कि रेडीमेड कुछ ज्ञान मिल जाएगा। लेकिन उसके लिए चिंतन करना पड़ेगा। सरस्वती को आप डाउनलोड नहीं कर सकते हो। चिंतन करना, जिज्ञासा होना और फिर जाकर किताबों की तरफ जाना जरूरी है।

**जिज्ञासा नहीं होगी तो सर्च बटन में क्या डालेंगे?**

लोग बोलते हैं मेरे बच्चे पढ़ नहीं रहे हैं। क्या आप पढ़ते हो? बताओ कितनी किताबें हैं आपके पास? अगर आप नहीं पढ़ रहे हो तो आपके बच्चे क्यों पढ़ें? आप घर में टीवी देख रहे हो तो बच्चे टीवी देखेंगे। आप रील देख रहे हो, तो बच्चे वही देखेंगे। कंप्लेन करना बहुत आसान है। बाकी ज्ञान का तो सागर मौजूद है। अगर चाहिए तो सिर्फ दो मिनट में इंटरनेट पर आपको सब कुछ मिल जाता है। लेकिन जिज्ञासा नहीं होगी तो सर्च बटन में क्या डालेंगे?

**आपकी नई किताब अहिंसा अभी आई है, आपको इसका विचार कैसे आया और आपने कैसे इस पर काम किया?**

हमने हड़प्पा और सिंधु घाटी सभ्यता के बारे में तो सुना है। इस सभ्यता की खोज को 100 साल से ज्यादा हो गए हैं। उसके अलावा आजकल राखीगढ़ी और लोथल के बारे में भी चर्चा हो रही है। ये ऐसी संस्कृतियां हैं जिनके बारें में हमें ज्यादा कुछ नहीं पता। मैंने सोचा कि एक ऐसी सरल किताब होनी चाहिए जिससे हमें इस सब के बारे में जानकारी मिले।

**क्या हड़प्पा सभ्यता को माइथॉलजी से जोड़कर देखा जा सकता है?**

ये माइथॉलजी ही है, क्योंकि माइथॉलजी जी का मतलब है लोगों को, दुनिया को देखने का तरीका। हम कैसे देखते हैं और उसे कथा के रूप में व्यक्त करते हैं। जैसे जैन लोग अपनी दुनिया को, अपने ब्रह्मांड को कथाओं के द्वारा व्यक्त करते हैं। मेरी किताब तीर्थंकर में मैंने इस बारे में बात की है। लेकिन हड़प्पा सभ्यता एक बहुत ही विचित्र सभ्यता है। इसके बारे में हमें ज्यादा पता नहीं है, वहां रहने वाले लोग कौन थे, उनके क्या विचार थे। मैंने देखा कि हड़प्पा के केस में कथा तो नहीं है लेकिन आर्ट और आर्किटेक्चर को देखकर हम एक अनुमान लगा सकते हैं कि वे लोग क्या सोचते थे। सबसे बड़ी बात है कि यह अहिंसावादी सभ्यता है। क्योंकि यहां पर युद्ध का एक भी सबूत नहीं मिला है और ना ही हथियारों के कोई अवशेष। इसी समय जब हम मिस्त्र, मेसोपोटामिया या इराक की सभ्यताओं को देखते हैं, वहां पर बहुत हिंसा होती है। इसके बारे में हम बात ही नहीं करते हैं कि भारत की पहली सभ्यता से हमें अहिंसा का एक छोटा चित्र मिलता है। यह बात हमारे युवाओं तक पहुंचनी चाहिए। उन्हें पता चलना चाहिए कि हजारों साल से हमारे यहां इसकी परंपरा रही है। अगर इस सभ्यता का माइथॉलजी के साथ कनेक्शन नहीं होता तो शायद मुझे इसमें इंटरेस्ट नहीं होता।

**हम माइथॉलजी में काफी समय पहले बीत चुकी घटनाओं के बारे में बात करते हैं। उस बारे में जानकारी लेने के लिए किताबें ही एक बड़ा साधन होती हैं। लेकिन जैसे आपने बताया कि प्राचीन सभ्यताओं से जुड़े अवशेषों से जानकारी जुटाई जाती है। कभी आपके मन में उन जगहों पर खुद जाकर खोज करने का विचार आया है?**

मैं कई सालों पहले लोथल गया था। वहां जाकर मैंने उस समय के कई अवशेष देखे थे। दिल्ली के म्यूज़ियम में मैंने डांसिंग गर्ल के अवशेष देखे हैं। जब हम माइथॉलजी का अध्ययन करते हैं तो केवल कथा से सारी बातें पता नहीं चलती। प्रतीकों, मूर्तियों, आर्किटेक्चर, वस्तु शास्त्र और कर्मकांड जैसे विषयों के बारे में भी बात करनी पड़ती है। ये सब देख कर ही हमें माइथॉलजी के बारे में समझ आता है। जैसे भस्म शिवजी से जुड़ा एक प्रतीक है या चंदन विष्णु जी से जुड़ा एक प्रतीक है। वैसे ही हड़प्पा सभ्यता में लोग एक ही प्रकार का पत्थर का सील बनाते थे। यह सील एक ही पत्थर, एक ही रंग और एक ही आकार का का होता था। हड़प्पा की कुछ आज भी हम इस्तेमाल करते हैं। जैसे हम बात करते हुए रत्ती भर सोने की बात करते हैं यह हड़प्पा से ही निकला है। इसके अलावा 16 आने से नापने का सिस्टम भी 4500 साल पहले सिंधु घाटी में थे। यह एक सोचने लायक बात है।

**आप लगातार अपने पाठकों को सरप्राइज करते रहते हैं। कुछ समय पहले आपने जैन धर्म पर पुस्तक लिखी। अब आप एक बिल्कुल नए टॉपिक को लेकर आए हैं। आने वाले दिनों में आप किस तरह से पाठकों को सरप्राइज करने को सोच रहे हैं?**

भारत में कहानियां बहुत सारी हैं। मुझे बौद्ध धर्म के ऊपर लिखना है, जातिवाद के ऊपर लिखना है। मुझे पशुओं और पक्षियों के बारे में लिखना है। भारत में भूगोल के साथ काफी कथाएं जुड़ी हुई हैं। जाति पुराण हैं, जो अलग-अलग जातियों की जो कथा होती है। क्षत्रियों की कहानी अलग है, ब्राह्मणों की कहानी अलग है। उत्तर भारत में जो खत्री लोग हैं उनकी कहानी बहुत अलग होती है। साउथ इंडिया में जाओ तो कुछ अलग कहानियां मिलती हैं। भारत में सरस्वती का भंडार है। मुझे युवा पीढ़ी को दिखाना है कि देखो तुम अली बाबा जैसे हो और यह एक ज्ञान की गुफा है जहां पर इतने प्रकार के रत्न हैं। इस रत्न का अनुभव करो, एंजॉय करो, सीखो और जानो कि आपके देश में क्या-क्या है।

**क्रिएटिव फील्ड के लोग चाहे वे विजुअल मीडियम में हों या राइटिंग में हों, उन सब के मन में काफी आइडिया रहते हैं। कभी कभी समय कम होने पर दिमाग में आता है कि इतनी सारी चीजें मैं कर भी पाऊंगा या नहीं। आपने ऐसा कुछ सोचा है की ये चीज पहले करनी है?**

मैं हमेशा कहता हूं कि जल्दी क्या है, हमें किसे बचाना है, घर में आग तो नहीं लगी है। यह कहानियां हजारों साल से रही हैं और हजारों साल तक रहेंगी। मैं एक-एक दिन लेकर चलता हूं। ऐसा नहीं सोचता कि मुझे कुछ खत्म करना है। यह कोई एक प्रतियोगिता नहीं है जहां मुझे जीतना है। तो मैं सोचता भी नहीं कि कितना करना है, जब तक कर सकेंगे करेंगे। तुलसीदास जी से पूछा गया कि आप तुलसी रामायण किसके लिए लिख रहे हो, पैसे तो नहीं मिल रहे हैं आपको? तो उन्होंने जवाब दिया कि वे आत्मरती के लिए लिख रहे हैं। जब हम आत्मरती के लिए काम करते हैं तो बहुत ही मजा आता है और कम चलता रहता है। लिखने का वही मजा है कि जब तक आनंद मिलेगा तब तक लिखते रहेंगे। लोगों को कुछ नया बताना काफी अच्छा लगता है।

# एक्टर्स की पसंद हर तीन महीने में बदल जाती है मुझे ज्यादा प्रोजेक्ट ऑफर नहीं होते : मानव विज

पिछले दिनों अपने वेब शो तनाव के सीजन 2 में नजर आए मानव विज के किरदार को काफी पसंद किया गया।

**आपके किरदार स्क्रीन पर काफी ईमानदार लगते हैं। इसके लिए कोई खास तैयारी करते हैं आप?**


मेरा मानना है कि चाहे मेरी एक्टिंग थोड़ी कम रह जाए। भले ही एक्टिंग के मामले में मैं 10 में से 5 ही नंबर लेकर आऊं। लेकिन मेरे पापा ने कहा था कि अपनी ईमानदारी इतनी ज्यादा बढ़ा दो कि जिससे आपको अपने आप 9 नंबर मिल जाएं। कभी-कभी आप भले ही एक अच्छे ऐक्टर हो, लेकिन आप चूक जाते हो। आप इरफान सर, नवाज या पंकज त्रिपाठी जैसा नहीं कर पाते हैं। तो जैसे कबीर फारुकी मेरा किरदार है, वो मेरा बेस्ट फ्रेंड बन जाता है। मैं उसके साथ जुड़ जाता हूं। इसलिए आपको लोगों मेरे रोल में ईमानदारी नजर आती है। जैसे मैंने कभी भी अपने रोल के लिए नकली दाढ़ी नहीं लगाई।

**तनाव के बाद फैंस आपको और कहां देख सकते हैं?**

पिछले दिनों ओटीटी पर मेरी फिल्म गांठ आई थी। इसके अलावा भी कई और चीजें पाइपलाइन में हैं। सच कहूं, तो मेरी फिल्मों और शोज के निर्माता उनकी जानकारी मुझसे छुपाकर रखते हैं। उन्हें डर रहता है कि मैं इतना बातूनी हूं कि कहीं वक्त से पहले किसी को बता ना दूं। वैसे मेरा एक और शो है, जो अगले कुछ महीनों में आ सकता है। उसमें मेरा अलग लुक और रोल देखने को मिलेगा। इसके बाद मैं एक पंजाबी फिल्म में भी काम कर रहा हूं। फिल्म का नाम मांझ है, जिसमें मैं जिमी शेरगिल के साथ काम कर रहा हूं। वह एक बहुत प्यारी फिल्म है।

**आप हिंदी सिनेमा के अलावा पंजाबी सिनेमा में भी काम करते रहते हैं?**

मेरा तो मन करता है कि मैं साल में एक पंजाबी फिल्म जरूर करूं। लेकिन एक तो मुझे इतने प्रोजेक्ट नहीं मिलते और कुछ में मैं फिट नहीं बैठता। फिर कई बार पैसे की भी बात होती है। दरअसल, जब आप लाल सिंह चड्ढा, सम्राट पृथ्वीराज और तनाव जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स में काम करते हैं, तो फैंस की उम्मीदें भी बढ़ जाती हैं। उनको लगता है कि मानव तो अच्छा काम ही करता है। इसलिए मुझे प्रोजेक्ट्स को लेकर बेहद सिलेक्टिव रहना पड़ता है। बावजूद इसके मुझे पंजाबी फिल्में करने का बहुत मन होता है। मैं किसी से पंजाबी में बातचीत करते हुए बहुत अच्छा महसूस करता हूं।



**आपने अक्षय कुमार के साथ पृथ्वीराज फिल्म की। आपने करियर शुरुआत में उनकी फिल्में देखी होंगी। फिर आपको उनके अपोजिट रोल मिला, वो कैसी फीलिंग थी?**–बहुत जबर्दस्त वाली फीलिंग थी। मुझे अक्षय कुमार पसंद हैं, आमिर खान भी अच्छे लगते हैं। मैं पर्सनली सलमान खान का भी बड़ा फैन हूं। अरबाज भाई की शादी में उन्होंने मुझसे पूछा, क्या पी रहा है। मैं उतने में ही खुश हो गया। उनकी हम दिल दे चुके सनम हमने अपने कॉलेज के दिनों में 3 बार देखी थी। लगता है कि जिनको आप पसंद करते हैं, वो आपके साथ काम भी कर रहे हैं, आपसे अच्छे से बात कर रहे हैं। कभी कभी आमिर सर हमारे लिए खाना भी लेकर आते थे। तो ये फीलिंग बहुत अच्छी होती है। बड़े सितारों के साथ काम करके अच्छा लगता है।

**लेकिन अक्षय और आमिर के साथ आपकी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा नहीं किया। तब आपको कैसा लगा था?**–सब फिल्मों की अपनी किस्मत होती है। कभी उसका चलना लिखा होता है, कई बार नहीं। आप अपना काम कर देते हो, फिर वो हिट भी हो सकती हैं और नहीं भी। जैसे कई लोगों को लाल सिंह चड्ढा थिएटर में पसंद नहीं आई। जब फिल्म ओटीटी पर आई, तो कई लोगों की ये फेवरिट फिल्म थी। मुझे नहीं लगता है कि किसी की मेहनत में कोई कमी थी।

**आप फिल्में भी करते हैं और वेब शो भी। इनमें क्या ज्यादा एंजॉय करते हैं?**–आजकल मैं ओटीटी ज्यादा एंजॉय करने लगा हूं। इनमें 10, 12 एपिसोड होते हैं, तो कहानी भी लंबी होती है।

आप किसी किरदार को अच्छे से परोस के दिखा सकते हो। लेकिन ऐसा नहीं है कि मुझे फिल्में नहीं पसंद। ऐक्टर की पसंद हर तीन महीने में बदल जाती है।

## पुष्पा 2 का ट्रेलर पटना में होगा लॉन्च, 6 शहरों में प्रमोशन के लिए अल्लू अर्जुन-रश्मिका ने कसी कमर

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा 2 रिलीज के लिए तैयार है। एक महीने बाद, आज ही के दिन ये फिल्म सिनेमाघरों में आ रही है और मेकर्स इतिहास रचने के लिए अपनी कमर कस चुके हैं। फिल्म का जोरशोर से प्रमोशन करने के लिए अल्लू अर्जुन भी मैदान में आ रहे हैं। रिपोर्ट्स बता रही हैं कि जल्द ही वो रश्मिका के साथ 6 शहरों में निकलेंगे और ये भी संभव है कि पटना में इसका ट्रेलर लॉन्च किया जाए। पुष्पा 2 को सुपरहिट बनाने के लिए मेकर्स अपनी पूरी जान झोंकने की प्लानिंग कर चुके हैं। 10 दिन बाद 15 नवंबर से अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी फिल्म को प्रमोट करेंगे और 15 दिनों तक अलग-अलग शहरों में जाएंगे। ये शहर हैं- पटना, कोच्चि, चेन्नई, बेंग्लुरु, मुंबई और हैदराबाद। पटना में फिल्म का ट्रेलर लॉन्च करने की भी प्लानिंग है, लेकिन अभी तक ऑफिशियली इसकी पुष्टि नहीं हुई है। मालूम हो कि पुष्पा 2 पहले अगस्त में रिलीज होने वाली थी, लेकिन मेकर्स ने इसे दिसंबर में खिसका दिया।

## फेमिनिजम की नकली परिभाषा गढ़ रहा ओटीटी, इस पर थोड़ी मर्यादा भी होनी चाहिए : गीतांजलि मिश्रा



सीरियल क्राइम पेट्रोल में विविधरंगी किरदारों में छाप छोड़ने वाली ऐक्ट्रेस गीतांजलि मिश्रा अब टीवी शो हप्पू की उलटन पलटन की राजेश के रूप में लोगों का दिल जीत रही हैं। वहीं, अब वह स्पोर्ट्स जैसे नए मैदान में भी उतरने जा रही हैं। गीतांजलि जल्द शुरू होने जा रही युवा बैडमिंटन लीग में एक टीम की मालकिन हैं। खेल एक ऐसा जरिया है जो हर तबके, हर राज्य, हर जाति-धर्म के लोगों को एक दूसरे से जोड़ता है। वहीं, उसमें महारत हासिल कर लें तो आप देश का गौरव भी बढ़ा सकते हैं। इसलिए, ऐक्टिंग के क्षेत्र में होने के बावजूद मुझे खेल से जुड़ने का मौका मिला, तो मैंने देर नहीं की। यह कहना है, टीवी शो हप्पू की उलटन पलटन की राजेश यानी ऐक्ट्रेस गीतांजलि मिश्रा का, जिन्होंने जल्द शुरू होने वाले युवा बैडमिंटन लीग की एक टीम खरीदी है। इस लीग से उर्वशी ढोलकिया, उपासना सिंह, दीपशिखा नागपाल, आस्था चौधरी जैसी एक्ट्रेसेस भी जुड़ी हैं। इस लीग से जुड़ने को लेकर गीतांजलि बताती हैं, बैडमिंटन ऐसा खेल है, जो हम सभी ने खेला है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक, हर उम्र के लोग आपको बैडमिंटन खेलते देखेंगे। इस लीग में छोटी-छोटी जगहों के खिलाड़ियों को तलाश कर मौका दिया जाएगा, उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि आईपीएल की तरह ये खिलाड़ी भी आगे देश का नाम रोशन करें। ऐसे में, जब मुझे इस लीग में एक टीम खरीदने का मौका मिला तो मुझे लगा कि इससे जुड़ना चाहिए। मेरे हिसाब से समाज के लिए कुछ योगदान करने का इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता।

### पचासों वेब सीरीज रिजेक्ट कर चुकी हूं

छोटे पर्दे पर क्राइम पेट्रोल, नागिन 3, कुंडली भाग्य जैसे कई मशहूर शोज सहित अनुराग बसु की चर्चित फिल्म लूडो का हिस्सा रहीं गीतांजलि बीते दिनों कई म्यूजिक विडियोज में भी नजर आईं। वह बताती हैं, मैं कलाकार हूं, खुद को हर तरह से एक्सप्लोर करना चाहती हूं। इसलिए, मैंने अनूप जलोटा जी के साथ भजन का एल्बम किया। फिर, हरियाणा के मशहूर गायक एमडी देसी रॉकस्टार के साथ दुनाली और जोड़ी किया, जो बहुत हिट हुआ। वहीं, सुभाष फौजी के साथ हरियाणवी गाना हवा गाम की दिल को छू जाने वाला गाना रहा। लेकिन इन दिनों ज्यादातर टीवी ऐक्टर्स का पसंदीदा प्लेटफॉर्म बन चुके ओटीटी को लेकर गीतांजलि की राय थोड़ी जुदा है। बकौल गीतांजलि, मैंने ओटीटी पर विरोध और कफस जैसी वेब सीरीज की हैं पर मेरी अपनी एक मर्यादा है। मैंने अपने लिए कुछ रेखाएं खींच रखी हैं, जिसके परे मुझे नहीं जाना है और दुर्भाग्य से ओटीटी पर जिस तरह का कंटेंट बन रहा है, उसे लेकर मैं सहज नहीं हूं। ओटीटी पर फेमिनिजम के नाम पर औरतों की डिजायर की जो परिभाषा गढ़ी जा रही है, मेरे हिसाब से वह नकली फेमिनिजम है। डिजायर केवल सेक्स की नहीं होती है। इसलिए, मैं पचासों वेब सीरीज रिजेक्ट कर चुकी हूं। हमारे यहां फिल्मों पर सेंसरशिप है, लेकिन ओटीटी पर नहीं है जो कि होनी चाहिए। मुझे लगता है कि थोड़ी सी मर्यादा वहां भी होनी चाहिए। यही कारण है कि मैं इस मामले में थोड़ी पीछे हूं।

### मां ने मुझे वैसे रोल में देखना बंद कर दिया

गीतांजलि लंबे समय तक क्राइम पेट्रोल में अलग-अलग रोल करती रही हैं। वह बताती हैं कि उन्हें कई बार शो में नेगेटिव किरदारों के लिए उलाहने सुनने को मिले हैं। लेकिन क्या इन अपराध की कहानियों को करते हुए कभी वह खुद प्रभावित हुईं? इस पर उन्होंने बताया, एक कहानी थी रीटा गोम्स की। वह एक तलाकशुदा कैथलिक महिला थी, जिसके दो बच्चे थे। उसके साथ कार में गैंग रेप हुआ था। चूंकि, वह ऐसे कल्चर से थी, जहां स्कर्ट पहनना या बियर पीना आम बात है, पर कोर्ट में बार-बार यही कहा गया कि एक कार में पांच लोग हैं तो वहां एक महिला के साथ रेप कैसे हो सकता है? फिर, एक तलाकशुदा, दो बच्चों की मां को रेस्त्रां में जाकर बियर पीने की क्या जरूरत है? मैंने इसमें रीटा गोम्स का रोल किया था और इसका असर एक-डेढ़ महीने तक मुझ पर रहा। सिर्फ मुझ पर नहीं, मेरी मम्मी पर भी था। उसके बाद उन्होंने ऐसी कहानियां देखना बंद कर दिया।

### प्यार से बहुत ऊपर उठ चुके हैं

अपने शो हप्पू की उलटन पलटन में नौ बच्चों की मां की भूमिका निभा रहीं गीतांजलि निजी जिंदगी में अपनी दिवंगत बहन के दो बच्चों की परवरिश का दायित्व भी उठा रही हैं। इसके लिए उन्होंने शादी ना करने तक का फैसला लिया है। लेकिन क्या प्यार के दस्तक देने पर भी वह खुद को रोककर रखेंगी? यह पूछने पर गीतांजलि कहती हैं, देखिए, प्यार से हम बहुत ऊपर उठ चुके हैं। वो जो अंधा प्यार होता है, उस उम्र से बाहर आ चुके हैं। अब मैं अकेली नहीं हूं, मेरे साथ तीन लोग हैं। वैसे, आर्थिक रूप से मुझे किसी पार्टनर या सहारे की जरूरत नहीं है, पर इमोशनल लेवल पर कभी-कभी यह सोच आती है कि मम्मी हैं, बच्चे बड़े हो रहे हैं, उसके बाद क्या! और इसका अहसास मम्मियां ज्यादा कराती हैं। हमारी परवरिश भी ऐसी होती है कि हम बहुत सी भावनाएं मां या बच्चों से शेयर नहीं कर सकते। मेरी मां कहती रहती हैं कि मेरे बाद क्या? बच्चों की कल अपनी दुनिया होगी तो आपको लगेगा कि मेरा क्या? तो मैं कहती हूं कि जब वो समय आएगा तब देखेंगे (हंसती हैं)।

# रणबीर कपूर स्टारर रामायण का पहला पोस्टर जारी

## दिवाली 2026 और 2027 में रिलीज होगी फिल्म, प्रोड्यूसर ने किया कंफर्म




फिल्ममेकर नितेश तिवारी की मच अवेटेड फिल्म रामायण की ऑफिशियल अनाउंसमेंट कर दी गई है। फिल्म दो पार्ट में रिलीज होगी। पहला पार्ट 2026 और दूसरा पार्ट 2027 में दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। बता दें, इस फिल्म में भगवान राम के रोल में रणबीर कपूर और सीता मां के रोल में साई पल्लवी कास्ट की गई हैं। वहीं रावण के रोल में यश देखे जाएंगे।

**फिल्म का पहला पोस्टर :** फिल्म का पहला पोस्टर शेयर करते हुए प्रोड्यूसर नमिल मल्होत्रा ने लिखा- मैंने इस महाकाव्य को बड़े पर्दे पर लाने के लिए एक महान खोज शुरू की थी। जिसने 5000 वर्षों से अधिक समय तक अरबों दिलों पर राज किया है। मैं इसे खूबसूरती से आकार देते हुए रोमांचित हूं। हमारी टीम का केवल एक ही उद्देश्य है: हमारे इतिहास, हमारी सच्चाई और हमारी संस्कृति- हमारे रामायण का सबसे प्रामाणिक, पवित्र रूप दुनियाभर के लोगों के सामने पेश करना। हमारे साथ जुड़ें क्योंकि हम अपने महानतम महाकाव्य को गर्व और श्रद्धा के साथ जीवंत करने के अपने सपने को पूरा कर रहे हैं।

# फिल्मों से रिटायर होने का मन नहीं, शुरुआत में बालों को लेकर काफी सहा, बस एक मौका चाहिए था जो सारांश से मिला : अनुपम खेर

अनुपम खेर ने 1984 में फिल्म सारांश से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। अब तक वह 500 से ज्यादा फिल्मों में काम कर चुके हैं। हाल ही में अनुपम ने फिल्मों से अपने रिटायरमेंट को लेकर बात की। उन्होंने कहा अभी उनका रिटायर होने का कोई मन नहीं है। वह नहीं चाहते कि लोग उन्हें किसी खास उम्र या फिर श्रेणी में गिनें। दरअसल, अनुपम खेर की फिल्म विजय 69 ओटीटी पर 8 नवंबर को रिलीज होगी। इस फिल्म के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा ये फिल्म एक साहसी पूर्व स्विमिंग कोच की कहानी है, जो 69 साल की उम्र में एक ट्रायथलॉन में रिकॉर्ड तोड़ने की चुनौती स्वीकार करता है।

अनुपम खेर ने कहा, 'जब लोग मान लेते हैं कि यह उम्र रिटायरमेंट की है और आपको वेटरन, लीजेंड जैसे टैग्स दे देते हैं। साथ ही लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी देते हैं, तो वे सोचते हैं कि अब आप आराम से रिटायर हो जाएंगे। लेकिन मैं हमेशा इसका विरोध करता हूं, क्योंकि कौन होता है यह तय करने वाला कि मुझे अपनी जिंदगी में क्या करना चाहिए?' अनुपम ने कहा, मैंने बचपन से ही फिल्मों में आने का सपना देखा था और कभी उसे छोड़ना नहीं चाहा। 28 साल की उम्र में मेरे पास खोने के लिए कुछ नहीं था, क्योंकि मेरे बाल तक गिर चुके थे! यह बात मेरे लिए ज़्यादा मायने रखती थी, बजाय इसके कि मैं ड्रामा स्कूल का गोल्ड मेडलिस्ट था। जब भी मैं किसी ऑफिस जाता, वे कहते, गोल्ड मेडल का क्या करेंगे, आपके तो बाल ही नहीं हैं। आप लेखक या सहायक निर्देशक बन जाइए। लेकिन मुझे पता था कि मुझे सिर्फ एक मौका चाहिए, और मैं उसे साबित कर दूंगा। मुझे वह मौका सारांश फिल्म से मिला। अनुपम खेर ने आगे कहा, जब मैं 1984 में फिल्मों में आया था, तो लोग हैरान थे कि मैं 28 साल का था और 65 साल के आदमी का रोल कर रहा था। लेकिन मुझे पता था कि अगर मैंने यह सही तरीके से किया, तो मुझे अगले 40 साल तक काम मिल सकता है। हीरो-हीरोइन के जो स्टैंडर्ड हैं, उन्हें तोड़ने के लिए आपको आत्मविश्वास चाहिए। आपको असफलता का डर नहीं होना चाहिए, क्योंकि डर ही आपको औसत बना देता है। अनुपम खेर की मानें तो मुंबई एक ऐसी जगह है जहां हर किसी को एक मौका मिलता है। बस आपको तैयार रहना चाहिए। उन्हें भी बहुत रिजेक्शन मिले हैं। 1983 में उनके पास किराया देने के लिए पैसे नहीं थे। उनका परिवार एक कमरे में रहता था। मकान मालिक ने उनका सामान बाहर रख दिया था। शाम तक उन्हें किराया देना था। वह एक प्रोड्यूसर के पास गए तो जैसा-जैसा उसने कहा एक्टर ने किया, लेकिन फिर भी साइनिंग अमाउंट हाथ में देते हुए एक दम वापस खींच लिया। यह




## एक्स गर्लफ्रेंड सोमी ने सलमान पर लगाए मारपीट के आरोप : सोशल मीडिया पर लिखा- फिजिकल और वर्बल एब्यूज को बढ़ावा नहीं देती, इसलिए इंडस्ट्री छोड़ी

सलमान खान की एक्स गर्लफ्रेंड सोमी अली लगातार उन पर सोशल मीडिया और मीडिया इंटरव्यू के जरिए आरोप लगा रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने कहा है कि रिलेशनशिप के दौरान सलमान खान हर रोज उनके साथ मारपीट करते थे। साथ ही एक्ट्रेस ने कहा है कि वो बॉलीवुड में वापसी करना चाहती थीं, लेकिन सलमान को डर था कि इससे उनकी सच्चाई बाहर आ जाएगी। हाल ही में सोमी अली ने रेडिट पर आस्क मी एनिथिंग सेशन रखा था, जिसमें उनसे सलमान और करियर से जुड़े कई सवाल पूछे गए थे। एक यूजर ने उनसे पूछा कि उन्होंने बॉलीवुड क्यों छोड़ा। इसके जवाब में सोमी ने लिखा है, मैं सलमान के वन नाइट नहीं 8 नाइट स्टैंड्स से थक चुकी थी। साथ ही मैं इस को बढ़ावा नहीं देती थी कि कोई मुझे हर रोज फिजिकली और वर्बली एब्यूज करे। मैं इंडस्ट्री छोड़ी क्योंकि मेरे साथ जो बॉयफ्रेंड था वो किसी ऐश नाम की लड़की के साथ था। मैं उनके 8 नाइट स्टैंड्स से थक चुकी थी। मैंने अपनी पढ़ाई भी पूरी कर ली थी।

इसी सेशन में सोमी से पूछा गया कि क्या वो कभी बॉलीवुड में वापसी करेंगी। इस पर सोमी ने कहा है, मुझे कई बार अप्रोच किया गया है, लेकिन एक्स बॉयफ्रेंड ने मुझे इसलिए ब्लॉक किया क्योंकि उसे डर था कि मैं उसे एक्सपोज कर दूंगी और लोगों को पता चल जाएगा कि वो असल में क्या हैं। सोमी से पूछा गया था कि क्या कभी उन्हें फिल्म इंडस्ट्री छोड़ने पर पछतावा होता है। इस पर सोमी ने कहा है, हां, मुझे अप्रोच किया गया था। यहां तक कि मुझे मुंबई में दो फिल्मों के लिए पैसे भी दिए गए थे, लेकिन ये सलमान को पता चल गया और मुझे वो पैसे वापस करने पड़े। उसने मेरे सभी दोस्तों और मैं बॉलीवुड में जिस किसी को भी जानती थी उनसे मुझसे कॉन्टैक्ट खत्म करने को कहा। सलमान की फैन थीं सोमी, क्रश के लिए फ्लोरिडा से भारत आईं बताते चलें कि 1975 में पाकिस्तान में जन्मीं सोमी अली की परवरिश विदेश में हुई थी।

दिमाग ठंडा हो तो फैसले गलत नहीं होते,
और भाषा मीठी हो तो अपने दूर नहीं होते!

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जाति जनगणना जरूर होगी : राहुल गांधी

## कहा- हम आरक्षण में 50% की दीवार भी तोड़ेंगे; महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार करेंगे

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर (एजेंसी)।** राहुल गांधी ने कहा, देश में जाति जनगणना होगी और इससे दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। जाति जनगणना से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। सभी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी शक्ति है और हमारी भूमिका क्या है। जाति जनगणना विकास का प्रतिमान है। उन्होंने कहा कि हम 50% (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे। राहुल बोले- हमें देश को बताना होगा कि हम देश में हाशिए पर पड़े 90% लोगों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए लड़ रहे हैं।

हम हर सम्मेलन में अंबेडकर जी, गांधी जी, साहू महाराज जी समेत कई महान लोगों के बारे में बात करते हैं। लेकिन सच्चाई ये है कि जब हम इनकी बात करते हैं तो सिर्फ एक व्यक्ति की बात नहीं होती। क्योंकि इन महापुरुषों की बातों में भी करोड़ों लोगों की आवाज रहा करती थी। वे जब बोलते थे तो दूसरों का दुख, दर्द उनके मुंह से निकलता था। जब आप अंबेडकर की किताबें पढ़ेंगे तो साफ दिखेगा कि वे अपनी नहीं, दूसरों की बात कर रहे हैं। अंबेडकर, गांधी जी ने कभी अपना दर्द नहीं देखा, वे सिर्फ लोगों के दर्द की बात करते हैं। जब हिंदुस्तान ने अंबेडकर जी से संविधान बनाने के लिए कहा, तो इसका मतलब था- संविधान में देश के करोड़ों लोगों का दर्द और उनकी आवाज गूंजनी चाहिए। संविधान के पीछे की सोच हजारों साल पुरानी है। इसमें जो लिखा है, वही भगवान बुद्ध, महात्मा गांधी, फुले जी जैसे अनेक महापुरुषों ने कही है। इसमें लिखा है कि सभी के बीच समानता होनी चाहिए, हर धर्म, हर भाषा, हर जाति का आदर होना चाहिए।

संविधान से ही सरकार की अलग-अलग संस्थाएं बनती हैं। अगर संविधान नहीं होता तो इलेक्शन कमीशन भी नहीं बनता। संविधान से हिंदुस्तान का एजुकेशन सिस्टम, आईआईटी, आईआईएम, प्राइमरी एजुकेशन सिस्टम, सेकेंडरी एजुकेशन सिस्टम बना है। अगर ये हट गया तो आपको एक पब्लिक स्कूल, पब्लिक अस्पताल, पब्लिक कॉलेज नहीं मिलेगा।

जनता की बात सुनते वक्त मेरे पास एक छोटी सी आवाज आई- जातिगत जनगणना। लेकिन फिर धीरे-धीरे ये आवाज बड़ी हो गई। इसे हमने जातिगत जनगणना का नाम दिया है, पर इसका असली मतलब न्याय है। मेरी सोच है कि बिना शक्ति और धन के आदर का कोई मतलब नहीं है।



### राहुल का आरोप- आरएसएस-बीजेपी संविधान पर छिपकर हमला करते हैं

राहुल गांधी ने क हा-डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने जो संविधान बनाया, वह केवल एक किताब नहीं है, बल्कि जीवन जीने का तरीका है। आरएसएस और भाजपा के लोग जब संविधान पर हमला करते हैं, तब वे देश की आवाज पर हमला कर रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस संविधान पर सीधा हमला नहीं कर सकता। अगर वो इसके खिलाफ आगे आकर लड़े, तो 5 मिनट में हार जाएगा। राहुल ने तंज कसते हुए कहा कि आरएसएस और बीजेपी विकास, प्रगति और अर्थव्यवस्था, जैसे शब्दों के पीछे छिपकर हमला करने आते हैं।

# आज पटना में होगा शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार

## घर पर दर्शन के लिए रखी गई पार्थिव देह, सीएम नीतीश ने दी श्रद्धांजलि

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर पटना के राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर लाया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार पटना के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ होगा। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार शाम शारदा सिन्हा के राजेन्द्र नगर स्थित घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। मंगलवार रात दिल्ली एम्स में शारदा सिन्हा का निधन हो गया। वे 72 साल की थीं। छठ के गाए उनके गीत बेहद मशहूर हुए और इस पर्व के पहले ही दिन उन्होंने अंतिम सांस ली।

दिल्ली एम्स ने बताया कि सेप्टिसीमिया (ब्लड इंफेक्शन) की वजह से शारदा सिन्हा की मौत हुई। 26 अक्टूबर को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। 3 नवंबर को हालत में सुधार होने पर प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया गया। लेकिन 4 नवंबर की शाम उनका ऑक्सीजन लेवल गिरने लगा, इसके बाद से वे वेंटिलेटर पर थीं। शारदा सिन्हा के निधन पर पीएम मोदी ने कहा- उनके (शारदा) गाए मैथिली और भोजपुरी के लोकगीत कई दशकों से बेहद लोकप्रिय रहे हैं। महापर्व छठ से जुड़े उनके गीतों की गूंज भी सदैव बनी रहेगी।

### बिहार में दूसरा शारदा सिन्हा जन्म नहीं ले सकती

शारदा सिन्हा के लिए मैथिली और भोजपुरी गीत लिखने वाले हृदय नारायण झा ने कहा कि अब बिहार में दूसरा शारदा सिन्हा जन्म नहीं ले सकती। शारदा सिन्हा ने छठ गीतों और विवाह के गीतों में अपनी गायिकी का जो लोहा मनवाया है, वह इतिहास के पन्नों में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। शारदा सिन्हा ने छठ के गीतों में मिठास घोलकर इतिहास रचा है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

# महायुति का विजन महाराष्ट्र 2029, शिंदे की 10 गारंटी

## किसानों का लोन माफ, 25 लाख नौकरियां, छात्रों को 10 हजार रुपए महीने का वादा

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के सीएम ने महायुति गठबंधन के घोषणा पत्र के 10 प्रमुख वादों का ऐलान किया। मंगलवार को कोल्हापुर में जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि विजन महाराष्ट्र 2029 के लिए सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर इन वादों को पूरा किया जाएगा। शिंदे ने कहा कि महायुति का पूरा घोषणा पत्र आने वाले दिनों में सार्वजनिक किया जाएगा। इस दौरान महाराष्ट्र के दोनों डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार भी मौजूद थे। महाराष्ट्र में सिंगल फेज में 20 नवंबर को वोटिंग है और 23 नवंबर को रिजल्ट घोषित होगा। प्रमुख वादों में लाड़ली बहन योजना की राशि 1500 से बढ़ाकर 2100 करना, बिजली बिलों में 30% तक की कमी, वृद्धावस्था पेंशन की राशि 1500 से 2100 रुपए करना, 25 लाख नौकरियां देने का वादा शामिल है।

शिंदे बोले- कांग्रेस खटाखट करती रही, एक रुपया नहीं दिया, हमने पटापट पैसे डाले 2 नवंबर को एकनाथ शिंदे ने न्यूज एजेंसी एएनआई को इंटरव्यू दिया था। उन्होंने कहा था- मेरी लाडली बहना से पूछिए कि क्या उन्हें 1500 रुपए से फायदा हो रहा है। मैं एक गरीब किसान परिवार से हूं। मैंने गरीबी देखी है। मैं सोचता था कि जब भी सत्ता मिलेगी, माताओं- बहनों और किसानों के लिए कुछ करूंगा।

शिंदे ने फ्रीबीज के मुद्दे को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि कुछ लोग खटाखट-खटाखट करते रह गए, लेकिन उन्होंने एक भी रुपया नहीं दिया। हमारी सरकार पटापट-पटापट पैसे डालती है। उन्होंने कहा था कि विपक्षी मुझे केंद्र सरकार की कठपुतली समझते हैं। सत्ता मिलते ही मैंने दोनों डिप्टी ष्टरू को बताया कि माताओं और बहनों के लिए क्या करना है।

# हिमाचल में संजौली मस्जिद फैसले पर स्टे देने के इनकार

## 11 नवंबर को होगी सुनवाई; याचिका की मैंटेनेबेलिटी को लेकर उसी दिन फैसला

बढ़ता राजस्थान

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल की राजधानी शिमला की संजौली मस्जिद में अवैध निर्माण मामले में आज जिला कोर्ट चक्कर में सुनवाई हुई। ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेशनाइजेशन ने संजौली मस्जिद को गिराने के नगर निगम आयुक्त के 5 अक्टूबर के फैसले पर स्टे की मांग की थी। अदालत में लोकल रेजिडेंट की ओर से पेश हुए वकील ने इसका विरोध किया। इस पर कोर्ट ने एमसी आयुक्त से कुछ रिकॉर्ड मांगा और 11 नवंबर के लिए अगली सुनवाई तय की है। उसी दिन याचिकाकर्ता के साथ साथ लोकल रेजिडेंट और जो लोग इस केस में पार्टी बनना चाहते हैं, उन्हें भी सुना जाएगा। उसी दिन एमसी आयुक्त के फैसले को चैलेंज करने वाली याचिका की मैंटेनेबेलिटी को लेकर भी फैसला होगा।

### आयुक्त कोर्ट के फैसले को बताया डिफैक्टिड

ऑल हिमाचल मुस्लिम ऑर्गेनाइजेशन प्रमुख नजाकत अली ने एमसी आयुक्त के 5 अक्टूबर के फैसले को जिला कोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में कहा गया कि एमसी आयुक्त कोर्ट का फैसला डिफैक्टिड है। उन्होंने यह फैसला संजौली मस्जिद कमेटी द्वारा दिए हलफनामे के आधार पर सुनाया है। नजाकत अली ने दावा किया कि उन्होंने मस्जिद बनाने के लिए पैसा दिया था। इसलिए वह भी पीड़ित पक्ष है। उन्हें सुना जाना चाहिए और मस्जिद की तीन मंजिल गिराने के फैसले पर स्टे दिया जाए। उन्होंने दावा किया कि संजौली मस्जिद कमेटी रजिस्टर नहीं है। ऐसे में उसके अध्यक्ष मोहम्मद लतीफ की ओर से दिया गया हलफनामा सही नहीं है।

### 5 अक्टूबर को आया था नगर निगम आयुक्त कोर्ट का फैसला

संजौली मस्जिद मामले में नगर निगम आयुक्त शिमला कोर्ट ने बीते 5 अक्टूबर को फैसला सुनाया था। कोर्ट ने मस्जिद की 3 अवैध मंजिल हटाने के आदेश दिए थे। इसके बाद मस्जिद कमेटी ने अवैध हिस्से को हटाने का काम भी शुरू कर दिया है। मस्जिद की एटिक को हटाने का काम लगभग पूरा हो गया है। इस बीच मुस्लिम पक्ष ने मामले को जिला अदालत में चुनौती दी है।

### हाईकोर्ट ने 8 सप्ताह में मामले को निपटाने के आदेश दिए

वहीं, लोकल रेजिडेंट ने 21 अक्टूबर को एक याचिका हाईकोर्ट में डाली और जल्दी फैसला सुनाने के निर्देश देने का आग्रह किया। इस पर हिमाचल हाईकोर्ट ने भी नगर निगम शिमला आयुक्त को 8 सप्ताह के भीतर केस निपटाने के आदेश दिए। इन आदेशों के अनुसार, एमसी आयुक्त को 20 दिसंबर तक संजौली मस्जिद का केस निपटाना है। मगर इस बीच निगम आयुक्त के फैसले को जिला कोर्ट में चैलेंज किया गया है।

# राइजिंग राजस्थान में 28,058 करोड़ के एमओयू

## 6 लाख युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में देंगे रोजगार : सीएम




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान के तहत जयपुर के सीतापुरा स्थित एक निजी होटल में एजुकेशन प्री समिट का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत देशभर से निवेशकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान राजस्थान के शिक्षा, उच्च शिक्षा खेल और कौशल एवं उद्यमिता विभाग में 28 हजार 50 करोड़ 62 लाख रुपए के 507 प्री एमओयू हुए। इससे सरकारी स्कूलों में सोलर सिस्टम की स्थापना, आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लासरूम, फर्नीचर, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में डाइनिंग हॉल तैयार किया जाएगा। इसके साथ ही स्कूली छात्रों को स्वेटर, जूते उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं प्रदेश में जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थानों के विकास, स्कूलों में ब्लॉक लेवल पर खेल के स्टेडियम, ऑनलाइन परीक्षा सुविधा केंद्रों की स्थापना और लड़कियों के लिए सैनिक एकेडमी की स्थापना भी की जाएगी।

### प्राइवेट सेक्टर में 6 लाख युवाओं को देंगे रोजगार

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा- शिक्षा हमारे जीवन का प्रमुख आधार होता है। ऐसे में राइजिंग राजस्थान के तहत आज सबसे महत्वपूर्ण एमओयू हुए हैं, जो प्रदेश के युवाओं के भविष्य का निर्धारण करेंगे। शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के संकल्प-पत्र में युवाओं को प्राइवेट नौकरियों के तौर पर भी 6 लाख नौकरी देने का वादा किया गया था। हम सिर्फ राइजिंग राजस्थान के तहत ही प्रदेश के 6 लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाएंगे। पर्यटन से लेकर ऊर्जा, चिकित्सा, शिक्षा, माइनिंग हर क्षेत्र में एमओयू हुए हैं।

### जापान और जर्मनी भेजेंगे युवा

सीएम ने कहा- आने वाले समय में क्या आवश्यकता है। इसका एक एजेंसी से सर्वे करवाया जा रहा है। दूसरे देशों का सर्वे करवाने की भी जरूरत है कि वहां की क्या जरूरत है। ताकि युवाओं को मौका मिल सके। हाल ही में उनके जापान दौरे में 15,000 युवाओं को नर्सिंग क्षेत्र में रोजगार देने को लेकर एमओयू किया गया। इसी तरह जर्मनी ने एक लाख युवाओं की मांग की है। लेकिन उन्हें पहले 20 हजार युवा देने और उनके शिक्षा के मापदंड के अनुसार यहां एजुकेशन हब बनाकर एग्जाम ऑर्गेनाइज कराने को कहा है।

### निवेशकों को कहेंगे भामाशाह

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राइजिंग राजस्थान के तहत दुनियाभर से लोग राजस्थान में निवेश करनी पहुंच रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। जिसे आने वाली पीढ़ियां भी याद रखेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान में प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा में निवेश करने वाले सभी निवेशक भामाशाह के तौर पर पहचाने जाएंगे। हालांकि उच्च शिक्षा में काफी ऐसे निवेशक भी हैं, जो कॉलेज खोल वहां से आमदनी हासिल करेंगे। ऐसे में स्कूल शिक्षा में निवेश करने वाले निवेशकों को ही भामाशाह कहा जाएगा।

### मैं दोषी हुआ तो जाऊंगा जेल

इस दौरान शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा की ओर से किए गए सवालों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि जो भी लोग पेपर लीक में दोषी और अपराधी है। वह लोग जेल में जाएंगे, चाहे उसमें मेरा भी नाम शामिल क्यों ना हो। इससे पहले एजुकेशन प्री समिट के मंच पर उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा भी मौजूद रहे। जिन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आखिरी साल में राइजिंग राजस्थान के तहत एमओयू किए। लेकिन बीजेपी सरकार ने पहले ही साल में इन्वेस्टर्स को आमंत्रित किया है। ताकि एमओयू को धरातल पर उतारा जा सकें। वहीं इस दौरान मौजूद रहे खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि एजुकेशन डिग्री के लिए नहीं बल्कि लाइफ के लिए होनी चाहिए।

# तकनीकी खामी के चलते नागौर में वायुसेना के हेलिकॉप्टर की खेत में इमरजेंसी लैंडिंग

बढ़ता राजस्थान

**मेड़ता।** भारतीय वायुसेना के रूद्र हेलिकॉप्टर की नागौर के मेड़ता में इमरजेंसी लैंडिंग की गई। बताया जा रहा है कि तकनीकी खामी आने के कारण इसे जसनगर के खेत में लैंड कराया गया। तकनीकी खामी को दूर करने के बाद हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी। दरअसल, वायुसेना के दो हेलिकॉप्टर जोधपुर से जयपुर की तरफ जा रहे थे। इस दौरान एक रुद्र हेलिकॉप्टर में पायलट को हेलिकॉप्टर में कुछ गड़बड़ी दिखी, इसलिए सावधानी रखते हुए उसे लैंड कराना पड़ा। मेड़ता डीएसपी रामकरण मलिंदा ने बताया- एक्सपर्ट की टीम पहुंची। जहां तकनीकी खामी ठीक होने के बाद हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह दो हेलिकॉप्टर दिखाई दिए थे। कुछ देर बाद सवा 10 बजे एक हेलिकॉप्टर कस्बे के पास ही एक खेत में उतर गया। मेड़ता सिटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची है। साथ ही इंडियन एयरफोर्स की एक्सपर्ट टीम भी मौके पर पहुंचकर हेलिकॉप्टरमें आई तकनीकी खराबी दूर किया। इसके बाद दोपहर 2:15 बजे हेलिकॉप्टर ने फिर उड़ान भरी। रुद्र की रफ्तार अधिकतम 268 किमी प्रतिघंटा है और रेंज 550 किलोमीटर है। यह हेलीकॉप्टर लगातार 3 घंटे 10 मिनट की उड़ान भर सकता है। अधिकतम 6500



फीट की ऊंचाई तक जा सकता है। इसमें 20 mm की गन होती है, जो हवा से हवा में और हवा से जमीन पर हमला कर सकती है। इसके अलावा इसमें चार हार्डप्वाइंट्स होते हैं, जिनमें रॉकेट्स, मिसाइल और बम एक साथ लगाए जा सकते हैं।

### पहली बार 1999 करगिल युद्ध में इस हेलीकॉप्टर कमी महसूस हुई

लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर ध्रुव हेलीकॉप्टर का विकसित रूप है। पहली बार इसकी 199 कारगिल युद्ध के दौरान इसकी कमी महसूस हुई थी। हालांकि, तब इसके विकसित रूप पर काम चल रहा था। सियाचिन हो, रेगिस्तान हो, जंगल हो, या फिर 13-15 हजार फीट ऊंचे हिमालय के पहाड़ हों, इस हेलीकॉप्टर ने ट्रायल्स के दौरान भारत के हर तरह के इलाकों में उड़ान भरने की क्षमता को प्रदर्शित किया था।

# कार के लाइसेंस पर 7500 केजी व्हीकल चलाने पर रोक नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने 2017 का फैसला बरकरार रखा, कहा- यह रोजी-रोटी से जुड़ा मुद्दा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कार के लाइसेंस यानी लाइट मोटर व्हीकल लाइसेंस होल्डर्स को 7,500 किलो तक वजन वाली गाड़ियां चलाने की परमिशन दे दी है। बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई डेटा नहीं है, जो साबित करता हो कि एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस होल्डर्स देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मुद्दा एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ा है। कोर्ट ने केंद्र से कानून में संशोधन प्रक्रिया जल्द पूरी करने को भी कहा। सुप्रीम कोर्ट का फैसला बीमा कंपनियों के लिए झटका माना जा रहा है। बीमा कंपनियां हादसों में एक निश्चित वजन के ट्रांसपोर्ट व्हीकल के शामिल होने और नियम मुताबिक ड्राइवरों को उन्हें चलाने के लिए अधिकृत न होने पर क्लेम खारिज कर रही थीं। 18 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच ने इस कानूनी सवाल से जुड़ीं 76 याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की थी। प्रमुख याचिका बजाज अलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की तरफ से दाखिल की गई थी।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले की 3 खास बातें

- एलएमवी और ट्रांसपोर्ट व्हीकल अलग-अलग वर्ग नहीं हैं। दोनों के बीच ओवर लैप मौजूद है। कानून को व्यावहारिक और काम में आने योग्य बने रहना चाहिए।
- खतरनाक सामान ले जाने वाले वाहनों पर विशेष पात्रता लागू रहेगी।



- बेंच ने यह भी कहा कि सड़क हादसों के पीछे लापरवाही से और तेज स्पीड में गाड़ी चलाना, सड़क का डिजाइन और ट्रैफिक रूल्स का उल्लंघन शामिल है। इसके अलावा ड्राइविंग करते समय मोबाइल का इस्तेमाल, सीट बेल्ट न लगाना और हेलमेट न पहनना भी दुर्घटना का कारण बनते हैं।

### 2017 के एक मामले से उठा था सवाल

दरअसल यह सवाल तब उठा, जब 2017 में मुकुंद देवांगन बनाम ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड मामले में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की बेंच ने एक फैसला सुनाया था। तब कोर्ट ने कहा था- ऐसे ट्रांसपोर्ट व्हीकल, जिनका कुल वजन 7,500 किलोग्राम से ज्यादा नहीं है, उन्हें एलएमवी यानी लाइट मोटर व्हीकल की परिभाषा से बाहर नहीं कर सकते।

बीमा कम्पनियों का आरोप था कि मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल (एमएसीटी) और अदालतें एलएमवी ड्राइविंग लाइसेंस से जुड़ी उनकी आपत्तियों की अनदेखी करते हुए उन्हें बीमा दावों का भुगतान करने के लिए आदेश पारित कर रही हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com